RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 266
लखनऊ, शुक्रवार, 19 जुलाई, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

मानव महत्वाकांक्षा का कोई अंत नहीं

राष्ट्रीय-10

एनटीए 20 तक नीट-यूजी का परिणाम अपलोड करे : कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट में नीट पेपर लीक मामले की सुनवाई के दौरान कुछ छात्र तख्ती लेकर प्रदर्शन करते हुए। फोटो : रंजन डिमरी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को निर्देश दिया है कि वह इस नीट-यूजी परीक्षा के परिणाम अपनी वेबसाइट पर शहर और केंद्रवार 20 जुलाई (शनिवार) दोपहर दोपहर 12 बजे तक उम्मीदवारों की पहचान छिपाते हुए जारी करें। शीर्ष अदालत 5 मई को आयोजित प्रतिष्ठित परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोपों को रद्द करने, दोबारा परीक्षा कराने और अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर 22 जुलाई को फिर से सुनवाई शुरू करेगी।

शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि प्रश्नपत्र लीक की घटना पटना और हजारीबाग तक ही सीमित थी तथा गुजरात के गोधरा में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। पटना और हजारीबाग में प्रश्नपत्र कथित तौर पर लीक हो गए, जबकि गोधरा में दावा किया गया कि परीक्षा आयोजित कराने वाले एक व्यक्ति ने कुछ अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट भरने के लिए पैसे लिए। सोशल मीडिया टेलीग्राम पर प्रश्नपत्र लीक होने के दावों पर सवाल उठाते हुए पीठ ने कहा, आपको यह बात ध्यान में रखनी होगी कि ऐसा करने का उद्देश्य राष्ट्रीय स्तर पर दिखावा करना नहीं था। लोगों ने यह पैसे के लिए किया। इसलिए, यह परीक्षा को बदनाम करने के लिए नहीं था और कोई व्यक्ति पैसे कमाने के लिए ऐसा कर रहा था जो स्पष्ट है। बड़े पैमाने पर लीक के लिए उस स्तर पर संपर्कों की भी आवश्यकता होती है ताकि आप विभिन्न शहरों में ऐसे सभी प्रमुख संपर्कों से जुड़ सकें।

पीठ में न्यायमूर्ति जे.बी.पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। पीठ ने विवादों में घिरी राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा(नीट)-स्नातक से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि इसके सामाजिक प्रभाव हैं। न्यायालय ने नीट-यूजी से जुड़ी याचिकाओं से पहले सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई स्थगित कर दी और कहा, हम आज मामले पर सुनवाई करेंगे। लाखों युवा छात्र इसका इंतजार कर रहे हैं, हमें सुनवाई करने और निर्णय लेने दीजिए। पीठ ने याचिकाकर्ताओं से यह दिखाने के लिए कहा कि प्रश्न पत्र व्यवस्थागत तरीके से लीक किया गया और उससे पूरी परीक्षा पर असर पड़ा, इसलिए इसे रद्द करना जरूरी है। सीजेआई ने कहा, पुनः परीक्षा कराने के लिए यह ठोस आधार होना चहिए कि पूरी परीक्षा की शुचिता पर असर पड़ा है। इस मामले की जारी (शेष पेज 9)

उत्तर प्रदेश के गोंडा में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के पटरी से उतर जाने के बाद मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद स्थानीय लोग। पीटीआई

गोंडा में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के आठ डिब्बे पटरी से उतरे, दो की मौत

पायनियर समाचार सेवा। गोंडा/नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में बृहस्पतिवार को चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही ट्रेन के आठ डिब्बे मोतीगंज तथा झिलाही रेलवे स्टेशनों के बीच पटरी से उतर गए। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि इस दुर्घटना में दो व्यक्ति की मौत की खबर है। प्रदेश के राहत आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने बताया कि हादसे में 20 अन्य लोग जख्मी हुए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया और स्थानीय प्रशासन को पीड़ित यात्रियों को सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से दुर्घटना में घायल यात्रियों का सुमित इलाज भी सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के पटरी से उतरने की घटना के बाद उनकी सरकार संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है। घटना में उनके राज्य से अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। रेलवे ने एक बयान जारी कर बताया कि दुर्घटना के मद्देनजर तीन ट्रेनों को डायवर्ट रूट से चलाया जा रहा है। मार्ग परिवर्तित करने वाली ट्रेनों में 15707 कटिहार-अमृतसर आम्रपाली एक्सप्रेस, 15603 गुवाहाटी-जम्मू तवी अमरनाथ एक्सप्रेस और 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ अवध असम एक्सप्रेस शामिल हैं। (शेष पेज 9)

जम्मू में लंबी लड़ाई की तैयारी में सेना

मोहित कंडारी। जम्मू

भारतीय सेना ने ग्राउंड जीरो पर धीरे-धीरे अधिक सैनिकों को शामिल करते हुए, 'जम्मू हाइट्स' पर कब्जा करने वाले पाकिस्तानी आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए लंबी लड़ाई की तैयारी कर रही है। इस बीच, बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की एक नई कोशिश को नाकाम करते हुए सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया।भारतीय सेना ने आक्रामक रुख अपनाते हुए पहले ही हिमाचल प्रदेश की सीमा से लगे कठुआ जिले के ऊंचे इलाकों में अतिरिक्त सैनिकों को तैनात कर दिया है, ताकि घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों के भागने के रास्ते को बंद किए जा सके।

वहीं राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों में भी सैनिकों की तैनाती की समीक्षा की जा रही है, क्योंकि इस क्षेत्र में अक्टूबर 2021 से सेना के ट्रकों और गश्ती दलों पर बार-बार घात लगाकर हमला किया गया है। सुरक्षा बल कश्मीर घाटी में प्रवेश करने के पारंपरिक मार्गों को अवरुद्ध करने के लिए डोडा और किश्तवाड़ जिलों के ऊपरी इलाकों में अतिरिक्त चौकियाँ स्थापित करने पर भी विचार कर रहे हैं। विभिन्न एजेंसियों द्वारा किए गए प्रारंभिक आकलन के अनुसार, जम्मू-कश्मीर में बहुस्तरीय सुरक्षा ग्रिड वाले हिस्से में हुए हमलों के पीछे जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) आतंकवादी संगठन के प्रशिक्षित कैडर के साथ-साथ पूर्व पाकिस्तानी सेना के नियमित सैनिकों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है। इनमें से अधिकांश घात लगाकर किए गए हमलों की योजना और क्रियान्वयन एक ही कमांड संरचना के तहत किया गया था और वांछित उद्देश्य शांतिपूर्ण जम्मू क्षेत्र में आतंक व दहशत फैलाने के साथ भारतीय सुरक्षा बलों को अधिक से अधिक नुकसान पहुंचना था।

डोडा जिले के जंगल में बृहस्पतिवार को आतंकवादियों की खोज करते हुए सेना के जवान।

डोडा के डेसा वन क्षेत्र में चार सैनिकों के शहीद होने से पहले, 8 जुलाई को कठुआ के बिलावर तहसील के मछेड़ी के बदनोटा इलाके में पाकिस्तानी आतंकवादियों ने पांच सैनिकों पर घात लगाकर हमला किया था। सीमा पार से घुसपैठ की नई कोशिशों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा ग्रिड को हाई अलर्ट पर रखा गया है। इस बीच, बृहस्पतिवार को जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की एक नई कोशिश को नाकाम करते हुए सुरक्षा बलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज केरन सेक्टर, कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा पर दो आतंकवादियों को मार गिराने के साथ ही घुसपैठ की कोशिश को सफलतापूर्वक रोक दिया गया है। घुसपैठ विरोधी अभियान जारी है। डोडा में, आतंकवादियों के एक समूह द्वारा सरकारी स्कूल की इमारत पर ग्रेनेड फेंकने और अंधाधुंध गोलीबारी करने से दो सैन्यकर्मी घायल हो गए, जहां ये सैनिक रात के दौरान अस्थायी शरण लिए हुए थे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, स्कूल परिसर में सैनिकों की मौजूदगी की जानकारी डोडा के काश्तीगढ़ इलाके में आतंकवादियों के स्थानीय सहयोगियों द्वारा साझा की गई हो सकती है। रिपोर्टों के अनुसार हमला रात करीब (शेष पेज 9)

बांग्लादेश में आरक्षण पर हिंसा के बीच भारत ने जारी किया परामर्श

पायनियर समाचार सेवा। एजेंसी/नई दिल्ली/ढाका

भारत ने गुरुवार को बांग्लादेश में अपने नागरिकों और छात्रों को एक परामर्श जारी कर कहा कि वे यात्रा करने से बचें और कम से कम घरों व आवास परिसर से बाहर निकलें। यह परामर्श देश के विभिन्न हिस्सों में चल रही कोटा हिंसा के मद्देनजर जारी किया गया है, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। भारत ने किसी भी सहायता के लिए 24 घंटे चालू रहने वाले कई आपातकालीन नंबर भी जारी किए हैं। सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शनों में हिंसा फैलने से देशभर में कम से कम छह लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा के कारण सरकार ने मंगलवार देर रात बांग्लादेश

में सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ स्कूलों और कॉलेजों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया तथा छात्रों से छात्रावास खाली करने को कहा गया। भारतीय उच्चायोग ने यहां एक बयान में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा हालात को देखते हुए बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय समुदाय के सदस्यों और भारतीय छात्रों को यात्रा से बचने और अपने निवास स्थान से बाहर कम से कम आवाजाही की सलाह दी जाती है। उच्चायोग की वेबसाइट के अनुसार बांग्लादेश में लगभग सात हजार भारतीय हैं। ये झड़पें सोमवार को शुरू हुईं, जब सत्तारूढ़ अवामी लीग के छात्र मोर्चे के कार्यकर्ता प्रदर्शनकारियों के सामने आ गए। प्रदर्शनकारी इस बात पर जोर दे रहे थे कि मौजूदा आरक्षण व्यवस्था सरकारी सेवाओं में मेधावी छात्रों के नामांकन को काफी हद तक रोक रही है। प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ पार्टी की छात्र शाखा, बांग्लादेश छात्र लीग पर पुलिस के समर्थन से उनके शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन पर हमला करने का आरोप लगाया। (शेष पेज 9)

पीएम मोदी ने चुनाव के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं का बढ़ाया मनोबल

नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करते पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा।

राजेश कुमार। नई दिल्ली

उत्तर प्रदेश से राजनीतिक गतिविधियों की खबरें आने के एक दिन बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को भाजपा मुख्यालय पहुंचकर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, ताकि हाल ही में संपन्न हुए आम चुनावों में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद उनके गिरते मनोबल को फिर से उठाया जा सके। भाजपा 2014 और फिर 2019 की तरह 2024 में सरकार बनाने के लिए पार्टी के बहुमत के आंकड़े हासिल नहीं कर सकी थी। सूत्रों ने बताया कि मोदी शाम को भाजपा मुख्यालय पहुंचे और डीडीयू मार्ग पर पार्टी के विशाल परिसर में घूमे और उनमें से कई लोगों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने पार्टी कार्यकर्ताओं के कुछ कार्यालयों का भी दौरा किया और फिर एक सम्मेलन कक्ष में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों से बातचीत की।

मोदी ने उनसे बातचीत की, जिसे लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने के बाद उनके काम की सराहना के रूप में देखा जा रहा है। उनके योगदान की सराहना करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह भविष्य में भी उनसे मिलते रहेंगे। भाजपा मुख्यालय पहुंचने पर मोदी का भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने स्वागत किया। पार्टी महासचिव से जुड़े एक कार्यकर्ता ने प्रधानमंत्री के हवाले से कहा, वे हमसे मिलकर बहुत खुश हुए और हममें से कई लोगों को व्यक्तिगत रूप से पहचाना। उन्होंने कहा कि वे पिछले पांच दशकों से भी अधिक समय से कई समर्पित कार्यकर्ताओं को जानते हैं। उन्होंने पार्टी मुख्यालय के बंद परिसर में हुई कुछ घटनाओं को याद करते हुए गपशप की और चुटकुले भी सुनाए, जो पहले लुटियंस के अशोका रोड पर हुआ करता था। उन्होंने कहा कि मोदी ने उन्हें उसी जोश के साथ काम करते रहने के लिए कहा, क्योंकि भाजपा को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाने में उनका ही योगदान है। यह इशारा अभूतपूर्व नहीं है, क्योंकि मोदी ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद भी पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनका आभार जताया, जिसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना और उनके योगदान को सराहना था। अपने मजबूत कैडर-आधारित ढांचे के लिए जानी जाने वाली भाजपा शीर्ष नेतृत्व द्वारा जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से सीधे जुड़ने की परंपरा को कायम रखती है ताकि उनके प्रयासों को बल मिल सके। यह बैठक केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद हुई है। 2024 के लोकसभा चुनाव में 240 सीटें हासिल जो बहुमत से कम है और 2019 के प्रदर्शन की तुलना में 63 सीटों की कमी थी। (शेष पेज 9)

कांवड़ यात्रा : भोजनालयों पर नाम लिखने वाले आदेश पर घमासान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली/मुजफ्फरनगर

कांवड़ यात्रा के दौरान भोजनालयों पर नाम प्रदर्शित करने को लेकर राजनीतिक दलों समेत विभिन्न पक्षों से नाराजगी के बाद, मुजफ्फरनगर पुलिस ने गुरुवार को ताजा परामर्श जारी कर उनके मालिकों के नाम का बोर्ड लगाना 'स्वैच्छिक' कर दिया है। मुजफ्फरनगर पुलिस ने कहा कि उसका उद्देश्य किसी भी तरह का धार्मिक भेदभाव पैदा करना नहीं है, बल्कि मुजफ्फरनगर जिले से गुजरने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए और किसी भी अप्रिय स्थिति को रोकना है। मुजफ्फरनगर पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से कहा, श्रावण के पवित्र महीने के दौरान, कई लोग, खासकर कांवड़िये, अपने आहार में कुछ खाद्य पदार्थों से परहेज करते हैं। परामर्श में आगे कहा गया है, अतीत में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां कांवड़ मार्ग पर सभी प्रकार के खाद्य पदार्थ बेचने वाले कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के नाम इस तरह रखे कि इससे कांवड़ियों में भ्रम की स्थिति पैदा हुई और कानून-व्यवस्था की स्थिति पैदा हुई। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कांवड़ मार्ग पर खाद्य पदार्थ बेचने वाले होटलों, ढाबों और दुकानदारों से अनुरोध किया गया है कि वे स्वेच्छा से अपने मालिकों और कर्मचारियों के नाम प्रदर्शित करें, यह व्यवस्था पहले भी प्रचलित रही है।

प्रशासन द्वारा सड़क किनारे ठेले समेत खाने-पीने की दुकानों को अपनी दुकानों के आगे मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के पहले के आदेश की कड़ी आलोचना के बाद यह ताजा परामर्श जारी किया गया है। पुलिसकर्मियों ने भी आदेश का पालन कराना शुरू कर दिया है। मुजफ्फरनगर के पुलिस प्रमुख अभिषेक सिंह ने सोमवार को कहा, जिले में कांवड़ यात्रा मार्ग का करीब 240 किलोमीटर हिस्सा आता है। मार्ग पर स्थित सभी खाने-पीने की दुकानों, होटलों, ढाबों और ठेलों समेत सभी को अपने मालिकों या इन दुकानों पर काम करने वालों के नाम प्रदर्शित करने के लिए कहा गया है।विरोधियों के अलावा, भाजपा शासित उत्तर प्रदेश सरकार को (शेष पेज 9)

विवादित आईएएस अफसर पूजा खेडकर की मां जमीन विवाद में हिरासत में

पायनियर समाचार सेवा। पुणे

महाराष्ट्र के पुणे जिले की अदालत ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) सेवा की प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को 20 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने मनोरमा को जमीन विवाद को लेकर बंदूक लहराकर कुछ लोगों को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मनोरमा को रायगढ़ जिले के महाड स्थित एक लॉज से बृहस्पतिवार सुबह पकड़ा गया जहां वह छिपी हुई थी। पुलिस के मुताबिक, मनोरमा को रायगढ़ से पुणे के पौड पुलिस थाना लाया गया और औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि मनोरमा को स्थानीय अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें 20 जुलाई तक पुलिस की हिरासत में भेज दिया गया। दरअसल, एक वीडियो सामने आया था जिसमें मनोरमा पुणे के मुलशी तहसील के धडवाली गांव में भूमि विवाद को लेकर कुछ लोगों को कथित तौर पर बंदूक दिखाकर धमकाती नजर आ रही थीं। इसके बाद से पुलिस मनोरमा और उनके पति दिलीप खेडकर की तलाश में जुटी थी। पुणे में पौड पुलिस ने खेडकर दंपति और पांच अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा-323 (बेईमानी या धोखाधड़ी से संपत्ति हटाना या छिपाना) सहित अन्य धाराओं और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पुणे (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख ने इससे पहले बताया था, मनोरमा खेडकर को रायगढ़ जिले के महाड से हिरासत में लिया गया और उन्हें पुणे लाया गया, जहां औपचारिकताएं पूरी होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। (शेष पेज 9)

धोती-कुर्ता के अपमान पर बेंगलुरु के मॉल को सात दिनों के लिए बंद कराया

पायनियर समाचार सेवा। बेंगलुरु/नई दिल्ली

कर्नाटक सरकार ने भारतीय परिधान धोती, कुर्ता के अपमान पर बेंगलुरू के उस मॉल को सात दिन के लिए बंद करा दिया है, जिसने एक किसान को धोती और कुर्ता पहने होने की वजह से कथित रूप से प्रवेश की अनुमति नहीं दी थी। सरकार ने गुरुवार को इस मॉल को सात दिन तक बंद रखने का आदेश दिया। आदेश आने के कुछ समय बाद ही मॉल को बंद कराने की कार्रवाई शुरू हो गई। किसान को मॉल में कथित रूप से प्रवेश नहीं देने की घटना की विधानसभा में सभी पार्टी के सदस्यों ने कड़ी निंदा की है।

सरकार ने किसान के कथित अपमान को गरिमा और स्वाभिमान पर आघात बताया और कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहरी विकास मंत्री बी.सुरेश ने सदन को बताया, उन्होंने बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका आयुक्त से पूछा कि क्या किया जा सकता है। सरकार के पास अधिकार है। मॉल के खिलाफ कानून के तहत तुरंत कार्रवाई की जाएगी और यह सुनिश्चित करेंगे कि मॉल सात दिनों के लिए बंद रहे। समाज कल्याण मंत्री एचसी महादेवप्पा ने कहा कि यह घटना निंदनीय है। उन्होंने कहा, हर व्यक्ति के लिए आत्मसम्मान और गरिमा महत्वपूर्ण है, इसका उल्लंघन किया गया है और सरकार

कार्रवाई करेगी। यह घटना मंगलवार को उस समय हुई जब हावेरी जिले के 70 वर्षीय फकीरप्पा अपनी पत्नी और बेटे के साथ मल्टीप्लेक्स में फिल्म देखने के लिए मॉल गए थे। फकीरप्पा ने कथित तौर पर सफेद कमीज और 'पंचे' (धोती) पहन रखी थी। मॉल के सुरक्षा कर्मचारी ने कथित तौर पर उन्हें और उनके बेटे से कहा कि उन्हें 'पंचे' पहनकर अंदर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कर्मचारी से उनसे कहा कि वह पतलून पहनकर आएं। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर ने यह मुद्दा उठाया और सरकार से कार्रवाई करने को कहा। रानीबेन्नूर से कांग्रेस विधायक प्रकाश कोलीवाड ने कहा कि किसान उनके निर्वाचन क्षेत्र के तहत आने वाले गांव का निवासी है। उन्होंने कहा, किसान ने अपने सभी नौ बच्चों को पढ़ाया लिखाया है। उनका एक बेटा बेंगलुरु में एमबीए की पढ़ाई कर रहा है और बेटा अपने पिता को मॉल दिखाने ले जाना चाहता था। किसान के पहनावे के कारण उसका अपमान किया गया और मॉल को बंद कर देना चाहिए।

विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि इस तरह के मुद्दों पर सदन में पहले भी चर्चा हो चुकी है, लेकिन नतीजा क्या निकला। अध्यक्ष या सरकार को कुछ आदेश जारी करने होंगे, जिनका सचिवों और नौकरशाहों द्वारा सख्ती से पालन किया जाना चाहिए। मंत्री सुरेश ने अध्यक्ष या सदन से निर्देश मांगे ताकि सभी मॉल और क्लब राज्य की सांस्कृतिक पोशाक पहनने वालों के प्रवेश पर प्रतिबंध न लगाएं। अशोक ने इसका जवाब देते हुए कहा, आखिरकार आदेश किसके द्वारा जारी किया जाना है। आप सरकार में हैं, आप शहरी विकास मंत्री हैं, आपको आदेश जारी करना है। ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं होनी चाहिए। जब कुछ विधायकों ने सुझाव दिया कि सदन की एक समिति बनाई जाए और उसकी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाए, तो वरिष्ठ भाजपा विधायक सुरेश कुमार और अशोक ने कहा अतीत में कई समितियां बनाई गई हैं और उनकी रिपोर्ट पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अध्यक्ष या सरकार को कुछ आदेश जारी करने होंगे, जिनका नौकरशाह सख्ती से पालन करें।

वृक्षारोपण को बनाएं जनांदोलन: मुख्यमंत्री

● गांव से लेकर जिला तक के जनप्रतिनिधियों के साथ सीएम योगी ने वर्चुअली किया संवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ के संकल्प के साथ आगामी 20 जुलाई को आयोजित होने जा रहे वृक्षारोपण महाभियान के प्रति जनान्दोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष, नगर निगमों के महापौर आदि जनप्रतिनिधियों से वर्चुअली संवाद किया। वर्चुअली हुए इस संवाद कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी कार्ययोजना से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष की गर्मी, हीटवेब लंबे समय तक कोई भूल नहीं पायेगा। भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए 20 जुलाई के अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमारी धरती माता कंक्रीट के जंगलों से सुरक्षित नहीं रहेंगी, हमें उन्हें उनके मूल स्वरूप को देना होगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पर्यावरण संरक्षण के कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता में लेते हुए विगत 7 वर्ष में 168 करोड़ से अधिक पौधे रोपने का कार्य किया है। यह जानकार आपको सुखद अनुभव होगा कि थर्ड पार्टी ऑडिट में इनमें से 75-80 प्रतिशत पौधे सुरक्षित होने की पुष्टि हुई है। आगामी 20 जुलाई को एक बार पूरा प्रदेश वृक्षारोपण के महाभियान से जुड़ने जा रहा है। इस बार हमारा लक्ष्य 36 करोड़ 50 लाख पौधे लगाने का है। यह बड़ा लक्ष्य है, इसमें आपसभी की सहभागिता होनी आवश्यक है। सभी को प्रयास करना होगा। पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ के संदेश से को जन-जन को जोड़ने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृक्षारोपण महाभियान को सफल बनाने के लिए जनजागरूकता पहली आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर देशवासी को 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने की प्रेरणा दी है। उत्तर प्रदेश का हर नागरिक प्रधानमंत्री के भाव से जुड़कर इस वर्ष के 'वन महोत्सव' को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में अपना योगदान करेगा। न केवल पेड़ लगाना है, बल्कि उसकी सुरक्षा भी हमारी जिम्मेदारी है।

वृक्षारोपण के लिए सभी विभागों/निकायों को लक्ष्य दिया जा चुका है। पूरे उत्साह और उमंग के साथ वृक्षारोपण करें। वृक्षारोपण को जनांदोलन बनाएं। पीएम/सीएम आवास योजना के लाभार्थियों को सहजन का पौधा लगाने को दें। सड़कों के किनारे-किनारे व डिवाइडर पर पौधे लगाए सकते हैं। नदियों के किनारे भी उपयुक्त स्थान पर पौधे लगाए जाने चाहिए। योगी ने कहा कि हमारी ऋ षि परंपरा बताती है कि 'नास्ति मूलं अनौषधं' यानी कोई ऐसा मूल नहीं,जिससे कोई औषधि न बने। इसीलिए विविध प्रकार के पौधे लगाएं। कहीं छायादार वृक्ष हों, कहीं फलदार तो कहीं इमारती लकड़ी वाले तो कहीं औषधीय पौधे लगाएं।

हाथरस हादसे में मृत 123 लोगों के परिजनों को अखिलेश यादव ने की एक-एक लाख की मदद

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए 2 जुलाई 2024 को हाथरस में हुए दुखद हादसे में मृत 123 लोगों के शोकाकुल परिवारों को एक-एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी हैं, यह दुर्घटना ग्राम फलरई मुगल गढ़ी तहसील सिकन्द्राराऊ, हाथरस में एक सत्संग के दौरान हुई थी। हादसे में मृतकों के परिजनों को समाजवादी पार्टी द्वारा सहयोग देने के लिए जनपद हाथरस, फिरोजाबाद जाने वाले प्रतिनिधियों में रामजी लाल सुमन सांसद, अक्षय यादव सांसद, जसवंत सिंह पूर्व एमएलसी, ओमवती यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, कृष्णकन्हैया पाल राष्ट्रीय अध्यक्ष अधिवक्ता सभा, रीबू श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष महिला सभा, बृजमोहन राही पूर्व प्रत्याशी, गौरव बघेल, महेन्द्र सोलंकी, शिवराज सिंह यादव जिलाध्यक्ष फिरोजाबाद, देवेन्द्र कुमार कुशवाहा जिलाध्यक्ष हाथरस शामिल हैं।

एक लाख का ईनामी बदमाश शानू एसटीएफ के साथ मुठभेढ़ में मारा गया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एसटीएफ की बरेली यूनिट ने शाहजहांपुर में बीते बुधवार की देर रात हुई मुठभेड़ के दौरान एक लाख रुपए के ईनामी बदमाश शाहनूर उर्फ शानू को मार गिराया। शानू के ऊपर हत्या, लूट और डकैती के दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। घटनास्थल से 9 एमएम की एक पिस्टल, एक रिवाल्वर वेव्ले स्कॉट और कारतूस व हीरो हांडा स्पलेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई।

एसटीएफ को सूचना मिली कि अपराधी शाहनूर उर्फ शानू जनपद शाहजहांपुर के तिलहर, कटरा तथा मदनापुर से जलालाबाद तक अपने साथी के साथ अपराध में सक्रिय है। क्षेत्र में भ्रमण के दौरान इस बात की पुष्टि हो गयी कि शाहनूर उर्फ शानू अपने एक अज्ञात साथी के साथ तिलहर एवं जलालाबाद क्षेत्र में मोटरसाइकिल पर घूमते हुये देखा गया है। इसी क्रम में 17 जुलाई को सूचना प्राप्त हुई कि आज शाहनूर उर्फ शानू अपने एक साथी के साथ काले रंग की हीरो स्पलेण्डर से दोपहर में बरेली से तिलहर गया है, जो आज रात्रि में तिलहर से चलकर बरखेडा जयपाल होते हुये मदनापुर जाकर किसी लूट की घटना को अंजाम देने वाला है। यदि तिलहर से बरखेडा जयपाल के मध्य कहीं पर गाडाबन्दी की जाए तो शाहनूर उर्फ शानू तथा उसके साथी को असलहों के साथ गिरफ्तार किया जा सकता है। इस सूचना पर तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए टीम ने शाहजहांपुर में ग्राम बरखेडा जयपाल से ग्राम पिथनापुर के बीच नहर पुलिया पर पहुंचकर घेरा बन्दी की। थोड़ी देर बार एसटीएफ की टीम को मोटरसाइकिल पर 2 सवार आते हुए दिखायी दिए, जिन्हे रुकने को कहा गया तो एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से उतर कर भागने लगा, जिसका एक टीम द्वारा पीछा किया गया परन्तु अंधेरे का लाभ लेते हुए वह भागने में सफल रहा। दूसरे अपराधी द्वारा अपनी मोटरसाइकिल को नहर पुलिया से पश्चिम दिशा की तरफ दौडा दिया गया, जिसका एसटीएफ की दूसरी टीम द्वारा पीछा किया गया और लगातार चेतावनी देने के बाद भी वह रुका नहीं। आगे जाकर दूसरा अपराधी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने पर गिर गया व पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। अपराधी द्वारा की गयी फायरिंग के दौरान एक गोली पुलिस उपाधीक्षक अब्दुल कादिर के सिर के ऊपर से निकल गयी, जिसमें वह बाल-बाल बचे व एक गोली उनि राशिद अली के बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। एसटीएफ की ओर से की गई जवाबी फायरिंग में अपराधी शाहनूर उर्फ शानू घायल हो गया, जिस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनापुर भेजा गया। जहां से हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया। जिला अस्पताल शाहजहांपुर में डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित किया गया।

सरयू में स्नान कर सीधे रामलला के मंदिर पहुंच सकेंगे भक्त

● इसी साल बनकर तैयार हो जाएगा भ्रमण पथ, सरयू नदी से सीधे जुड़ जाएगा श्रीराम मंदिर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सरकार ने नव्य-भव्य श्रीराम मंदिर तक पहुंचने वाले जन्मभूमि पथ, रामपथ और भक्ति पथ के बाद अब भ्रमण पथ का एक चौथाई कार्य पूरा कर लिया गया है। ये भ्रमण पथ अब काशी में गंगा और विश्वनाथ धाम को जोड़ने की तर्ज पर सरयू नदी से राम मंदिर को जोड़ेगा। इसके बन जाने के बाद रामभक्त सरयू स्नान के बाद सीधे रामलला के दर्शन के लिए पहुंच सकेंगे। इस योजना पर लगभग 23.38 करोड़ रुपए खर्च हो रहा है। यह पथ सरयू नदी के घाटों से होते हुए राजघाट तक, राजघाट से भगवान श्रीराम के मंदिर तक बनाया जा रहा है। इस पथ में हेरिटेज टाइल्स, पत्थरों की परत के साथ मार्ग की दीवारों पर भगवान राम के जीवन चरित्र के प्रसंगों को पेंटिंग के माध्यम से उकेरा जा रहा है। सुंदरीकरण और जीर्णोद्धार का यह कार्य यूपी प्रॉजेक्ट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

पर्यटन विभाग की योजना है कि श्रद्धालु और पर्यटक सरयू नदी में स्नान करने के बाद कई मार्गों से मंदिर तक पहुंच सकें। इससे भीड़ का दबाव भी एक मार्ग पर कम हो जाएगा। अभी तक की योजना में राम पथ होते हुए भक्ति और जन्मभूमि पथ के जरिए श्रद्धालु और पर्यटक जा रहे हैं, लेकिन भ्रमण पथ बन जाने के बाद सरयू नदी में स्नान करने के बाद सीधे राम जन्मभूमि परिसर तक जाया जा सकेगा। जानकारी के मुताबिक इसके बीच में कुछ मीटर पंचकोसी परिक्रमा मार्ग भी पड़ता है।

भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन: अखिलेश यादव

● अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने और उन्हें शक के दायरे में लाने की है सरकार की मंशा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का वह कोई न कोई बहाना ढूंढ़ती रहती है। भाजपा का उद्देश्य समाज को बांटना और परस्पर सौहार्द को क्षति पहुंचाना होता है। भाजपा की इन्हीं विभाजनकारी नीतियों के चलते प्रदेश का सामाजिक वातावरण प्रदूषित हो रहा है। यादव ने कहा कि कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर पुलिस ने नया फरमान जारी किया है कि ठेले-ढाबे सहित सभी दुकानदार अपना नाम बाहर जरूर लिखें। इसके पीछे सरकार की मंशा अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने और उन्हें शक के दायरे में लाने की है। जिसका नाम गुड्डू, मुन्ना, छोटू या फत्ते है, उसके नाम से क्या पता चलेगा? भाजपा सत्ता का दुरुपयोग हर स्तर पर करने में कतई संकोच नहीं करती है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि वैसे भाजपा की नीति और नीयत दोनों विभाजनकारी हैं जिससे जनता पूरी तरह परिचित हो चली है। अब भाजपा की चालाकी को जनता अच्छी तरह पहचानने लगी है। वह चाहे जो हथकंडा अपना ले अब उसकी साजिशें कामयाब नहीं हो सकती है। जनता खूब समझती है कि भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था पर संकट क्यों रहता है? अखिलेश ने कहा कि कायदे स न्यायालय स्वत: संज्ञान ले और प्रशासन के पीछे के शासन तक की मंशा की जांच करवाकर, उचित कार्यवाही करे।

राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने किया पेड़ लगाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 'राजीव गांधी वृक्षारोपण' अभियान की शुरूआत की गई। जिसके तहत पूरे प्रदेश के सभी 1 लाख 62 हजार बूथों पर कांग्रेसजनों द्वारा पेड़ लगाया जाना सुनिश्चित किया गया था। गुरुवार को इसी क्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर पेड़ लगाये। इसके पश्चात सदस्य एआईसीसी, बक्शी का तालब विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी ललन कुमार द्वारा ग्राम अमरई, ब्लाक चिनहट, विधानसभा क्षेत्र बक्शी का तालाब में 'राजीव गांधी वृक्षारोपण' अभियान के तहत पेड़ लगाये गये। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्त अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय जी ने भी पेड़ लगाया। इस मौके पर अजय राय ने कहा कि विकास के नाम पर केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकारों ने लाखों पेड़ कटवा दिये हैं जिसका नतीजा यह है कि गर्मी के प्रकोप से पूरा देश एवं प्रदेश झुलस रहा है। इस यातना से निजात केवल वृक्षारोपण से ही मिल सकता है इसी क्रम में कांग्रेस पार्टी राजीव गांधी वृक्षारोपण अभियान के जरिए इस पुनीत कार्य को कर रही है। श्री राय ने कहा कि हमें ना सिर्फ पेड़ लगाने हैं बल्कि अगले तीन वर्षों तक उनका संरक्षण भी करना है।

वृक्षारोपण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष शिव पाण्डेय, प्रदेश सचिव अर्चना राठौर, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, जिला कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. शहजाद आलम, मशहूर कलाकार राजीव निगम, महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, एडवोकेट कृपाशंकर मिश्रा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सुधा मिश्रा, महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष सुशीला शर्मा, शीला मिश्रा, सचिव अनामिका यादव, वीरेन्द्र मदान, द्विजेन्द्र त्रिपाठी, सिद्धार्थप्रिय श्रीवास्तव, प्रमोद सिंह, विनोद मिश्रा, सीमा चौधरी, महताब जायसी, सलमान बशर सहित आदि कांग्रेसजन सम्मिलित रहे।

चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस हादसे के पीछे साजिश की आशंका, रेलवे ने दिए जांच के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● लोको पायलट ने कहा, हादसे से ठीक पहले सुनी धमाके की आवाज

गोंडा में चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सेप्रेस के हादसे के पीछे साजिश की भी आशंका जताई जा रही है। इसके पीछे वजह यह है कि ट्रेन के लोको पायलट के अनुसार हादसे से ठीक पहले उसने धमाके की आवाज सुनी थी। लोको पायलट की सूचना के बाद रेलवे प्रशासन ने कई एंगल पर जांच शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ट्रेन हादसे का संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए। सीएम के निर्देश पर आसपास के जिलों के सभी अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी को अलर्ट मोड पर रखा गया। एसडीआरएफ की टीम को मौके पर पहुंचकर राहत कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए गए।

पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज सिंह के अनुसार सीआरएस (कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी) की जांच कराई जाएगी। हादसे में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। छह लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सीएम योगी ने मामले का संज्ञान लिया है।

गोंडा-गोरखपुर रेलमार्ग पर मोतीगंज के रामपुर गांव के पास दोपहर करीब तीन बजे चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस की कई बोगियां पटरी से उतर गईं। इनमें पांच बोगियां पलट गई थीं। रेलवे व पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई और घायलों को अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से घायल लोगों को लखनऊ भेजा गया है। डीएम नेहा शर्मा भी मौके पर पहुंचीं। कई यात्रियों को डिब्बों से शीशे तोड़कर बाहर निकाला गया है। मनकापुर-गोंडा के बीच झिलाही स्टेशन के पास हादसा हुआ है। चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस को चला रहे लोको पायलट ने खुलासा किया है कि हादसे के पहले उन्होंने धमाके की आवाज सुनी थी। इसकी पुष्टि पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने की है। दुर्घटना की कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी जांच के आदेश दिए गए हैं। वहीं, रेल मंत्रालय ने मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख, गंभीर रूप से घायल यात्रियों के लिए ढाई-ढाई लाख और सामान्य घायलों के लिए 50-50 हजार रुपये आर्थिक सहायता की घोषणा की है।

पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ पंकज सिंह ने हादसे में दो यात्रियों के मरने की पुष्टि की है, जबकि 25 यात्री घायल हुए हैं। दो यात्रियों के पैर कट गए हैं। ज्यादातर घायल यात्री एसी कोच के हैं। जानकारी के अनुसार ट्रेन (15904) चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही थी। ट्रेन बुधवार रात 11.39 बजे चंडीगढ़ से रवाना हुई थी और गुरुवार दोपहर 2.37 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसा झिलाही स्टेशन के गोसाई डिहवा में हुआ, जिसकी अयोध्या से 30 किलोमीटर और लखनऊ से 129 किलोमीटर दूरी है। दुर्घटना में एसी के तीन कोच समेत 15 बोगियां पटरी से उतरी हैं। इसमें से पांच डिब्बे पलट गए। इस बोगी पलटकर खेत में चली गई है। असम के मुख्यमंत्री ने भी घटना का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री यहां के अधिकारियों के संपर्क में हैं। सीपीआरओ पंकज सिंह के अनुसार वहां पर रेलेवे की मेडिकल टीम पहुंची है। लखनऊ और गोंडा के लिए हेल्पालाइन नंबर जारी किए गए हैं।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैने अपना नाम NAMRATA LAHOTY से बदलकर NAMRATA MAHESHWARI कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। NAMRATA MAHESHWARI W/o Udbhav MAHESHWARI 147D, Rambagh,Prayagraj

सूचना

मैं अशोक सिंह नंबर 14687027Y, रैंक नायक यूनिट 625EME BN , ग्राम हरबंशपुर, पोस्ट बिजहरा, तहसील डेरापुर कानपुर देहात पिन 209301, का निवासी हूं। A/P 835 Fd wksp Coy EME मैं घोषणा करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में माताजी का नाम व जन्मतिथि गलती से अन्नो देवी व 04.05.1953 दर्ज हो गया है। उसके स्थान पर सही नाम अनार देवी और जन्मतिथि 5.07.1954 है। शपथ पत्र क्रमांक 78AE 971123 । दिनांक 11.07.2024

पीरामल कैपिटल एण्ड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

Piramal Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता: यूनिट नं. 601, 6वीं मंजिल पीरामल अमिटी बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कॉर्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई-400070
सीआईएन: L65910MH1984PLC032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा का पता: धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भूतल और प्रथम तल, एक्सिस बैंक के साथ में, मोनालिसा बिल्डिंग के समाने, आगरा रोड, हरि निवास सर्कल, नौपाड़ा, ठाणे (पश्चिम)-400602

मांग सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रवर्तन के तहत पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी कर आह्वान किया है निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता") को जारी किए गए संबंधित मांग नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दिया गया है। उपरोक्त के संबंध में, एक बार फिर उक्त उधारकर्ता को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर पीसीएचएफएल को भुगतान करने का नोटिस दिया जाता है। नीचे दी गई तारीखों से भुगतान और/या वसूली की तारीख तक, अन्य दस्तावेजों/लेखों के साथ पठित ऋण समझौते के तहत देय, उक्त मांग नोटिस में बताए गए अतिरिक्त ब्याज के साथ, नीचे दर्शाई गई राशियों, यदि कोई हो, उक्त उधारकर्ता(ओं) द्वारा निष्पादित। ऋण के उचित पुनर्भुगतान के लिए सुरक्षा के रूप में, निम्नलिखित परिसंपत्तियों को क्रमशः उक्त उधारकर्ता द्वारा पीसीएचएफएल को गिरवी रखा गया है।

उधारकर्ता/गारंटर्स का नाम	मांग सूचना की तिथि और राशि साथ में एन पी ए की तिथि	सम्पत्ति का पता
(अमेठी शाखा का एलसी सं. HLSA0001597F) सुरजीत (उधारकर्ता) वंदना कुमारी (सह-उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु. 22,35,003/- (रु. बाईस लाख पैंतीस हजार तीन मात्र) एनपीए (04-06-2024)	गाटा सं. 105 मि, ग्राम - लोलेपुर परगना मीरांपुर लोलेपुर सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश - 228001
(लखनऊ - गोमती नगर शाखा का एलसी सं. HLSA00022AE5) संजय कुमार (उधारकर्ता) सीमा देवी (सह-उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु. 26,87,069.7/-(रु. छब्बीस लाख सत्तासी हजार उनहत्तर और पैसे सत्तर मात्र) एनपीए (04-06-2024)	मकान नं. 28, ब्लॉक बी, खसरा नं. 441 का हिस्सा, ग्राम देवरिया परगना और तहसील लौलाई मल्हार रोड के पास, लखनऊ उत्तर प्रदेश 226010
(गाजियाबाद - राज नगर शाखा का एलसी सं. HLSA0002E755) अभिनव कुमार मिश्रा (उधारकर्ता) सीमा मिश्रा (सह-उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु. 25,49,089/- (रु. पच्चीस लाख उनचास हजार नवासी मात्र) एनपीए (04-06-2024)	1) ख नं 203, लोटस पार्क अपार्टमेंट सूरजपुर दादरी गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश 201306, 2) फ्लैट नं. ई 106, पहली मंजिल, ब्लॉक ई की ओर, केएच नं. 259,260,262,263, सूरजपुर चौकी के पास, गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश 201306
(मुरादाबाद शाखा का एलसी सं. HLSA0003281A) मोहम्मद वसीम (उधारकर्ता) सुंदस रूही (सह-उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु.12,73,216/-(रु. बारह लाख तिहत्तर हजार दो सौ सोलह मात्र) एनपीए (04-06-2024)	गाटा सं. 136, जयंतीपुर सिटी और जिला- मोरादाबाद, उत्तर प्रदेश-244001 में स्थित
(कानपुर - माटी शाखा का एलसी सं. HLSA000350D1) इच्छा अग्रवाल (उधारकर्ता) अखिल अग्रवाल (सह-उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु. 18,60,079/-(रु. अठारह लाख साठ हजार उनासी मात्र) एनपीए (04-06-2024)	फ्लैट नं. एफ-4, चौथी मंजिल, मकान नं. 60/47, पुरानी दाल मंडी, कानपुर नगर, बनारस होटल के पास, नयागंज, कानपुर, उत्तर प्रदेश-208001
(हरदोई - लखनऊ रोड शाखा का एलसी नं. BLSA0000B06F) प्रदीप राठौर (उधारकर्ता) मिथलेश एम (सह-उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु. 6,91,012/-(रु. छह लाख इक्यावन हजार बारह मात्र) एनपीए (04-06-2024)	गाटा सं. 167 की भूमि का भाग, परगना और तहसील, ग्राम डभौरा, भारत पेट्रोल पंप, शाहजहाँपुर उत्तर प्रदेश - 242307 में स्थित
(अलीगढ़ शाखा का एलसी नं. HLSA000528F3) राहुल कुमार (उधारकर्ता) संजना (सह-उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु. 27,41,544/-(रु. सत्ताईस लाख इकतालीस हजार पांच सौ चौवालीस मात्र) एनपीए (04-06-2024)	खेत सं. 477 का भाग, मोहल्ला मोलाना आजाद नगर, मौजा राम गढ़, पांजुपुर, परगना एवं तहसील कोइल, जिला अलीगढ, उत्तर प्रदेश-202001
(वाराणसी शाखा का एलसी नं. HLSA00040924) राजकुमार (उधारकर्ता) मीना देवी (सह उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु. 8,00,823/-(रु. आठ लाख आठ सौ तेईस मात्र) एनपीए (04-06-2024)	आराजी नं. 46, मौजा-चतुर्भुजपुर, पार-मवई, पानी टंकी के पास, तह-मुगलसराय, चंदौली, उत्तर प्रदेश-232104
(दिल्ली - द्वारका शाखा का एलसी नं. M0187758) अंजनी पांडे (उधारकर्ता) बिभा पांडे (सह उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु. 16,44,466/- (रु. सोलह लाख चौवालीस हजार चार सौ छियासठ मात्र) एनपीए (04-06-2024)	फ्लैट नं. यूजी 3, भूतल, रियर एलएचएस प्लॉट नं. सी 107, गाजियाबाद, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन 2, साहिबाबाद, उत्तर प्रदेश-201005
(दिल्ली - द्वारका शाखा का एलसी नं. M0187758TU) अंजनी पांडे (उधारकर्ता) बिभा पांडे (सह उधारकर्ता 1)	25-06-2024 / रु. 1,71,970/- (रु. एक लाख इकहत्तर हजार नौ सौ सत्तर मात्र) एनपीए (04-06-2024)	फ्लैट नं. यूजी 3, भूतल, रियर एलएचएस प्लॉट नं. सी 107, गाजियाबाद, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन 2, साहिबाबाद, उत्तर प्रदेश-201005
(बरेली शाखा का एलसी नं. M0062519) विनय कुमार (उधारकर्ता) प्रियंका सिंह (सह उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु. 15,20,010/-(रु. पंद्रह लाख बीस हजार दस मात्र) एनपीए (04-06-2024)	आराजी सं. 101 का भाग, मौजा-बुदावा, परगना-अरैल, तहसील-बारा, जिला-प्रयागराज/इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश 212107
(आगरा शाखा का एलसी नं. HLSA00055C8F) मोहन लाल (उधारकर्ता) सुमन (सह उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु. 18,43,490.42/- (रु. अठारह लाख तैंतालीस हजार चार सौ नब्बे और पैसे बयालीस मात्र) एनपीए (04-06-2024)	मकान नं. 104, भूतल पर, प्लॉट 68, खसरा नं. 179, 181 से 184, आगरा उत्तर प्रदेश 282001
(आगरा शाखा का एलसी नं. HLSA00055C8FTU) मोहन लाल (उधारकर्ता) सुमन (सह उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु. 8,68,906/-(रु. आठ लाख अड़सठ हजार नौ सौ छह मात्र) एनपीए (04-06-2024)	मकान नं. 104, भूतल पर, प्लॉट 68, खसरा नं. 179, 181 से 184, आगरा उत्तर प्रदेश 282001
(लखनऊ - गोमती नगर शाखा का एलसी नं. HLSA0005EFEE) अरविंद कुमार (उधारकर्ता) ज्योति यादव (सह-उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु. 14,69,486.4/- (रु. चौदह लाख उनहत्तर हजार चार सौ छियासी और पैसे चालीस मात्र) एनपीए (04-06-2024)	प्लॉट नं. 107ए, खसरा नं. 223 और 228 का हिस्सा, गांव-माधरमऊ कला, परगना और तहसील - मोहनलालगंज, जिला-लखनऊ उत्तर प्रदेश 226002 में स्थित
(हाथरस शाखा का एलसी नं. BLSA000193A2) दीपक कुमार (उधारकर्ता) सिया देवी (सह-उधारकर्ता 1) मोहित कुमार (सह-उधारकर्ता 2)	25-06-2024/रु. 19,17,387/- (रु. उन्नीस लाख सत्रह हजार तीन सौ सत्तासी मात्र) एनपीए (04-06-2024)	खसरा नं. 155 का हिस्सा, मोहल्ला तरफरा, हिमांशी बिक सर्वेश हाथरस उत्तर प्रदेश 204101
(मुरादाबाद शाखा का एलसी नं. M0072865) मोहम्मद आलम (उधारकर्ता) हुस्ना खातून (सह-उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु.19,22,313/-(रु. उन्नीस लाख बाईस हजार तीन सौ तेरह मात्र) एनपीए (04-06-2024)	खसरा नं. 180 मौजा जयन्तीपुर तह और जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश 244001
(मेरठ शाखा का एलसी नं. BLSA0001C014) इकलाश मलिक (उधारकर्ता) शबनम एस (सह-उधारकर्ता 1) मोनीश मलिक (सह-उधारकर्ता 2)	25-06-2024/रु. 31,08,530/-(रु. इकतीस लाख आठ हजार पांच सौ तीस मात्र) एनपीए (04-06-2024)	मकान जिसका नगरपालिका नं. 3123बी, आवासीय प्लॉट नं. 19बी का भाग, खसरा नं. 78 में भूमि का हिस्सा, इकबाल नगर रेवेन्यू गांव बुधेरा जाहिदपुर खसरा नं. 78 में भूमि का हिस्सा मेरठ उत्तर प्रदेश 250002
(मेरठ शाखा का एलसी नं. M0074289) यतेंद्र यतेंद्र (उधारकर्ता) मालती मालती (सह-उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु. 8,34,754.82 (रु. आठ लाख चौंतीस हजार सात सौ चौवन और पैसे ब्यासी मात्र) एनपीए (04-06-2024)	खसरा नं. 133 का हिस्सा, रिहायशी प्लॉट प्रा. 218 और 219, गांव दतावली गेसूपुर, परगना, तहसील और जिला मेरठ उत्तर प्रदेश, 250004 में स्थित
(लखनऊ - एमएमएम मार्ग शाखा का एलसी नं. M0075469) जलालुद्दीन अहमद (उधारकर्ता) जाहिद अहमद (सह-उधारकर्ता 1) नजबुद खातून (सह-उधारकर्ता 2)	25-06-2024/रु.20,52,787/- (रु. बीस लाख बावन हजार सात सौ सत्तासी मात्र) एनपीए (04-06-2024)	ईडब्ल्यूएस मकान नं. 1-बी/306, मोहल्ला- वृंदावन योजना-2, सेक्टर-1-बी, तहसील और जिला- लखनऊ उत्तर प्रदेश 226014 में स्थित
(मुरादाबाद शाखा का एलसी नं. M0078063) मोहम्मद अशरफ (उधारकर्ता) शबनम शबनम (सह-उधारकर्ता 1)	25-06-2024/रु. 24,45,068/-(रु. चौबीस लाख पैंतालीस हजार अड़सठ मात्र) एनपीए (04-06-2024)	एल.आई. मकान नं. 06, आजाद नगर आवासीय योजना दिल्ली अस्पताल के पास, 150.00 मीटर (लगभग तहसील और जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश 244001
(नोएडा शाखा का एलसी नं. M0086411) इस्तेखार (उधारकर्ता) अलीमुद्दीन अलीमुद्दीन (सह-उधारकर्ता 1) शायरा शायरा (सह-उधारकर्ता 2)	25-06-2024/रु. 16,61,585/- (रु. सोलह लाख इकसठ हजार पांच सौ पिचासी मात्र) एनपीए (04-06-2024)	गंगादास एन्क्लेव में स्वतंत्र यूनिट, ग्राम शेखूपुर, खिचरा, परगना डासना, तहसील धौलाना, जिला हापुड, उत्त

गोंडा रेल हादसे में राहत कार्य को लेकर मैदान में उतरे स्वयंसेवक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले के गोण्डा-मनकापुर रेलखण्ड के मध्य मोतीगंज-झिलाही स्टेशन के मध्य डाउन लाइन पर 15904 चण्डीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के दुर्घटना का शिकार हो गई। जिसमें चंडीगढ़ डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस के 14 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस भयावह हादसे में चार लोगों की मौत की सूचना है जबकि 14 लोग घायल हो गए हैं। इस बीच स्वयंसेवकों ने 30 यूनिट ब्लड डोनेट किया।

घटना की सूचना प्राप्त होते ही अवध प्रांत के गोण्डा जिले के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक घटनास्थल पर पहुँच कर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को मनकापुर तथा गोण्डा जिला अस्पताल पहुँचाया। इस मौके पर संघ के 100 से अधिक स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य किया। साथ ही, स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर यात्रियों के बिखरे पड़े सामान आदि एकत्र कराये। हादसे के बाद हुये हड़कम्प में यात्रियों में भय सा बैठ गया था, ऐसे में स्वयंसेवकों ने उनकी हरसंभव सहायता कर अपना कर्तव्य निभाया। इस दौरान सभी स्वयंसेवकों ने एकजुट होकर घायलों को अस्पताल तक पहुँचाने के लिए निजी एवं सरकारी एम्बुलेंस का प्रयोग किया। इस बीच स्वयंसेवकों ने 30 यूनिट ब्लड डोनेट किया। वहीं, यात्रियों के प्राथमिक उपचार के लिए निजी चिकित्सकों को भी सक्रिय किया। राहत कार्य में जुटे स्वयंसेवकों ने रेल दुर्घटना की सूचना अवध प्रांत के विश्व संवाद केंद्र अवध प्रमुख को दी। घटनास्थल पर संघ के गोण्डा विभाग के विभाग प्रचारक प्रवीण, गोण्डा के जिला प्रचारक अनिल, नन्दिनी नगर के जिला प्रचारक रवि, वि.शा.शि.प्रमुख गणेश, बलरामपुर सह जिला कार्यवाह शैलेन्द्र, नन्दिनी नगर जिला कार्यवाह रविन्द्र आदि मौजूद थे।

अवध प्रान्त ने जारी किये हेल्पलाइन नंबर

अनिल- 9415409868
ज्ञान प्रकाश- 8840068230
राम प्रकाश- 8840460159
अमन सिंह- 7007474819

अकबरनगर क्षेत्र में 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ' जनअभियान का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री कल

● एक दिन में लगाए जाएंगे 36.50 करोड़ पौधे 54.20 करोड़ पौधे तैयार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बस एक दिन और, फिर योगी सरकार नया इतिहास रचने जा रही है। 20 जुलाई (शनिवार) को एक दिन में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में 36.50 करोड़ से अधिक पौधरोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के अकबरनगर क्षेत्र में 'पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान-2024' का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' लगाया जाएगा। इसके लिए नर्सरियों व अन्य स्थानों पर 54.20 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं।

वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी प्रभारी मंत्री अपने-अपने जनपदों में तैनात रहेंगे। इस जन अभियान के लिए हर जनपद में नोडल अधिकारी भी नामित किए गए हैं। नोडल अधिकारी शुक्रवार को अपने जनपदों में पहुंचकर अभियान की फाइनल तैयारियों का जायजा लेंगे। 20 जुलाई (शनिवार) को आधे दिन सभी कार्यालय, विद्यालय व अन्य संस्थाएं केवल पौधरोपण कार्य में सहयोग देंगी। कुकरैल नदी को पुनर्जीवित कराने के उद्देश्य से खाली कराए गए अनधिकृत कब्जों से खाली कराए गए अकबरनगर क्षेत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पौधरोपण करेंगे। वन मंत्री अरुण कुमार सक्सेना भी लखनऊ में ही पौधरोपण करेंगे। वहीं उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज व कौशांबी तथा ब्रजेश पाठक उन्नाव व कानपुर देहात में पौधरोपण करेंगे। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही अयोध्या व देवरिया, काबीना मंत्री सुरेश खन्ना शाहजहांपुर व पीलीभीत, स्वतंत्र देव सिंह बांदा व चित्रकूट में पौधा लगाएंगे। कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्या आगरा व फिरोजाबाद, लक्ष्मी नारायण चौधरी मथुरा व अलीगढ़, धर्मपाल सिंह बरेली व बदायूं, अनिल राजभर वाराणसी व मीरजापुर, राकेश सचान फतेहपुर व हमीरपुर, एके शर्मा आजमगढ़ व मऊ, योगेंद्र उपाध्याय फर्रुखाबाद व इटावा में पौधे लगाएंगे। आशीष पटेल सुल्तानपुर, संजय निषाद अंबेडकरनगर, ओमप्रकाश राजभर बस्ती, दारा सिंह चौहान गाजीपुर, सुनील कुमार शर्मा गाजियाबाद व अनिल कुमार मुजफ्फरनगर में 'एक पेड़ मां के नाम' लगाएंगे। इसके अलावा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व राज्यमंत्री भी विभिन्न जनपदों में जाकर पौधरोपण कराएंगे।

वन राज्यमंत्री केपी मलिक बागपत में पौधरोपण करेंगे। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ जनअभियान-2024' (एक पेड़ मां के नाम) के लिए अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव स्तर के अफसरों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

सीएम के कार्यक्रम से पहले पौधरोपण स्थल का वन मंत्री ने किया स्थलीय निरीक्षण

लखनऊ। आगामी 20 जुलाई को प्रदेश भर में 36.46 करोड़ पौधों का रोपण किया जायेगा। इस महाभियान की शुरूआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ के अकबर नगर में सौमित्र वन में पौधरोपण कर किया जायेगा। इस कार्यक्रम के दृष्टिगत प्रदेश के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) डॉ अरूण कुमार सक्सेना ने गुरुवार को अकबर नगर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम का स्थलीय निरीक्षण किया और कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु अधिकारियों को उचित निर्देश भी दिए। वन मंत्री ने निरीक्षण के दौरान वन विभाग द्वारा रोपे जाने वाले पौधों को देखा तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी दशा में पौधों को रोपण के बाद पौधों की सुरक्षा के व्याजक इंतजाम किये जायें जहां आवश्यकता हो वहां ट्री गार्ड लगाकर पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये, किसी भी दशा में एक पौधा सूखना व नष्ट होना नहीं चाहिए। उन्होंने सौमित्र वन में आंवला, इमली, नीम, महुआ, पीपल, पाकड़, सागौन इत्यादि के पौधों को प्राथमिकता के आधार पर रोपित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सौमित्र वन में जनता द्वारा दस हजार पौधे रोपित किये जायेगें, जिनकी सुरक्षा व देखभाल का पुख्ता इंतजाम वन विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जायेगा। साथ ही पौधों को सिंचाई का भी विशेष ध्यान रखा जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी लखनऊ शितांशु पाण्डेय सहित वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

जनता अदालत में अधिकारियों की दर्ज होगी उपस्थिति, गैर हाजिरी पर रोका जाएगा वेतन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

एलडीए के उपाध्यक्ष द्वारा जनता अदालत पर लोगों की शिकायतों को सुना गया। दिवस में एलडीए उपाध्यक्ष द्वारा गायब रहे अधिकारियों पर कड़ी नाराजगी जताई गयी। उपाध्यक्ष द्वारा पूर्व में प्राप्त शिकायतों की रिपोर्ट तलब की गयी। अधिकारियों को आधे अधूरे निस्तारण पर जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गयी। साथ गैर हाजिर अ धिकारियों का वेतन रोकने का निर्देश भी दिया गया। यही नहीं एलडीए उपाध्यक्ष द्वारा अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का दो सप्ताह में निस्तारण करना होगा। वहीं जनता अदालत में प्राप्त हुये 33 प्रार्थना पत्रों में से 10 का मौके पर समाधान किया गया।

गुरूवार को एलडीए जनता अदालत का आयोजन किया गया। इसमें कुछ अफसरों की अनुपस्थिति के चलते जनता के कार्य में विलम्ब हुआ तो प्राधिकरण के नव नियुक्त उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सभी अफ सरों की हाजिरी ले ली। उपाध्यक्ष ने तत्काल आदेश जारी किये कि अब से जनता अदालत में सभी अनुभाग के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी और सभी की हाजिरी दर्ज की जाएगी। इसमें जो गैर हाजिर होगा, उसका एक दिन का वेतन रोक दिया जाएगा। इतना ही नहींए उपाध्यक्ष ने पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की रिपोर्ट भी तलब कर ली। इसमें पाया गया कि कुछ शिकायतों में आधी.अधूरी रिपोर्ट लगी थीए जबकि कुछ का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक नहीं किया गया था। इस पर उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अब से प्रत्येक शिकायत का दो सप्ताह के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना होगा। इसमें निस्तारण की पूरी रिपोर्ट के साथ ही स्थल की फोटोग्राफ भी लगानी होगी। उपाध्यक्ष ने आदेश दिये कि निस्तारण रिपोर्ट में शिकायत कर्ता का मोबाइल नंबर भी उल्लेखित करना होगाए जिससे वह स्वयं शिकायत कर्ता से वार्ता करके फीडबैक लेंगे। शिकायतों के निस्तारण में हीलावाली करने पर सम्बंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि जन सामान्य एवं आवंटियों की समस्याओं एवं उनके कार्यों को त्वरित गति से शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित किये जाने के उद्देश्य से गुरूवार को प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में जनता अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने जन सामान्य की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना और सम्बंधित को कार्यवाही के निर्देश दिये। जनता अदालत में पहुंचे ऐशबाग के रामनगर निवासी मनीष श्रीवास्तव ने प्रार्थना पत्र दिया कि वर्ष 1980 में प्राधिकरण ने उनकी दादी अशर्फी देवी को ईडब्ल्यूएस भवन संख्या.एस.56 आवंटित करते हुए अनुबंध के आधार पर भौतिक कब्जा दे दिया था। मनीष के मुताबिक दादी के देहांत के बाद उन्होंने भवन का नामांतरण अपने पक्ष में करा लिया। इस बीच उनसे भवन के पंजीकरण की 300 रूपये की मूल रसीद कहीं खो गयी। अब रजिस्ट्री के लिए आवेदन करने पर प्राधिकरण द्वारा गणना करके 2 लाख 30 हजार रूपये की धनराशि व अतिरिक्त ब्याज लगाया जा रहा है, जिसे चुका पाने में वह असमर्थ हैं। इस पर उपाध्यक्ष ने निर्देश दिये कि उक्त प्रकरण का समाधान हाल ही में प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में पारित हुए प्रस्ताव के तहत ब्याज हटाकर कराया जाए। इसके अलावा जानकीपुरम के सेक्टर.एफ से आये वीरेन्द्र पाण्डेय व अन्य लोगों ने शिकायत की कि मकान संख्या.446 से लेकर 450 के सामने वाली सड़क पर कुछ लोगों ने दीवार बनाकर व निर्माण सामाग्री ढ़ेर करके अवैध कब्जा कर लिया है, जिससे स्थानीय लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। इस पर उपाध्यक्ष ने जोन.5 के अधिशासी अभियंता को तीन दिन के अंदर स्थल निरीक्षण करके कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। वहीं, जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर.8 निवासी अम्बरीश कुमार ने भवन के दाखिल खारिज के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर उपाध्यक्ष ने एक सप्ताह के अंदर कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

राजधानी में विकास से संबंधित अधूरे कार्य पूरा करने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

शहर के विकास कार्यों की मेयर और नगर आयुक्त द्वारा समीक्षा बैठक में जोनल अधिकारियों को उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का आदेश दिया गया। इसके साथ ही जल निगम के लालकुआ वार्ड सहित अन्य वार्डों में सीवर संबंधी समस्याओं का निराकरण आपसी समन्वय बनाकर करने का निर्देश दिया गया।

गुरुवार को नगर निगम के सभी जोनों में हो रहे विकास कार्यों की प्रगति एवं समीक्षा आयोजित समीक्षा बैठक नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के साथ जोन एक के कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में उपसभापति गिरीश गुप्ता, उपनेता सुशील तिवारी पम्मी, पार्षद कामरान बेग, पार्षद मुकेश सिंह मोंटी, पार्षद शफ ीकुर्रहमान, पार्षद आशीष हितैशी के साथ साथ जोनल अधिकारी और प्रत्येक अधिकारियों से एक. एक कर उनके कार्यों की जानकारी की। अधिकारियों को उनके शेष बचे कार्यों को समय से पूर्ण करने का कड़ा निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने जल निगम के संबंधित जोन में किए जाने वाले कार्यों को जोनल अधिकारी और अधिशाषी अभियन्ता को आपस में समन्वय बनाकर निस्तारित करने का निर्देश दिया। हजरतगंज जोन 1 में लालकुआ वार्ड, जेसी बोस वार्ड, यदुनाथ नजर बाग वार्ड, गणेश गंज बसीरथगंज वार्ड में निरंतर हो रही सीवर की समस्या की कार्ययोजना बनाकर समाधान करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये। विभिन्न जगहों पर पानी एवं मार्ग प्रकाश से संबंधित मिली शिकायतों के तत्काल निस्तारण के लिए जलकल के अधिकारियों एवं मार्ग प्रकाश की व्यवस्था देख रही कार्यदायी संस्था को सख्त निर्देश दिया। लालकुआ पुल के नीचे अवैध अतिक्रमण में कार्यवाही किए जाने के लिए जोनल अधिकारी अमरजीत सिंह को आदेश दिया। इस समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त ललित कुमार एवं नगर निगम और जल .कल के सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पुलिस हिरासत में मौत की घटनाओं पर अंकुश लगाने के डीजीपी ने दिए कड़े निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डीजीपी ने पुलिस हिरासत में होने वाली मौत की घटनाओं पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए पुलिस अफसरों को कड़े निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने सभी पुलिस अफसरों को विस्तृत परिपत्र जारी किया है। डीजीपी ने निर्देशित किया है कि किसी व्यक्ति अथवा अभियुक्त को थाने पर पूछताछ के लिए लाने से पूर्व इस बात की पुष्टि कर ली जाए कि क्या वह पूर्व से किसी गम्भीर रोग से ग्रस्त तो नहीं है। गम्भीर रोग से ग्रस्त व्यक्ति/ गिरफ्तार अभियुक्त को थाने पर कदापि न लाया जाए। यदि किन्ही कारणोंवश थाने पर लाये गये व्यक्ति आकस्मिक रूप से बीमार हो जाता है, तो इस आकस्मिकता के दृष्टिगत उसका समीप के चिकित्सालय में तत्काल उपचार कराया जाए। थाना प्रभारी/ चौकी प्रभारी के जानकारी के बिना थाने अथवा पुलिस चौकी में किसी व्यक्ति को न तो लाया जाए और ना ही बैठाया जाए। यदि किसी व्यक्ति को किसी कारणवश लाया जाए तो इसका समुचित अभिलेखीकरण भी तत्समय ही किया जाए। यदि अभियुक्त बीमार अवस्था में है तो उसे समीप के चिकित्सालय में ले जाकर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाए। थानों पर किसी व्यक्ति से पूछताछ का कार्य मनोवैज्ञानिक तरीको का प्रयोग करते हुए अत्यन्त धैर्यपूर्वक किया जाए। पूछताछ जिम्मेदार अधिकारी की उपस्थिति में की जाए। प्रत्येक पूछताछ थाना प्रभारी द्वारा स्वयं अथवा नामित निरीक्षक/ उप निरीक्षक द्वारा ही की जाए। जिसका विवरण पूछताछ रजिस्टर में अंकित किया जाए। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं हवालात में दाखिल करते समय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा डीके बसु बनाम स्टेट ऑफ बंगाल में पारित निर्णय में दिये गये निर्देशों का अक्षरश: पालन किया जाए। इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा समय-समय पर पारित आदेशों का अध्ययन कर अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। डीजीपी ने उपरोक्त सभी निर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित कराए जाने की अपेक्षा की है।

विधायक वेदी राम व विपुल दुबे अदालत में हुए हाजिर, गिरफ्तारी वारंट निरस्त

विधि संवाददाता। लखनऊ

● गैंगेस्टर का मामला

गैंगस्टर के एक मामले में गुरुवार को विधायक वेदी राम व विपुल दुबे सहित आठ अभियुक्त विशेष अदालत के समक्ष हाजिर हुए। साथ ही अपने खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को निरस्त करने की मांग की। विशेष जज पुष्कर उपाध्याय ने सशर्त वारंट निरस्त करते हुए अभियुक्तों को 50-50 हजार का निजी मुचलका दाखिल करने का आदेश दिया। उन्होंने अभियुक्तों पर आरोप तय करने के लिए 26 जुलाई की तारीख़ तय की है। कहा है कि उस रोज अभियुक्तगण अदालत में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहेंगे। अभियोजन के मुताबिक गैंगेस्टर का यह मामला रेलवे भर्ती बोर्ड ग्रुप डी की परीक्षा से संबधित प्रश्न पत्र के लीक होने का है। गैंगेस्टर के इस मामले में कुल 19 अभियुक्त हैं। 26 फरवरी 2006 को एसटीएफ ने अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था। बीते बुधवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में सिर्फ एक अभियुक्त सुनील यादव हाजिर था। जबकि दोनों विधायक समेत 18 अभियुक्त हाजिर नहीं थे। इस मामले में अभियुक्तों पर आरोप तय होना है। लिहाजा विशेष अदालत ने विधायक वेदीराम व विपुल दूबे के अलावा अभियुक्त संजय श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार, अवधेश, शिवबहादुर सिंह, दीनदयाल, मनोज कुमार मौर्य, शैलेश कुमार सिंह, रामकृपाल सिंह, भद्रमणि त्रिपाठी, आनंद कुमार सिंह, कृष्णकांत, धर्मेंद्र कुमार, रमेश पटेल, मो. असलम, सुनील कुमार व अख्तर हुसैन के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया था। गुरुवार को विधायक वेदी राम, विपुल दुबे, अवधेश, शिव बहादुर सिंह, एके सिंह, अख़्तर हुसैन, धर्मेंद्र कुमार व अभियुक्त राम कृपाल अदालत के समक्ष हाज़िर हुए। साथ ही वारंट को निरस्त करने की मांग वाली अर्जी दी थी।

भरवारा रेलवे ओवर ब्रिज का काम शुरू करने के लिए त्वरित कार्यवाही करें: हाईकोर्ट

लखनऊ(विसं)। गोमती नगर के भरवारा रेलवे क्रासिंग पर प्रस्तावित ओवर ब्रिज के निर्माण का काम शुरू करने के सम्बंध में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य ब्रिज कार्पोरेशन व लखनऊ के जिलाधिकारी के साथ ही राज्य सरकार को भी त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। पीठ ने अगली सुनवाई पर रिपोर्ट भी तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई नौ सितंबर को होगी। चीफ जस्टिस अरुण भंसाली एवम जस्टिस जसप्रीत सिंह की पीठ ने यह आदेश वैज्ञानिक स्वामी सत्य प्रकाश वेद विज्ञान सेवा समिति की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर दिया है। पीठ के समक्ष इस मामले की सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी लखनऊ और ब्रिज कार्पोरेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर जरिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपस्थित हुए। पीठ को बताया कि सर्वे का काम हो चुका है। जिसके मुताबिक प्रस्तावित ब्रिज से 32 गाटे प्रभावित होंगे। जिलाधिकारी का कहना था कि उक्त जमीनों को समझौते से अथवा अन्य तरीकों से अधिग्रहण करना होगा। पीठ ने इस पर उम्मीद जताई कि आवश्यक कार्यवाहियां त्वरित गति से की जाएगी।

इनोवेशन हब ने नए इनक्यूबेशन केंद्रों एवं उनके स्टार्टअप्स के लिए आयोजित की कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की इनोवेशन हब की ओर से कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे के निर्देशन में नए इनक्यूबेशन केंद्रों एवं उनके स्टार्टअप्स के लिए ऑनलाइन माध्यम से उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग की कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में ऋषिका चटर्जी मैनेजर स्टार्टअप इंडिया एवं सौम्यदीप टेक्निकल मैनेजर स्टार्टअप इंडिया ने इनक्यूबेशन सेंटर्स और स्टार्टअप को जानकारी दी। कार्यशाला में 150 नए इनक्यूबेशन केंद्र स्थापित हो रहे हैं एवं स्टार्टअप्स को डीपीआईआईटी के पंजीकरण का तरीका, पंजीकरण के लाभ को बताया गया। जैसे तीन साल तक आयकर में छूट मिलती है सरकारी खरीद में अनुभव और टर्नओवर की आवश्यकताओं से छूट मिलती है। स्व-सर्टिफिकेशन, श्रम कानूनों और पर्यावरण कानूनों में स्व-सर्टिफिकेशन की सुविधा। पेटेंट, ट्रेडमार्क और डिज़ाइन पंजीकरण में शुल्क में छूट और तेज़ी से प्रोसेसिंग। विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत अनुदान और वित्तपोषण की सुविधा- सरकार की कई योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ उठाने की सुविधा। घरेलू और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करना। युवाओं में स्वरोजगार और उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करना। पंजीकरण के माध्यम से, स्टार्टअप्स को न केवल वित्तीय सहायता मिलती है, बल्कि वे एक मजबूत नेटवर्क और सहयोगी वातावरण का भी हिस्सा बनते हैं। जिससे उनकी सफलता की संभावना बढ़ जाती है।

गजवरियन खेडा गांव पहुंचे सीएमओ डायरिया के दो मरीज भर्ती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

गजवरियन खेडा गॉव में उल्टी-दस्त के मरीज मिलने को देखते हुए गुरुवार को सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने इलाके का दौरा किया। इस दौरान सीएमओ के साथ डा चन्दन कुमार सिंह यादव, अधीक्षक, सामु.स्वा.केन्द्र सरोजनीनगर, लखनऊ एवं डा. अशोक कुमार, अधीक्षक, सामु.स्वा.केन्द्र मोहनलालगंज, लखनऊ तथा डा. सबर सिंह, प्रभारी चिकित्साधिकारी, प्राथ.स्वा.केन्द्र उतरठिया, लखनऊ उपस्थित थे।

चिकित्सीय दल द्वारा गजवरियन खेडा का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान आज क्षेत्र में कोई भी नया उल्टी दस्त का रोगी नहीं पाया गया। साथ ही गॉव के मजरे कल्ली पश्चिम एवं अमोस में भी चिकित्सीय दल द्वारा सघन भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान 2 सामान्य उल्टी दस्त के रोगी मिले, जिन्हें सामु.स्वा.केन्द्र मोहनलालगंज, लखनऊ में भर्ती करा दिया गया। उपरोक्त ग्रामों के क्षेत्रवासियों को ओआरएस पैकेट, क्लोरीन गोलियों का वितरण का वितरण किया गया तथा स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी। क्षेत्र में ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव, नालियों की साफ-सफाई का कराया गया। क्षेत्र में मोबाइल शौचालय एवं एमएमयू की तैनाती थी। गजवरियन खेडा एवं कल्ली पश्चिम में 24 घंटे चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराने एवं सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा जल कल विभाग को उक्त क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल टैकरों की आपूर्ति हेतु निर्देशित किया गया।

शिक्षकों का दर्द

स्कूल जाने के बाद भी अवकाश तालिका में जयंती शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने गुरुवार को शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के समस्त घटक संगठनों की एक आवश्यक बैठक की। बैठक में संयुक्त मोर्चा द्वारा यह मांग की गई कि हमारे अवकाश तालिका में जयंती व रविवार को पड़ने वाले अवकाश को भी दर्शा कर समाज में शिक्षकों के ज्यादा अवकाश मिलने की बात कही जाती है। जबकि शिक्षक समस्त जयंती व राष्ट्रीय पर्व मनाने के लिए विद्यालय जाता ही है। ऐसे में इन जयंतियों को अवकाश तालिका से हटाया जाए।

निशातगंज स्थित महानिदेशक कार्यालय में सम्पन्न हुई बैठक को लेकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बताया कि बैठक में संयुक्त मोर्चा के मांगपत्र पर गम्भीरता पूर्वक बिंदुवॉर चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। इसमें हाफ डे, ई.एल., कैशलेश चिकित्सा, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों को सम्मानजनक मानदेय दिए जाने, गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किए जाने, पदोन्नति प्राप्त शिक्षकों का वेतन निर्धारण एवं उसका नियमानुसार समाधान निकालने तथा प्रोन्नति वेतनमान नियमानुसार निर्गत किए जाने हेतु सभी ज़िला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी करने की माँग संयुक्त मोर्चा द्वारा की गई।

बैठक में ऑनलाइन शिक्षक उपस्थिति के संबंध में शासन स्तर से हुए निर्णय से अवगत कराते हुए इन बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया तथा इस बात पर सहमति बनी कि जो भी बिंदु महानिदेशक स्तर से निस्तारित किए जाने योग्य है उनका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा। जिनका समाधान शासन स्तर से संभव है या नीतिगत प्रकरणों पर निर्णय हेतु शासन को संदर्भ प्रेषित किए जाएँगे।

जिन बिंदुओं में बृहद विचार विमर्श की आवश्यकता है, उसे प्रस्तावित समिति के समक्ष रखा जाएगा तथा प्रस्तावित समिति में प्रतिनिधियों को सम्मिलित एवं विचार विमर्श किए जाने के संबंध में आवश्यक प्रयास किए जाने का आश्वासन भी दिया गया। इस पर मोर्चा के प्रतिनिधियों द्वारा सहमति व्यक्त की गई।

चूक के बाद समझ आई, परिवार नियोजन अपनाने में है भलाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लगभग एक माह के बच्चे की माँ नीतू ने बच्चे के जन्म के तुरंत बाद नसबंदी अपनाई। वह कहती हैं कि अब तक उन्होंने परिवार नियोजन का कोई साधन नहीं अपनाया था। एक छोटी सी चूक की वजह से पहले बच्चे के जन्म के 12 साल बाद गर्भ ठहरा। सब कुछ जानते हुए भी मैनें कोई साधन नहीं अपनाया था। मैं किसी भी सूरत में किसी की जान नहीं ले सकती, इसलिए मैंने सोचा कि लड़की हो या लड़का, मैं इसे जन्म दूँगी लेकिन अब इस बात की चिंता है कि इतनी महंगाई में कैसे दो बच्चों को पालेंगे। मैं सभी से कहना चाहती हूँ कि किसी भी तरह की गलतफहमी में न रहें। अगर बच्चा नहीं चाहते हैं तो परिवार नियोजन का साधन जरूर अपनाएं।

किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय की महिला रोग की विभागाध्यक्ष डा. अंजू अग्रवाल बताती हैं कि परिवार नियोजन के कई साधन हैं जो कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर नि:शुल्क मिलते हैं फिर भी महिलाएं अनदेखी कर जाती हैं। नीतू के केस में यह अच्छी बात रही कि उन्होंने गर्भपात का रास्ता नहीं चुना बल्कि स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया लेकिन बहुत सी महिलाएं ऐसा नहीं करती वह गर्भपात का रास्ता चुनती हैं। प्रशिक्षित चिकित्सक से करवाया तो ठीक अन्यथा जान पर बन आती है। गर्भनिरोधक साधन अपनाने से कोई गुरेज नहीं करना चाहिए। गर्भनिरोधक साधन अपनाने के लाभ हैं कि यह अनचाहे गर्भ को रोकता है। यौन संक्रमण और रोगों से बचाव होता है। डा. अंजू बताती हैं कि इस बात पर जोर देने की जरूरत है कि परिवार नियोजन के आधुनिक साधन के मुकाबले अनचाहा गर्भधारण और गर्भपात ज्यादा जटिल हैं। परिवार नियोजन के प्राकृतिक तरीकों की असफलता दर अधिक है। छितवापुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. गीतांजलि सिंह बताती हैं कि बास्केट ऑफ़ च्वाइस में परिवार नियोजन के कई आधुनिक साधन मौजूद है। जैसे त्रैमासिक गर्भनिरोधक इंजेक्शन अंतरा, इंट्रायूट्राइन कॉण्ट्रासेप्टिव डिवाइस(आईयूसीडी), साप्ताहिक गर्भनिरोधक गोली छाया, आकस्मिक गर्भनिरोधक गोली, माला एन और कंडोम। महिला अपनी इच्छा के अनुसार इनका चुनाव कर सकती है।

यूपी में परिवार नियोजन की स्थिति: राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस)-5 के अनुसार सकल प्रजनन दर 2.4 है जबकि एनएफएचएस में यह आंकड़ा 2.7 था। सकल अनमेट नीड यानि महिलाएं गर्भनिरोधक साधनों की जानकारी रखती तो हैं लेकिन किन्हीं कारणों से उनका उपयोग नहीं करती हैं। एनएफएचएस-4 के अनुसार ऐसी महिलाओं का प्रतिशत 18.1 था जबकि एनएफएचएस-5 यह आंकड़ा 12.9 फीसद हो गया।

बंद सिनेमाघरों के बहुरेंगे दिन राज्य सरकार देगी प्रोत्साहन

● बंद सिनेमाघरों के पुनर्संचालन व एकल छविगृह निर्माण के लिए अनुदान योजना तैयार करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बंद सिनेमाघरों के पुनर्संचालन, मल्टीप्लेक्स विहीन जिलों में मल्टीप्लेक्स निर्माण, एकल छविगृह निर्माण के लिए अनुदान योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को राज्य कर विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि आम जनता के मनोरंजन के प्रमुख साधनों में सिनेमा की बड़ी भूमिका है। नए दौर में बदलती तकनीक के साथ प्रदेश में एकल स्क्रीन वाले पुराने सिनेमाघर या तो बंद हो गए हैं अथवा उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। ऐसे सिनेमाघरों के पुनर्जीवन के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहन योजना लाई जानी चाहिए। इससे लोगों को मनोरंजन के साधन की सहज उपलब्धता तो होगी ही, निवेश और रोजगार सृजन की दृष्टि से भी यह उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि योजना ऐसी हो जिससे कि बंद अथवा संचालित सिनेमाघरों के स्थान पर व्यावसायिक काम्पलेक्स व कम क्षमता के सिनेमाघरों का निर्माण, बंद सिनेमाघरों को यथास्थिति में पुन: संचालित करने, व्यावसायिक गतिविधि सहित अथवा गैर व्यावसायिक गतिविधि वाले एकल स्क्रीन सिनेमाघर का निर्माण के लिए निवेशकों को प्रोत्साहन मिले। उनके लिए अनुकूल अवसर तैयार हो सके। सिनेमाघरों के लिए निर्धारित न्यूनतम सीटों की संख्या की शर्त में व्यवहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए रियायत दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दौर में मल्टीप्लेक्स सिनेमाहॉल की संस्कृति तेजी से बढ़ी है।

प्रधान सहित तीन अधिकारी दोषी डीएम को कार्रवाई के निर्देश

● ग्राम पंचायत अंडिका जनपद आजमगढ़ में बनाये जा रहे अन्त्येष्टि स्थल में अनियमितता का मामला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग के निदेशक अटल कुमार राय ने ग्राम पंचायत अंडिका, विकासखंड पवई, जनपद आजमगढ़ में वित्तीय वर्ष 2019-20 में अंत्येष्टि स्थल के निर्माण में पाई गई अनियमितता की जांचोंपरांत धनराशि की वसूली एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी आजमगढ़ को पत्र लिखा है। प्रकरण में उक्त ग्राम पंचायत में अंत्येष्टि स्थल निर्माण हेतु रुपए 24.11 लाख की धनराशि दी गई थी। निदेशक पंचायतीराज ने पत्र में जिलाधिकारी से कहा है कि प्राप्त शिकायतों के आधार पर जांच कराया गया, जिसमें तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी जयनाथ राम एवं ग्राम प्रधान दिनेश दोषी पाए गए हैं। इसके अतिरिक्त तत्कालीन अवर अभियंता दधिवाल चौधरी मानक विहीन एम बी सत्यापित करने, सहायक विकास अधिकारी पारसनाथ यादव भी पर्यवेक्षणीय दायित्वों का निर्वहन सही न करने के दोषी पाए गए हैं। उपनिदेशक पंचायत आजमगढ़ मण्डल आजमगढ़ के निरीक्षण आख्या में बताया गया है कि इस निर्माण कार्य में अधोमानक सामग्री का उपयोग किया गया, उसके आधार पर कार्य का मूल्यांकन 5 लाख 81 हजार 525.92 रूपये व्यय होने का अनुमान हुआ। जबकि धनराशि 22 लाख 70 हजार 918 रूपये आहरित की गयी है। इस प्रकार निर्माण कार्य में 16 लाख 89 हजार 394.08 रूपये की धनराशि का दुरूपयोग पाया गया। निदेशक पंचायती राज ने ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम प्रधान के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कराए जाने हेतु पत्र लिखा है। साथ ही ग्राम प्रधान से दुरुपयोग की धनराशि का 50 प्रतिशत रुपए 844697.04 की वसूली हेतु पत्र लिखा है।

बेटियों को शिक्षा और उचित संस्कार देना जरूरी

● राज्यपाल ने रामेश्वरदास अग्रवाल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित स्वर्णोदय महोत्सव कार्यक्रम का किया शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को जनपद हाथरस में रामेश्वरदास अग्रवाल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर आयोजित स्वर्णोदय महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने उद्बोधन में जनपद हाथरस में घटित दुर्घटना में मरने वालों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि किसी भी सामान्य व्यक्ति को ईश्वर मानकर पूजने के अंधानुकरण से सभी को बचना चाहिए। सामान्य व्यक्ति ईश्वर नही होता ऐसी अंधभक्ति का पालन न कर बेटियों की शिक्षा - दीक्षा और उचित संस्कार देकर उनकी उन्नति का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से हर प्रांत में मातृभाषा में कक्षा 6 तक की शिक्षा प्रदान करने की व्यवस्था की है। जनमानस द्वारा सरकारी स्कूलों में शुल्क कम होने के कारण लड़कियों को पढ़ाया जाता है। परन्तु लड़को को मंहगे स्कूलों में पढ़ाते है लेकिन कीर्तिमान लड़कियाँ स्थापित करती है। राज्यपाल ने (नेशनल एक्रेडिटेशन एंड असेसमेंट काउंसिल) के लिए प्रयासरत महाविद्यालयों के लिए सभी समितियों में छात्राओं को जोड़ने का सुझाव दिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने महाविद्यालय के पचास वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्मृति स्तंभ का अनावरण किया तथा पर्यावरण के हित में अशोक के पौधे का रोपण किया। राज्यपाल ने पाठ्क्रम से संबंधित पुस्तकों का विमोचन भी किया। इस अवसर पर स्थानीय सांसद अनूप वाल्मीकि, जिलाधिकारी आशीष कुमार, पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल, सम्मानित जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित थे।

सामूहिक विवाह योजना में पारदर्शिता के लिए एसओपी जारी, एक लाख जोड़ों के होंगे विवाह

● 10 फीसद चयनित जोड़ों की रैंडम होगी जांच, वर 21 वर्ष एवं वधू 18 वर्ष से अधिक आयु के होने पर ही हो सकेंगे आवेदन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

हर वर्ग की जरूरतमंद बेटियों के विवाह के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी सामूहिक विवाह योजना को और अधिक पारदर्शी तरीके से क्रियान्वित किए जाने के लिए समाज कल्याण विभाग ने नियम और प्रक्रियाओं को और अधिक परिभाषित करते हुए एसओपी तैयार की है। इसके अंतर्गत जनपदों में यथासंभव एक स्थान पर 100 से कम जोड़ों के विवाह कराए जाने एवं 100 से अधिक जोड़ों के विवाह होने की स्थिति में जिलाधिकारी की उपस्थिति में आयोजन कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। आयोजन के समय पात्र जोड़ों की पुष्टि के लिए अलग से पंजीकरण काउंटर के साथ मंडल के उपनिदेशक एवं निकट जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी भी मौके पर उपस्थित होकर समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे और विभाग को रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। विभाग ने निर्धारित बजट के अनुरूप इस वित्तीय वर्ष में 1,06,911 जोड़ों के विवाह का लक्ष्य तय किया है। सामूहिक विवाह के लिए चयनित जोड़ों में से 10 प्रतिशत जोड़ों के रैंडम सत्यापन जिलाधिकारी के निर्देश पर राजस्व या अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जाने के प्राविधान किए गए हैं। जांच प्रक्रिया को पुख्ता किए जाने के लिए जनपद स्तरीय समिति को दायित्व दिया गया है, जिसमें पोर्टल से जेनरेट सत्यापन प्रारूप पर जांच अधिकारी द्वारा आख्या प्रस्तुत की जाएगी। जांच के दौरान मौके पर उपस्थित आस पड़ोस के व्यक्तियों से पूर्व में विवाह न होने की पुष्टि की जाएगी।

डिफेंस टेस्टिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देगा मिधानि समूह

● मुख्य सचिव की मौजूदगी में यूपीडा और मिधानि समूह के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारत के डिफेंस सेक्टर और स्पेस टेक्नोलॉजी इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत आधार देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार मिशन मोड में जुटी हुई है। गुरुवार को प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की मौजूदगी में यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड में डिफेंस टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेस-वेज इन्डस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) और मिधानि समूह के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस डिफेंस टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को एडवांस मैटेरियल (डिफेंस) टेस्टिंग फाउंडेशन नाम दिया गया है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश रक्षा विनिर्माण और इनोवेशन का वैश्विक हब बनने के साथ ही देश के डिफेंस इंडस्ट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। लखनऊ नोड डिफेंस कॉरिडोर का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इस पर मैटेरियल टेस्टिंग फैसिलिटी स्थापित करने के लिए यूपीडा और मिधानि समूह के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रथम तथा देश में दूसरी बार डिफेन्स टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण से आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति मिलेगी। मैकेनिकल और सामग्री परीक्षण सुविधा न केवल भारत के रक्षा विनिर्माण बुनियादी ढांचे के निर्माण और नवाचार को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, बल्कि उत्तर प्रदेश को रक्षा के केंद्र के रूप में भी आगे बढ़ाएगा। इसका सीधा फायदा डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत स्थापित हो रही इंडस्ट्रीज को अपने प्रोडक्ट को बेहतर बनाने और सटिर्फिकेटकेशन के बाद प्रोडक्ट की मार्केटिंग में मिलेगा। इसके अलावा मेटल (धातु) के क्षेत्र में कार्य कर रहीं अलीगढ़ और मुरादाबाद की इंडस्ट्रीज व एमएसएमई इंडस्ट्रीज को भी इसका फायदा मिलेगा।

बता दें कि डिफेंस टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का उद्देश्य मैन्युफैक्चरिंग, रिसर्च एंड डेवलपमेंट और टेक्नोलॉजी के लिए एक कॉमन फैसिलिटी के रूप में ग्रीनफील्ड डिफेंस टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर (ए एंड डी संबंधित उत्पादन के लिए आवश्यक) का निर्माण करना है। डिफेंस टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को समय पर पूरा कराने और प्रभावी संचालन सुनिश्चित कराने के लिए इस योजना के तहत यूपीडा को इंप्लीमेंटेशन अथॉरिटी के रूप में नामित किया गया है। एमओयू के दौरान मिधानि समूह के सीएमडी एसके झा तथा एडिशनल सीईओ यूपीडा हरिप्रताप शाही सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थिति रहे।

यूपी और तमिलनाडु में हैं डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर

भारत 2025 तक 250 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की आवश्यकताओं के साथ दुनिया में एक प्रमुख एयरोस्पेस और रक्षा बाजार के रूप में उभर रहा है। एयरोस्पेस और डिफेंस (एएंडडी) मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र को मेक इन इंडिया पहल के तहत फोकस के प्रमुख क्षेत्र के रूप में पहचाना गया है। इसी के तहत रक्षा मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश (यूपी डीआईसी) और तमिलनाडु (टीएन डीआईसी) में रक्षा औद्योगिक गलियारे की स्थापना की है।

प्रदेश के सभी क्षेत्रों को निर्धारित शिडयूल के अनुरूप की जाए विद्युत आपूर्ति: ऊर्जा मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● विद्युत दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी व्यवस्था किए जाने के अफसरों को दिए निर्देश

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा हैकि प्रदेश के सभी उपभोक्ताओं को निर्धारित शिडयूल के अनुरूप अनवरत विद्युत आपूर्ति मिले, इसके हर संभव प्रयास किये जाए, जहां कहीं पर भी विद्युत व्यवधान उत्पन्न हो या फिर शटडाउन लेने के लिए आपूर्ति बाधित की गयी हो तो इसकी भरपाई के लिए अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति देकर पूरी की जाए। शटडाउन लेने से पहले इसकी जानकारी लोगों को दी जाए, जिससे कि वे किसी भी प्रकार की परेशानियों से बचे। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बरसात में विद्युत उपकरणों में करंट उतरने की संभावना रहती है, जिससे कि विद्युत दुर्घटना घटित हो जाती है, इसकी रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करें कि वे बरसात के दौरान विद्युत पोल, स्टेवायर, ट्रांसफार्मर सुरक्षा जाली को छूने से बचे और हरे पेड़ों के संपर्क में न आये। जहां कहीं पर भी विद्युत उपकरणों में करंट उतरने की सूचना प्राप्त हो, तत्काल उसका समाधान कराया जाए।

शर्मा ने कहा कि विद्युत चोरी को रोकने के लिए हर संभव प्रयास किये जाए। हाई लाइन लॉस वाले क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाये जाए। जहां कहीं पर भी ऐसे प्रकरण मिले, उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए। विद्युत चोरी राजस्व हानि के साथ-साथ प्रदेश की प्रगति में भी बाधक है। इस पर शत प्रतिशत रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि सभी उपभोक्ताओं को समय पर सही बिल उपलब्ध करायें। बिल बनाने में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न होने पाए। उपभोक्ताओं की शिकायतों को गम्भीरता से ले।

सिंधी पंचायत की महिलाओं ने भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

इंदिरानगर सिन्धी पंचायत की महिलाओं ने भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। इसके साथ ही देश की तरक्की की कामना की गई।

चालीहा पर्व के तीसरे दिन गुरुवार को सिन्धी बाहुल्य क्षेत्रों में खूब धूमधाम रही। इंदिरानगर सिन्धी पंचायत की महिलाओं जिसमें मुख्य रूप से कोमल लखमानी, ममता राय चंदानी,बरखा मंध्यान, भारती कुकरेजा, रश्मी रायतानी, सुनीता राय चंदानी, विन्नी लखमानी, किर्षनाराय चंदानी, नितेश मनध्यान, सतीश काटा लखमानी, हंसराज राजपाल, राजू जसवानी, सहित अन्य सभी ने मिलकर इंदिरानगर मन्दिर में भगवान झूलेलाल की पूजा अर्चना,कीर्तन भजन कर प्रसाद का वितरण किया। आज इंदिरानगर झूले लाल मन्दिर सहित शिव शान्ति आश्रम, हरिओम मन्दिर, एसएसडी धाम, शुभम् सिटी, राजाजीपुरम व सिन्धी बाहुल्य क्षेत्रों में घर-घर भगवान झूलेलाल के जयकारे गूंजते रहे। ढोल नगाड़े की धुन पर घरों में सिंधी महिलाओं ने नृत्य भी किया। इधर दूसरी ओर सिंधु सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी ने चेट्टी चंद मेला कमेटी के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा की 6 महीने अपने निजी कामों से व्यस्त रहने के चलते काम करने में असमर्थ रहेंगे। इसलिए आज उन्होंने प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कमेटी के पदाधिकारियों से कहा है की वो भगवान झूलेलाल जयंती के समय मीटिंग वा अन्य कामों में अपनी भूमिका निभाते रहेंगे लेकिन प्रवक्ता पद पर अब काम नहीं करेंगे।

अखिलेश यादव के मानसून ऑफर पर भाजपा बोली, खुद की कोई कूवत नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा में चल रही बयानबाजी के बीच गुरुवार को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बीजेपी और उनके सहयोगियों को एक बेहतरीन ऑफर देकर सरकार के लिए नई चुनौती खड़ी कर दी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया के जरिए पोस्ट कर लिखा, मानसून ऑफ़र- सौ लाओ, सरकार बनाओ!, यानी बीजेपी या सरकार में से 100 विधायक सपा के साथ लाओ और फिर राज्य में सपा की सरकार बनाओ। अखिलेश के ट्वीट पर भाजपा प्रवक्ता आलोक अवस्थी ने जवाब देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा कि अखिलेश यादव मानसिक रूप से दिवालिया हो चुके हैं। संघर्ष करके पार्टी खड़ी की होती तो आज ऑफर नहीं देने पड़ते। अपने पिता को धक्का दकर पार्टी पर क़ब्ज़ा करने वाले अखिलेश यादव के राज को जनता भूली नहीं है। अपराधियों, बलात्कारियों, लव जेहादीयों, आतंकवादियों, लुटेरों, भूमाफ़ियों, रंगदारों, भ्रष्टाचारियों, युवाओं के रोज़गार ठगने वालों की समर्थक सरकार को जनता ने ठिकाने लगाया है और आगे भी लगाएगी। इसीलिये ऑफर बाँटते फिर रहे हैं। क्योंकि खुद की कोई कूवत नहीं है।

राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को मिले छह पुरस्कार

लखनऊ। नई दिल्ली के इंडियन हैबिटेट सेन्टर में आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा देश भर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना व दीन दयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न प्रदेशों को अलग-अलग श्रेणियों में स्पार्क अवॉर्ड 2023-2024 व प्रेज अवॉर्ड 2023-2024 से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश को उल्लेखनीय उत्कृष्ट कार्यों हेतु छह विभिन्न श्रेणियों सम्मान/ पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर व केंद्रीय राज्य मंत्री आवासन एवं शहरी कार्य तोखन साहू उपस्थित रहे। नई दिल्ली के इंडियन हैबिटेट सेन्टर में आयोजित उत्कृष्टता की ओर बढ़ते कदम कार्यक्रम में डे-एनयूएलम के लिए स्पार्क अवॉर्ड में विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार का वितरण व प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना हेतु प्रेज अवॉर्ड में विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों का वितरण माननीय मंत्री द्वारा किया गया। स्पार्क अवॉर्ड के अंतर्गत ओवरऑल बेस्ट परफॉर्मेंस की श्रेणी में उत्तर प्रदेश को देश भर में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ तथा प्रेज अवॉर्ड के अंतर्गत प्रदेश को बेस्ट परफॉर्मिंग अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

समाज सेविका गजल अकबर समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा से प्रेरित होकर चिल्ड्रेंस पैराडाइस मांटेसरी स्कूल की प्रधानाचार्या, समाजसेविका गजल अकबर ने अपने समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस मौक पर राय ने समाजसेविका गजल अकबर के सहित उनके साथ आये सभी समर्थकों के गले में तिरंगा पट्टिका पहनाकर तथा पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर विधिवत रूप से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई तथा उन्हें उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मुख्तार अहमद भी मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में आये हुए सभी मेहमानों का कांग्रेस पार्टी में स्वागत करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आज देश भय एवं नफरत का माहौल व्याप्त है। हिन्दू को मुस्लमान से लड़कार देश में अमन चैन तथा आपसी सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन अब देश और प्रदेश की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों को समझ चुकी है और उसका विश्वास भाजपा से उठ चुका है।

15 दिनों के अन्दर लम्बित समस्याओं के निराकरण न होने पर होगा आन्दोलन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने एक बार फिर पुरानी पेंशन लागू करने के लिए राज्य सरकार से पुरजोर मांग उठाई है। राज्य सरकार स्तर पर लम्बित विभिन्न समस्याओं के सम्बंध में पत्रकारों से बातचीत में परिषद के अध्यक्ष इं. हरिकिशोर तिवारी ने कहाकि सरकार के लगातार आदेशों की अवहेलना के चलते प्रदेश के लगभग 1.50 लाख कार्मिकों को ओपीएस का लाभ नही मिल पा रहा है। जबकि इसके सरकार ने कई आदेश किए और उनका अनुपालन नही किया गया। इनमें प्रदेश में कार्यरत वर्कचार्ज कार्मिक, ट्यबबेल आपरेटर सहित कई संवर्ग के कार्मिक शामिल है। परिषद 2016 कैसलेस नियमावली, सफाई कार्मिक सहित अन्य संवर्ग की लम्बित सेवानियमावली, पदोन्नति और विभागीय स्तर पर लम्बित कार्मिकों की समस्याओं के समाधान के लिए अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव एवं विभागाध्यक्ष स्तर पर मुख्य सचिव स्तर पर जारी आदेश के अनुसार प्रतिमाह बैठक न किए जाने की मांग को लेकर मुख्य सचिव से मिलेगा। इसके उपरान्त 15 दिनों के अन्दर राज्य स्तर पर लम्बित समस्याओं के निराकरण न होने पर प्रदेश स्तर पर आन्दोलन घोषित कर दिया जाएगा।

तिवारी ने बताया कि प्रदेश के दर्जनों विभागो में कार्यरत लगभग 1.50 लाख कार्मिकों को आदेश के बावजूद आला अफसरो की लापरवाही से 30 जून 1998 तक नियुक्ति वर्कचार्ज, डेलीवेज, अंशकालीन, समायिक के कार्मिकों को विनियमित नही किया गया। इसी तरह दूसरे आदेश में शासन की यह चेतावनी की इस तरह की भर्ती आगे ना करते हुए 31 दिसम्बर 2001 तक के ऐसे कार्मिकों का विनियमितीकरण करने के आदेश दिये गए। लेकिन फिर भी अधिकारियों ने उन कार्मिकों का विनियमितीकरण नही किया गया।

भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति रखना ही सफलता का मूल मंत्र: प्रशांत कुमार

● वर्ष 2023 बैच के 22 प्रशिक्षु आईपीएस अफसरों ने डीजीपी से की भेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

पुलिस मुख्यालय में गुरुवार को वर्ष 2023 बैच के प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों ने डीजीपी प्रशांत कुमार से भेंट की। इस शिष्टाचार भेंट में भारत वर्ष के भिन्न-भिन्न राज्यों के 22 भारतीय पुलिस सेवा के साथ-साथ 2 नेपाल पुलिस संगठन एवं 1 मालदीव पुलिस संगठन के चयनित प्रशिक्षु अधिकारी भी सम्मिलित हुए।

डीजीपी द्वारा मुलाकात के दौरान अपने उद्बोधन में उप्र पुलिस के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताते हुए वर्तमान परिवेश में जनता की सुरक्षा एवं अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियानों यथा कम्युनिटी पुलिसिंग, ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन त्रिनेत्र आदि के बारे में विस्तार से बताते हुए भारत सरकार द्वारा सम्पूर्ण भारत वर्ष में एक जुलाई से लागू किये गये तीन नये कानूनों की उपयोगिता के बारे में चर्चा की गयी।

अपने सम्बोधन में डीजीपी ने कहा कि पुलिस सेवा जनता के विभिन्न वर्गो की सेवा हेतु एक महत्वपूर्ण माध्यम है। आपको जनता के लिए आसानी से सुलभ होना चाहिए। आपको स्वच्छ इरादे के साथ काम करना चाहिए। विशेषतौर पर महिलाओं एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम एवं उन पर त्वरित कार्यवाही कराते हुए न्यायालय में प्रभावी पैरवी कराकर दोषियों को सजा दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा पुलिस की सेवा में नैतिकता, ईमानदारी, सत्यनिष्ठा एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेन्स की नीति रखना ही सफलता का मूल मन्त्र है।

डीजीपी द्वारा प्रशिक्षु अधिकारियों के जिज्ञासा भरे प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। इस अवसर पर अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन, अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना, अपर पुलिस महानिदेशक साइवर क्राइम, अपर पुलिस महानिदेशक कार्मिक, अपर पुलिस महानिदेशक अपराध, अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कानून का गलत इस्तेमाल कर व्यापारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने पर डीजीपी के तेवर सख्त

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

हापुड़ घटना में मेडिकल कालेज प्रबंधन के खिलाफ जबरन कार्रवाई किए जाने पर जहां शासन ने वहां के एसपी और एडीशनल एसपी को हटा दिया है वहीं अब ऐसे मामलों में डीजीपी प्रशांत कुमार ने भी सख्त तेवर दिखाए हैं। उन्होंने कहा है कि न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग कर उद्यमियों/ निर्दोष व्यक्तियों के विरुद्ध निराधार प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत की जा रही है। उन्होंने इस कार्यप्रणाली पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिकारियों को जारी आदेशों में डीजीपी ने कहा है कि विभिन्न व्यापारिक संगठनों द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्तर पर प्रत्यावेदन के माध्यम से यह तथ्य प्रस्तुत किये गये हैं कि व्यवसायिक विवादों, जो मूलत: सिविल प्रकृति के होते हैं, को आपराधिक रंग देते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत कराने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। इसके अतिरिक्त प्रतिष्ठानों, संस्थानों आदि में कोई आकस्मिक घटना / दुर्घटना होने पर प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार व्यक्तियों के अतिरिक्त मैनेजमेन्ट स्तर के लोगों को भी प्रथम सूचना में नामित कर दिया जाता है, जिनका उस घटना से कोई प्रत्यक्ष सम्बन्ध नहीं होता है। न्यायिक प्रक्रिया का दुरूपयोग कर निर्दोष व्यक्तियों, विशेष रूप से उद्यमियों के विरुद्ध निराधार प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत किया जाना शासन की प्रदेश में उद्यमियों को आमंत्रित करने तथा ईज आफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने की नीति के विपरीत है। इस प्रकार की घटनाओं से व्यवसायी उप्र में निवेश करने से हतोत्साहित हो सकते हैं। समय समय पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, व्यापारिक अपराध, चिकित्सीय लापरवाही के प्रकरण, भ्रष्टाचार के प्रकरण, ऐसे प्रकरण, जिनमें प्रथम सूचना पंजीकृत कराने में अस्वाभाविक विलम्ब हुआ हो, ऐसे मामलों में प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीकृत करने से पूर्व जांच करायी जा सकती है।

महाकुम्भ के निर्माण कार्यों को अक्टूबर तक पूरा कर लिया जाए

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

महाकुम्भ को निर्विघ्न सकुशल, सुरक्षित स्वच्छ, दिव्य और भव्य रूप में आयोजित किए जाने के दृष्टिगत अखाड़ा परिषद के प्रतिनिधियों संत महात्माओं के साथ हुई अहम बैठक

सुगम, सुरक्षित, भव्य एवं दिव्य महाकुम्भ के आयोजन के साथ साथ मेले में आने वाले संत महात्माओं श्रद्धालुओं को मिलेंगी अच्छी सुविधाएंः कुम्भ मेलाधिकारी

अपर पुलिस महानिदेशक भानु भाष्कर मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अगुवाई में गुरूवार को गांधी सभागार में अखाड़ा परिषद के प्रतिनिधियों संत महात्माओं के साथ महाकुम्भ 2025 को दिव्य भव्य सुरक्षित स्वच्छ रूप में आयोजित किए जाने के सम्बंध में सुझाव प्राप्त किए जाने हेतु बैठक आयोजित हुई। बैठक में अखाड़ा परिषद के प्रतिनिधियों संत महात्माओं द्वारा महाकुम्भ को निर्विघ्न सकुशल सुरक्षित स्वच्छ दिव्य एवं भव्य रूप से आयोजित किए जाने के सम्बंध में अपने अपने सुझाव दिए गए। एडीजी भानु भाष्कर मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत पुलिस आयुक्त तरूण गाबा आईजी प्रेम कुमार गौतम कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द अतिरिक्त पुलिस आयुक्त एन कोलांची वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुम्भ मेला द्वारा बैठक में आये हुए अखाड़ा परिषद के प्रतिनिधियों संत महात्माओं का माल्यार्पण स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनन्द द्वारा महाकुम्भ के दृष्टिगत की जा रही तैयारियों के बारे में पॉवर प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से बताया गया। कुम्भ मेलाधिकारी ने महाकुम्भ को स्वच्छ एवं प्लास्टिक मुक्त आयोजित किए जाने गंगा की अविरलता शुद्धता बनाये रखने हेतु कार्ययोजना एवं उसका सतत अनुशरण एवं निगरानी सुगम यातायात मेला क्षेत्र में आने वाले तीर्थयात्रियों साधु महात्माओं के सकुशल एवं सुरक्षित स्नान किए जाने हेतु की जा रही व्यवस्थाओं नैनी झूंसी फाफमऊ और शहर में पार्किंग व्यवस्था शौचालय पेयजल सुरक्षा के दृष्टिगत कैमरों की व्यवस्था पाण्टुन पुल स्नान घाटों के क्षेत्र में वृद्धि हेतु रिवर चैनलाइजेशन मेला क्षेत्र में बनायी जाने वाली अस्थाई सड़कों यात्रियों के सुगम यातायात के लिए परिवहन निगम की सात हजार बसों की व्यवस्था के साथ साथ 550 शटल बसों की व्यवस्था मेला क्षेत्र में डिजिटल डिस्प्ले स्क्रीन के माध्यम से सूचनाओं को प्रदर्शित किए जाने से सम्बंधित व्यवस्था ड्रोन कैमरों से भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा की सतत निगरानी मंदिरों के सौन्दर्यीकरण के कार्य पर्यटक सुविधाओं के उन्नयन हेतु टेण्ट सिटी मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 2500 की क्षमता वाले रैन बसेरा मेला क्षेत्र में जल निकासी की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के सम्बंध में किए जा रहे कार्यों के बारे में अखाड़ा परिषद के प्रतिनिधियों को विस्तार से जानकारी दी उन्होंने पार्किंग स्थलों पर बिजली पानी प्रकाश कैमरे सहित अन्य व्यवस्थाओं के सम्बंध में की जा रही तैयारियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि मेला क्षेत्र में आने वाले संत महात्माओं एवं श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। संवाद कार्यक्रम में संत महात्माओं द्वारा महाकुम्भ के दृष्टिगत ज्यादा संख्या में संत महात्माओं के आगमन को देखते हुए अखाड़ों की जमीन में वृद्धि किए जाने प्रमुख धार्मिक स्थलों के सुंदरीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के साथ साथ लोगो की जानकारी के लिए साइनेज लगाये जाने हाथरस की घटना के दृष्टिगत अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था एवं सावधानी बरतने विगत कुम्भ में दी गयी सुविधाओं में वृद्धि किए जाने प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ महाकुम्भ के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्था किए जाने साफ सफाई तथा निर्माणाधीन कार्यों को ससमय पूर्ण किए जाने आदि के सम्बंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक भानु भाष्कर ने कहा कि हम सभी का प्रयास है कि सुगम सुरक्षित भव्य एवं दिव्य महाकुम्भ के आयोजन के साथ साथ मेले में आने वाले पूज्य संत महात्माओं श्रद्धालुओं को अच्छी से अच्छी सुविधा दे सके। मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत ने कहा कि महाकुम्भ मेला को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। पुलिस आयुक्त तरूण गाबा ने कहा कि यातायात व्यवस्था सुरक्षा भीड़ प्रबंधन में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करते हुए मेले को सुगम रूप में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार अपर मेलाधिकारी दयानन्द प्रसाद अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

सौहार्द और सामाजिक समरसता के साथ त्यौहार मनाने की अपील

अंबेडकरनगर। कावड़ यात्रा तथा आगामी त्यौहार को सकुशल शांति पूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी संप्रदाय के गणमान्य तथा कावड़ संघ के पदाधिकारी के साथ जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉण्कौस्तुभ की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण माहौल में कावड़ यात्रा त्यौहार मनाए जाने को लेकर बुद्धिजीवियों से विचार विमर्श किया गया और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया। इसमें सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही सभी संवेदनशील जगहों पर मजिस्ट्रेट की तैनाती की जाएगी। ताकि त्यौहार को सकुशल एवं हर्शोल्लास के साथ संपन्न कराया सके। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील कि सांप्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक समरसता साथ त्यौहार मनाया जाय। जिला प्रशासन आप सभी के सहयोग के लिए हमेशा तैयार है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने डीपीआरओ तथा ईओ नगर पालिकाएनगर पंचायत को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण शहरी क्षेत्रों में साफसफाई करा लिया जाय।निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं पेयजल आपूर्ति के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही साथ विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि ढीले विद्युत तार को ठीक कराया जाए। त्यौहार के मद्देनजर चिकित्सा सुविधा चुस्त.दुरुस्त बनाए रखने लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान कावड़ संघ के पदाधिकारी तथा अन्य नागरिकों द्वारा सुझावो तथा अनुभवों को शेयर किया गया।लोग कांवड़ यात्रा के दौरान सभी के द्वारा प्रशासन के सहयोग का आश्वासन दिलाया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कावड़ संघ के पदाधिकारी की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए ससमय निस्तारण किया जाए।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि भ्रामक खबरएअफवाह फैलाने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सिलथरी गांव में हुई युवक की हत्या, ग्रामीणों में आक्रोश

पुलिस ने मोबाइल बरामद कर मालिक को किया सुपुर्द

सोनभद्र। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सिलथरी गांव में बुधवार की रात एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। गुरुवार की सुबह पांच बजे घर से महज सौ मीटर दूर युवक का शव नहर में मिला। मृतक अरविंद चौहान के पिता छोटेलाल की तहरीर पर इमाम शाह व उसके पुत्रों के खिलाफहत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्रामीणों ने गुरुवार को घटना स्थल पर ही जमकर नारेबाजी कर नाराजगी व्यक्त किया। साथ ही आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने व चौकी प्रभारी को तत्काल निलंबित करने की मांग भी की। हत्या कहां और कैसे की गई इसकी जांच पुलिस कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी चारु द्रिवेदी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों व स्वजन को समझाकर शांत कराया। साथ ही सीओ के नेतृत्व में एसआइटी का गठन करके जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने का विश्वास दिलाया। ग्रामीणों के आरोपित का घर गिराने की मांग पर उप जिलाधिकारी सदर को मौके पर बुलाया गया। उप जिलाधिकारी ने कानूनगो व लेखपाल को मौके पर ग्रामीणों के सामने आरोपितों के मकान की जमीन की नापी करने के लिए कहा और आश्वासन दिया कि घटना को अंजाम देने वाले किसी भी सूरत में बच नहीं पाएंगे। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के चौकी प्रभारी के निलंबन एवं उप जिलाधिकारी के घर गिराने के आश्वासन पर लोग शांत हुए। राबर्ट्सगंज थाना प्रभारी सतेन्द्र राय ने बताया कि हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। गठित टीम जांच में लगी है। फिलहाल, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लोढ़ी भेज दिया गया है।

सोनभद्र। चोपन थाना पुलिस द्वारा खोये हुए 01 मल्टीमीडिया मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामी को सुपुर्द किया। गुड़िया वर्मा पत्नी सूर्यकांत निराला निवासिनी टोला मलोघाट गुरमुरा पनारी थाना चोपन जनपद सोनभद्र का मोबाइल कहीं खो गया था, जिसकी सूचना थाना चोपन पुलिस को दी गयी तो आवेदिका के खोये हुये मोबाइल की डिटेल यूपी कॉप एप्लीकेशन के माध्यम से पोर्टल पर दर्ज कराया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में खोये/गिरने से सम्बन्धित मोबाइल सेट की बरामदगी करने हेतु जनपद के समस्त थानों पर मोबाइल रिकवरी टीम गठित किया गया।

राज्यसभा सांसद से मिले मीटर रीडर,लगाई गुहार

गाजीपुर। विद्युत विभाग में निविदा पर कार्यरत मीटर रीडरो ने राज्यसभा सांसद संगीता बलवंत से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। वही समस्त मीटर रीडरो ने कंपनी और विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि सन 2017 से 9 जुलाई 2024 तक मीटर रीडिंग का कार्य करा रही मेसर्स युवा शक्ति कांट्रक्शनएएन सॉफ्ट इंडिया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेडए मेसर्स स्टर्लिंग टेक्नोलोजी एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का विद्युत विभाग से डोर टू डोर बिलिंग कराने का अनुबंध था जो कार्य तो मीटर रीडरों से खूब करवाई गई मगर तीनों के तीनों कंपनियों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिलीभगत से अरबों रुपए लेकर भाग गईएजिसमे मीटर रीडरों के सामने एक एक मेहनत के पैसे के लाले पड़ गए हैं वही इन मीटर रीडरों का परिवार भुखमरी के कगार पर आ गया हैएवही बच्चों को पढ़ाने लिखाने में कठिनाई हो गई है। सांसद संगीता बलवंत से पीड़ित मीटर रीडर मिल। सांसद ने ने ऊर्जा सचिव को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है और मांग की है कि तत्काल इन गरीब मजदूरों का एक एक बकाया पैसा दिया जाय एवं इसकी उच्चस्तरीय जांच कमेटी बनाकर जांच कराई जाय।

पी जी कालेज में सघन वृक्षारोपण

गाजीपुर। स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स ने गुरुवार को वन कैडेट वन प्लांट वृक्षारोपण अभियान के तहत परिसर में वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत प्राचार्य प्रोफेसर ;डॉ0द्ध राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने आम का वृक्ष रोपित करके किया। इस अवसर पर डॉक्टर पाण्डेय ने छात्र . छात्राओं को वृक्षारोपण एवं वृक्ष संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया। डॉक्टर पाण्डेय ने बताया कि पर्यावरण संतुलन के लिए हर विद्यार्थी को न्यूनतम एक पौधा लगाना ही नहीं बल्कि उसके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए।

मड़िहान सीएचसी का किया मुआयना

मड़िहान। मिर्जापुर मड़िहान सीएचसी का पूर्वांचल राज्य विकास सदस्य बौद्ध अरबिंद सिंह पटेल के द्वारा बृहस्पतिवार को अकास्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान हाजरी पंजिकाए दवा स्टोरए ओपीडी रजिस्टर को चेक किया गया। हाजरी पंजिका में बुरी तरह कट फ्रीट पायेगा। माननीय पटेल के द्वारा पंजिका में कट फ्रीट पर सवाल उठाए गए। उन्होंने कहा हाजरी पंजिका से हम संतुष्ट नहीं हैं। कट फ्रीट का मतलब गैरमौजूदगी होने के बाद भी स्वास्थ्य कर्मियों की हाजरी दर्ज कराई जाती है। माननीय पटेल दवा स्टोर की जांच करते हुए कहा बाहर से बिल्कुल दवा न लिखी जाय । सरकार के द्वारा हर स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रयाप्त मात्रा में दवा उपलब्धता कराई गई है। ज्यादातर हर प्रकार की जांच भी सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध है। स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों के साथ हिला हवाली बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

आईपीएस अभिजीत पाण्डेय हुए सम्मानित

गाजीपुर। होनहार विरवान के होते चिकने पात की कहावत को चरितार्थ करने वाले 2024 बैच के 451वीं रैंक हासिल कर आईपीएस अभिजीत पाण्डेय को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय माधव कुटी भवन रायगंज में आयोजित सम्मान समारोह में गुरूवार को सम्मानित किया गया। संघ कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में सह विभाग प्रचारक दीपक ने आईपीएस अभिजीत पाण्डेय को श्रीराम की स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया और बताया कि ष्होनहार वीरवान के होते चिकने पातष् की कहावत को चरितार्थ करने वाले अभिजीत पाण्डेय हमारे स्वयंसेवक अधिवक्ता विश्वनाथ पाण्डेय के पुत्र है और कड़ी प्रतिशपर्धा के बीच इन्होने ने लक्ष्य हासिल किया है उसके लिए हम इन्हे बधाई देते है और ईश्वर से कमना करते है कि ये इसी तरह निरन्तर नई उचाई को अपने अनुशासनए कतर्व्यनिष्ठाए ईमानदारी के बल पर हासिल करते रहे। आईपीएस अभिजीत पाण्डेय ने अपने इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता, दोस्तो व भगवान को दिया।

डीएम और सीडीओ ने कार्यदायी संस्थाओं से कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा की

अंबेडकर नगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या की उपस्थिति में समस्त कार्यदाई संस्थाओं के अधिशासी अभियंताएपरियोजना प्रबंधक के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी अनुपम सिंह द्वारा बिंदुवार कार्यदाई संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया गया। अधिशासी अभियंताए परियोजना प्रबंधक द्वारा अभी तक कराए गए कार्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा परियोजनाओं के अधूरे निर्माण कार्यों को समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए।साथ ही गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित कार्यदाई संस्था के साथ ही साथ संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया की कार्यों के गुणवत्ता पर ध्यान दें एवं समय.समय पर कार्यों का निरीक्षण करते रहें। बैठक के दौरान निर्माण कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की समीक्षा तथा पूर्ण एवं हस्तांतरण योग निर्माण कार्यों के हस्थानांतरण की भी समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमारएअधिशाषी अभियंताए जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारीएजिला सूचना अधिकारी तथा संबंधित अधिकारीएकर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

अधिवक्ताओं की पत्नियों को मिला पांच लाख का चेक

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से परिवारीजनों को दिया गया सहायता चेक

प्रयागराज। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से गुरुवार को मृतक चार अधिवक्ताओं की पत्नियों और परिवारीजनों को पांच लाख रुपए का चेक सहायता स्वरूप प्रदान किया गया। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन इलाहाबाद के न्यू पदाधिकारी कक्ष में बार के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल तिवारी और महासचिव विक्रान्त पाण्डेय ने संयुक्त रूप से हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के दिवंगत अधिवक्ता सदस्यों के परिवारीजनों को मृतक सहायता धनराशि प्रदान की। बार की ओर से स्व यशवंत सिंह की पत्नी मीरा सिंह स्व विनोद कुमार शुक्ला की पत्नी सुनीता शुक्ला स्व श्रवण कुमार मिश्र की पत्नी सुनीता मिश्रा एवं स्व पहलू धुरिया की पत्नी कान्ति धुरिया को मृतक आश्रित सहायता धनराशि के रूप में पांच लाख का चेक प्रदान किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी अखिलेश कुमार मिश्रा सुभाष चन्द्र यादव नीरज त्रिपाठी नीलम शुक्ला संयुक्त सचिव प्रशासन सुमित कुमार श्रीवास्तव संयुक्त सचिव लाइब्रेरी अभिजीत कुमार पाण्डेय संयुक्त सचिव प्रेस पुनीत कुमार शुक्ला कार्यकारिणी सदस्य अवधेश कुमार मिश्र अभिषेक तिवारी सच्चिदानन्द यादव दिनेश यादव वेद प्रकाश ओझा बलदेव शुक्ल सर्वेश्वर लाल श्रीवास्तव राजेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी संयुक्त सचिव प्रेस पुनीत कुमार शुक्ला ने दी।

मण्डल के खानपान स्टालों में चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान

प्रयागराज। मण्डल रेल प्रबंधक हिमांशु बडोनी के नेतृत्व में यात्रियों की यात्रा को सुखद बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। प्रयागराज मण्डल में यात्री सेवाओं को निरंतर उत्कृष्ट बनाया जा रहा है। मण्डल में लिफ्ट एस्केलेटर स्वच्छ पेयजल पंखा आसान टिकट वितरण यात्रियों की सुरक्षा स्टेशन क्षेत्र में प्रकाश जैसे सभी बिन्दुओं पर कार्य किया जा रहा है। प्रयागराज मण्डल के सभी स्टेशन स्वच्छ रहें इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जा रही है। यात्रियों के यात्रा के अनभुव को बेहतर बनाना प्रयागराज मण्डल की प्राथमिकता है। स्टेशनों पर खानपान की गुणवत्ता बेहतर की जा रही है और जिन स्टेशनों पर खानपान कैटरिंग स्टाल कम हैं। वहाँ नए कैटरिंग स्टाल खोले जा रहे हैं। प्रयागराज मण्डल में सभी स्टेशनों पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है की यात्रियों को खानपान की वस्तुओं को लेने के स्टेशन के बाहर न जाना पड़े। यात्रियों के लिए प्रयागराज मण्डल में खानपान के 240 से अधिक स्टाल कार्यरत हैं। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक कोचिंग हिमांशु शुक्ला के निर्देशन में स्टेशन और ट्रेनों में खानपान की गुणवत्ता के साथ कैटरिंग स्टालों की स्वच्छता के स्तर को भी बेहतर किया जा रहा है। प्रयागराज मण्डल में सभी स्टेशनों के कैटरिंग स्टालों पर स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जा रहा रहा है।

दो अधिवक्ताओं को निरीक्षण कर एक सप्ताह में रिपोर्ट देने का निर्देश

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज की हालत का मौका मुआयना करने के लिए दो? अधिवक्ताओं की टीम भेजकर उनसे एक हफ्ते में रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक को पूरा सहयोग करने तथा थाना प्रभारी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि स्थलीय निरीक्षण में कोई व्यवधान न डालने पाये। याचिका की अगली सुनवाई 21 अगस्त को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति एम के गुप्ता तथा न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने स्वतरू कायम जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा कुतरने वाले जीवों की रोकथाम के उपायों के बावजूद वार्ड में कुत्ते घूम रहे हैं।

नहर, नाले, तालाब में डूबने से बचाव को सुरक्षा के करें उपाय

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि आगामी दिनों में बरसात होने की संभावना है, जिसके लिए जनपदवासियों से अपील है कि भरे हुए नहर, नाले, तालाब आदि में सावधानी को अपनाते हुए जीवन को बचाएं और इसके प्रति लोगों में जागरूकता भी फैलाये, जल भराव वाले स्थानों पर डूबने से बचाव के लिए सुरक्षा के उपाय को अवश्य अपनायें जैसे यदि तैरना न आता हो तो नदी, नहर, नाले, तालाब आदि में कदापि न जाएं एवं अपने स्वजन को भी जाने से रोकें, बच्चों को पुलिया एवं ऊंचे टीलों से पानी में कूद कर स्नान करने से रोकें, अति आवश्यक हो तो ही पानी में उतरें एवं गहराई का ध्यान रखें। ओवरलोडेड नौकाओं में न बैठें, कोशिश करें किसी नदी, पोखर, तालाब या जल स्त्रोत में सामूहिक रूप से स्नान करने जाते समय साथ में 10-15 मीटर लंबी रस्सी या धोती साड़ी अवश्य रखें, नदियों, नहरों, जलाशयों या अन्य अल स्त्रोतों के पास लिखी हुई चेतावनी की अवहेलना न करें, छोटे बच्चों को घाटों एवं जल स्त्रोतों के समीप न जाने दें, किसी के उकसावे में आकर पानी में छलांग न लगाएं, नदियों या अन्य जल स्त्रोतों के घाटों पर रीति रिवाजों एवं संस्कारों का निर्वहन करते समय सावधानी बरतें, नदी या तालाब में तैरते स्नान करते समय स्टंट न करें, सेल्फी आदि न ले ऐसा करना जानलेवा हो सकता है। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों, ग्राम प्रधानों से अपील की है कि नदियां, तालाबों अथवा अन्य जल स्त्रोतों के पास बच्चों को न जाने दें, जल स्त्रोतों में डूबने के कारण जनहानि होती है, इसलिए सतर्कता बरतने और जागरूकता फैलाने का हर संभव प्रयास करें।

मीरजापुर में 76 सबसेन्टर का शीध्र किया जाएगा संचालन

जिले के विभिन्न विकास खण्डो में मिलेगा घर पर ही उपचार

मीरजापुर। प्रदेश व देश की सरकार द्वारा जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य मुहैया कराने का तरह.तरह का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले 76 सबसेन्टर का शीघ्र संचालन शुरू किया जायेगा। इस आशय की जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर छोटे लाल वर्मा ने एक बैठक के दौरान कही।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि इस समय जिले में 19 सामुदायिक स्वास्थ्यए 56 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अलावा 326 सबसेन्टरों का संचालन किया जा रहा है जिसके माध्यम से सभी का समय से उपचार किया जा रहा है आबादी के अनुसार पीछले वर्ष सरकार द्वारा 76 सबसेन्टरों के चालन का आदेश जारी कर दिया गया था लेकिन लोकसभा के चुनाव के बीच इस कार्य में विलम्ब हो गया है लेकिन अब सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों व कर्मचारियों को पत्र के माध्यम से इस तथ्य की जानकारी दे दिया गया है और कहा गया है कि अपने . अपने क्षेत्रो में किराये के भवन को चिन्हित कर मुख्यालय को प्रेषित करें जिससे इन सेन्टरों का संचालन यथाशीध्र शुरू किया जा सके और ग्रामीण क्षेत्रो में उपचार मिल सके और दूसरे शहरों की ओर उपचार के लिए प्रस्थान न करना पड़े।

कृषक बन्धु श्री अन्न की खेती से उपज में करें बढ़ावाः जिलाधिकारी

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया, इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित कृषक बन्धुओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की इस दौरान जिलाधिकारी ने कृषि, विद्युत, सहकारिता, उद्यान, मत्स्य, रेशम, सिंचाई विभागों से सम्बन्धित समस्याओं के सम्बन्ध में कृषक बन्धुओं से जानकारी प्राप्त की, कृषक बन्धुओं द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड बनाने में बैंकर्स द्वारा बरती जा रही शिथिलता के सम्बन्ध में जानकारी दी, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी हरे कृष्ण मिश्र को निर्देशित करते हुए कहाकि किसान क्रेडिट कार्ड बनाने में व फसल बीमा योजना के अन्तर्गत बीमित कृषकों के फसल नुकसान का मुआवजा सम्बन्धित बीमा कम्पनी द्वारा समय से दिलाया जाये और कृषक बन्धुओं द्वारा आज किसान दिवस में जो भी समस्याएं बतायी गयी है, उन समस्याओं का ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, इसमें किसी स्तर पर शिथिलता न बरती जाये, इस दौरान जिलाधिकारी ने कृषक बन्धुओं को श्री अन्न मिलेट् सांवा, कोदो, रागी के उन्नतशील बीजों के निःशुल्क मिनीकिट का वितरण भी किया, उन्होंने कृषक बन्धुओं से कहा कि जनपद में श्री अन्न के खेती करते हुए उत्पादन को बढ़ाया जाये, जिससे आमदनी में वृद्धि हो सके। बैठक का संचालन जिला कृषि अधिकारी हरे कृष्ण मिश्र द्वारा किया गया। इस दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ0 रश्मि सिंह द्वारा श्री अन्न के महत्व एवं उत्पादन से सम्बन्धित वैज्ञानित तथ्यों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। इस मौके पर एल0डी0एम0, अधिशासी अभियन्ता विद्युत मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ए0आर0 को आपरेटिव कृषि विभाग के वैज्ञानिक आदि उपस्थित रहें।

स्वयं के प्रति प्रतिबद्धता निडरता-लगन आई नजर

प्रयागराज। अक्सर लोग अपने शो में न सिर्फ अपनी एक्टिंग स्किल्स से दर्शकों को प्रभावित करते हैं बल्कि अलग अलग मुश्किल स्टंटस भी करते हैं। ऐसी ही एक एक्टर हैं ऐश्वर्या खरे जो जी टीवी के शो भाग्य लक्ष्मी में लक्ष्मी का रोल निभा रही हैं। हाल ही में उन्होंने एक हैरतअंगेज स्टंट करके दर्शकों को प्रभावित कर लिया। इस सीक्वेंस में ऐश्वर्या को अपनी ऑनस्क्रीन बेटी पार्वती त्रिशा सारडा को एक बोरवेल से बचाना था। जानने के लिए देखिए भाग्य लक्ष्मी रोज रात साढ़े आठ बजे सिर्फ जी टीवी पर आएगा। उन्होंने न सिर्फ इस सीन को बखूबी निभाया बल्कि उनके इस साहसिक कदम से अपने रोल के प्रति उनकी प्रतिबद्धता निडरता और लगन भी साफनजर आई। ऐश्वर्या कहती हैं मैं खुशकिस्मत हूं कि लक्ष्मी के रोल में मुझे नए नए स्टंटस परफॉर्म करने के कई मौके मिले। ज़ाहिर है यह हमेशा आसान नहीं होता क्योंकि पूरे सीन की तैयारी के लिए टीम को बहुत मेहनत करनी पड़ती है और यह देखना होता है कि कैसे हम तमाम सुरक्षा उपायों के साथ शूटिंग करेंगे।

नीति आयोग

महत्वपूर्ण पुनर्गठन

नीति आयोग का महत्वपूर्ण पुनर्गठन कर सरकार ने उसमें 'रणनीतिक नियोजन' के लिए केन्द्रीय मंत्रियों तथा राजग सहयोगियों को शामिल किया है। अपनी नीति निर्माण प्रक्रिया को गति देने के लिए भारत सरकार ने 'नेशनल इंस्टीट्यूशन फार ट्रांसफार्मिंग इंडिया'- नीति आयोग का पुनर्गठन किया है। इसमें 15 केन्द्रीय मंत्रियों तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग के महत्वपूर्ण सहयोगियों को शामिल किया गया है। यह देश के नियोजन एवं विकास में 'रणनीतिक बदलाव' है। इससे सरकार की प्रतिबद्धता प्रकट होती है कि वह विभिन्न मंत्रालयों की जानकारियों को नीति-निर्माण प्रक्रिया में शामिल करना चाहती है। विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित मंत्रालय अनेक विशेषज्ञताओं और दृष्टिकोणों को सामने रखेंगे। इस समग्र दृष्टिकोण का लक्ष्य बहुआयामी राष्ट्रीय चुनौतियों से ज्यादा प्रभावशाली ढंग से निपटना है। इस पुनर्गठन में प्रमुख राजग सहयोगियों को भी शामिल किया गया है ताकि राष्ट्र का विकास एजेंडा संचालित करने के सामूहिक प्रयास हो सकें। राजग सहयोगियों को आमंत्रित कर सरकार आयोग के भीतर ज्यादा समावेशी व सहयोगी परिवेश बनाना चाहती है। इसमें शामिल उल्लेखनीय मंत्रियों में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। इनकी उपस्थिति से देश की आर्थिक, आंतरिक सुरक्षा तथा रक्षा नीतियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। स्वास्थ्य, शिक्षा और ग्रामीण विकास मंत्रियों के समावेशन से भारत की विकास आवश्यकताओं के प्रति समग्र दृष्टिकोण की आशा है।

इस पुनर्गठन को परंपरागत 'योजना आयोग' माडल से रणनीतिक बदलाव माना जा रहा है जो नीति आयोग को ज्यादा गतिशील एवं समावेशी स्वरूप प्रदान करेगा। इससे सरकार का इरादा स्पष्ट होता है कि वह 'न्यू इंडिया' का दृष्टिकोण आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों व सहयोगियों के सामूहिक विवेक का प्रयोग करना चाहती है। आयोग के पुनर्गठन का उद्देश्य केन्द्र व राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित कर जमीनी स्तर पर नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इस पुनर्गठन का एक प्रमुख लक्ष्य नीतियों का क्रियान्वयन सुधारना है। सरकार को उम्मीद है कि इससे प्रमुख पहलों व कार्यक्रमों का सहज क्रियान्वयन होगा। इसका परिणाम ज्यादा सक्षम नीतिगत क्रियान्वयन तथा जमीनी स्तर पर बेहतर नतीजे होंगे। नीति आयोग की स्थापना योजना आयोग के विकल्प के रूप में 1 जनवरी, 2015 को की गई थी। इसका प्रमुख उद्देश्य राज्य सरकारों को नीति निर्माण प्रक्रिया में शामिल कर 'सहयोगी संघवाद' प्रोत्साहित करना है। लेकिन धीरे-धीरे इसका महत्व समाप्त हो गया। भारत सरकार ने लगातार केन्द्रीकृत दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया है जिससे राज्यों की नियोजन एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी घटी है। इससे नीति आयोग की भूमिका को नुकसान पहुंचा। नीति आयोग के पास वित्तीय शक्तियां तथा सीधे फंड आबंटन की शक्ति नहीं होती है, इससे वास्तविक नीति क्रियान्वयन पर इसका प्रभाव सीमित होता है। इसके साथ ही दीर्घकालीन रणनीतिक नियोजन के बजाय तात्कालिक आर्थिक व राजनीतिक लक्ष्यों को प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति होती है। इससे टिकाऊ विकास में नीति आयोग की प्रासांगिकता घटती है। नीति आयोग के नए चरण में जाने के साथ ही इसकी संभावनाओं तथा समुचित प्रगति करने की क्षमताओं के प्रति आशावाद की भावना पैदा हुई है। उम्मीद है कि सरकार के नवीनतम कदम से ज्यादा जीवन्त नीतिगत ढांचा तैयार होगा।

संसद में सांसदों का कर्तव्य

विपक्ष को संसदीय बहसों में शामिल होकर अपने निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़ना चाहिए, पर वे वाकआउट व विरोध प्रदर्शनों से अक्सर अपना समय खराब करते हैं।

प्रफुल्ल गोराडिया
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)

सांसदों को संसद में अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए, पर अक्सर वे ऐसा नहीं करते हैं। विपक्ष को संसदीय बहसों में शामिल होकर अपने निर्वाचन क्षेत्रों से जुड़ना चाहिए, पर वे वाकआउट व विरोध प्रदर्शनों से अक्सर अपना समय खराब करते हैं। यह समझना कठिन है क्योंकि खासकर कुछ सांसद अपने कर्तव्यों की मूल भावना की अनदेखी करते हैं। इसी कारण आमतौर से विधायिका अपने मूल काम पर ज्यादा ध्यान नहीं दे पाती है। वर्तमान संसदीय सत्र का बाकी समय विपक्ष के लिए एक अवसर है कि वह टेलीवीजन के माध्यम से अपनी प्रतिभा और प्रतिबद्धता प्रकट करे। सत्तारूढ़ पार्टी या पार्टियों को अपने विधेयक पास कराने तथा उनको कानून में बदलने के सिवा विधायिका का और कोई काम नहीं होता है। यदि कोई कानून न हों अथवा उनको तत्काल पास कराने की जरूरत न हो तो सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी लगभग पूरे साल बिना विधायिका के अपना काम चला सकते हैं।

हालांकि, बजट पेश करने और उसे पास कराने की मूल आवश्यकता होती है, जिसे केवल विधायिका ही वैध रूप दे सकती है। इसमें लोकसभा की खास भूमिका होती है। ये तथ्य खासकर भारत में राज्य विधानसभाओं की कार्यवाहियों से सामने आते हैं। वे साल में एक बार महत्वपूर्ण विधेयक पास कराते हैं और इस दृष्टिकोण से पूरे साल में एक बार बजट पास कराना राज्य विधायिकाओं के कामकाज का प्रमुख अंग होता है। अधिकांश राज्य विधानसभायें औसतन एक बार में तीन या चार दिन बैठकें करती हैं। यदि उनको विधिक आवश्यकतायें पूरी करने के लिए साल में कुछ समय तक बैठकें न करनी हों तो वे शायद यह भी न करें। इसी कारण राज्य विधानसभाओं का प्रत्येक सत्र मुश्किल से तीन या चार दिन का होता है। लेकिन इसके बावजूद राज्य विधानसभाओं के सदस्य विधायक-एमएलए विधायिका के पूरे कार्यकाल के लिए अपने वेतन और भत्ते प्राप्त करते हैं।

मोटेतौर से यह बात काफी कुछ संसद पर भी लागू होती है। हालांकि, संसद के तीन सत्र-बजट, मानसून व शीत सत्र होते हैं और ये काफी लंबे समय तक चलते हैं। इस महत्वपूर्ण तथ्य को अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि यदि विधायिकाओं के सत्र ज्यादा से ज्यादा समय तक चलें तो विधि-निर्माता सांसदों और विधायकों, खासकर विपक्षी दलों के सदस्यों को अपना कौशल, ज्ञान तथा मतदाताओं के साथ अपना जुड़ाव प्रदर्शित करने का मौका मिलेगा। इससे वे अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से जीवन्त संवाद स्थापित कर सकते हैं। आजकल टेलीवीजन चैनलों पर विधायिकाओं की लगभग पूरी कार्यवाही दिखाई जाती है जिसमें 'संसद टीवी' की प्रमुख भूमिका है। विपक्ष को इन टेलीवीजन प्रसारणों से बहुत लाभ मिल सकता है। यह उनके लिए अत्यन्त लाभदायक है क्योंकि यह माध्यम मुफ्त है तथा निरंतर उनकी सेवा में लगा रहता है। इसके माध्यम से वे अपने निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं तथा देश-प्रदेश की जनता से निरंतर संवाद कर सकते हैं। जब मैं संसद में था, उसी समय इस संस्थान-संसद टीवी की शुरुआत हुई थी। उस समय अधिकांश समय अधिकांश मंत्री टेलीवीजन चैनलों का पूरा प्रयोग करते थे। वे यथासंभव अधिकाधिक समय तक बोलते थे ताकि संसद टीवी पर उनका प्रसारण मतदाता देख सकें।

इसी कारण 11 बजे सवेरे से 12 बजे दोपहर तक 'प्रश्न काल' में केवल पांच या छः सवाल सामने आते थे जिनके जवाब दिए जाते थे, जबकि इस दौरान अधिकाधिक 20 सवाल शामिल किए जा सकते हैं। इसका कारण यह है कि प्रश्न पूछने वाले सांसद अधिकाधिक समय अपने 'पूरक प्रश्नों' पर बोलने के लिए खर्च करते थे जो सांसदों का विशेषाधिकार था। आमतौर से विपक्षी पार्टियों की तुलना में सत्तारूढ़ पार्टी या पार्टियों को अपनी बात रखने और संसद टीवी के सामने जनता के पास जाने का ज्यादा अवसर मिलता है। इसके बावजूद विपक्ष आमतौर से अपना ज्यादातर समय सत्र में विचारहीन ढंग से 'वाकआउट' व विरोध प्रदर्शनों के माध्यम से खराब करता है। विपक्ष के इस हंगामे और अराजकता के कारण अध्यक्ष को मजबूरी में कई घंटे या पूरे दिन के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ती है। विपक्ष के इस अनैतिक एवं अनुचित व्यवहार का प्रमाण 2 जुलाई को मिला, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई बहस का जवाब दिया।

विडंबना है कि दो घंटे से ज्यादा समय तक विपक्षी सदस्यों के समूह बारी-बारी से शोर मचाते रहे ताकि संसद में प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को दबा दिया जाए। वे शायद प्रधानमंत्री को बोलने से रोकना चाहते थे। लेकिन वे शायद यह समझ ही नहीं पाए कि अधिकांश टेलीवीजन चैनल उनकी नारेबाजी और शोर-शराबे को काट कर प्रधानमंत्री मोदी के भाषण का 'लाइव' प्रसारण करते रहे। इसके कारण केवल लोकसभा के सदस्य ही शोरशराबे के कारण प्रधानमंत्री का भाषण ठीक से नहीं सुन सके। इससे जनता में नारेबाजी करने वाले सांसदों के बारे में यह छवि बनी कि वे 'समय बरबाद करने' और 'कार्यवाही में बाधा डालने' वाले हैं। संसद सदस्य के रूप में वे करदाताओं का काफी पैसा अपने वेतन, भत्तों व अन्य सुविधाओं पर खर्च करते हैं। प्रधानमंत्री को भाषण देने से रोकने के प्रयास से उनकी जनता में केवल नकारात्मक छवि बनी। संसद में प्रत्येक सत्र और यहां तक कि हर दिन के कामकाज पर करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। प्रत्येक संसद सदस्य पर हर साल देश का लाखों रूपया खर्च होता है जिसे उसे देश और जनता की सेवा के लिए दिया जाता है। उसका काम संसद के कामकाज में बाधा डालना नहीं है।

विरोध व्यक्त करने के अनेक तरीके हैं जिनमें बाहों पर काली पट्टी बांधना या कभी-कभी पूरे काले कपड़े पहनना शामिल हैं। सदस्य विरोधस्वरूप पूरे दिन अपनी सीटों पर बैठने से इनकार कर सत्र के दौरान दूसरे स्थान पर बैठने का फैसला कर सकते हैं, लेकिन उनको संसद की कार्यवाही जारी रहने देनी चाहिए। इससे यह सुनिश्चित होगा कि उनके मतदाताओं समेत संसद के कामकाज पर पैसा खर्च करने वाले सभी लोग तथा संसद के हजारों कर्मचारी अपना रचनात्मक योगदान देश के विकास में दे सकेंगे।

संसद में शोरशराबा करने वाले विपक्षी सांसदों को समझना चहिए कि अंग्रेज दशकों पहले भारत से जा चुके हैं और ऐसे में अब हमारे देश में नकारात्मक गतिविधियों को कोई स्थान नहीं मिलना चाहिए। संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर ऐसी गैर-कानूनी व असंसदीय गतिविधियों के खिलाफ पहले ही चेतावनी दे चुके थे। सांसदों और विधायकों तथा खासकर विपक्षी दलों के विधि-निर्माताओं को यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि संसद या राज्य विधानसभाओं में उनका निर्वाचन उनको विशेषाधिकार की तुलना में राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व अधिक देता है। लेकिन विडंबना है कि अनेक सांसद और विधायक संसद और राज्य विधानसभाओं में निर्वाचन के बाद स्वयं को जनता का सेवक मानने के बजाय उसका मालिक तथा 'विशेषाधिकारों' वाला विशिष्ट व्यक्ति मानने लगते हैं।

यह समझ पूरी तरह गलत है। 2 और 3 जुलाई को हमने लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष का जो आचरण देखा, वह लोकतंत्र के इन महत्वपूर्ण संस्थनों के लिए शुभ संकेत नहीं है। विपक्षी दलों से लेकर मीडिया तथा अकादमिक लोगों को लोकतंत्र पर यह खतरा समझ लेना चाहिए। उनको यह नहीं भूलना चाहिए कि ऐसे लोग विदेशों में 'भारत खतरे में है' का राग अलापते रहते हैं। लेकिन संसद में हुई इन घटनाओं से क्या यह नहीं कहा जा कता है कि भारतीय लोकतंत्र को खतरा उसके भीतर से है? यह बात अच्छी तरह समझ लेनी चाहिए। किसी भी लोकतंत्र को खतरा इसलिए नहीं पैदा होता है कि मतदाताओं ने भारत को 'विकसित अर्थव्यवस्था' वाला देश बनाने तथा भावी पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य हेतु स्थिर सरकार के लिए स्पष्ट जनादेश दिया है। इस तथ्य को किसी प्रकार अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि लगभग 60 साल बाद भारतीय मतदाताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत राजग को लगातार तीसरा कार्यकाल दिया है। लेकिन कुछ राजनीतिक पार्टियां तथा देश में स्वयं को सत्ता का 'अधिकारी' मानने वाले कुछ परिवार पूर्णत: अराजक और अनैतिक व्यवहार कर रहे हैं। वे संसद और उसके कामकाज का संचालन करने वाले नियमों व प्रोटोकालों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। भारतीय लोकतंत्र के सामने यही असली खतरा है।

यथार्थ स्वीकार करने का महत्व

"यथार्थ में जीना तथा चीजों को उसी रूप में स्वीकार करना बहुत महत्वपूर्ण है।"

रवि वल्लूरी
(लेखक, आध्यात्मिक शिक्षक हैं)

पुराने जमाने में चीन में एक किसान था जो सालों तक अपने खेतों पर काम करता रहा। एक दिन उसका घोड़ा भाग गया। यह खबर सुन कर कुछ पड़ोसी उसे सांत्वना देने आए। ग्रामीणों ने कहा, 'यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।' इस पर किसान ने कहा, 'हो सकता है।' कुछ दिनों बाद घोड़ा वापस आ गया। उसके साथ तीन जंगली घोड़े और थे। इस पर ग्रामीणों का एक और समूह किसान को मुबारकवाद देने गया। वृद्ध किसान ने कहा, 'हो सकता है।'

इसके अगले दिन किसान के लड़के ने एक घोड़े पर चढ़ने का प्रयास किया, लेकिन घोड़े ने उसे गिरा दिया और लड़के की टांग टूट गई और उसके पट्टियां बंध गईं। पड़ोसी एक बार फिर किसान के पास इस दु:साहस पर हमदर्दी प्रकट करने गए। किसान ने एक बार फिर तटस्थ भाव से जवाब दिया, 'हो सकता है।' कुछ दिनों बाद सेना के लोग गांव में नौजवानों को भर्ती करने आए। लेकिन लड़के के पैर में पट्टियां बंधी होने के कारण उसे भर्ती के अयोग्य ठहरा दिया गया। इस पर पड़ोसियों ने बूढ़े किसान को इसके लिए मुबारकवाद दी। किसान ने एक बार फिर जवाब दिया, 'हो सकता है।' श्री श्री रविशंकर ने मजेदार ढंग से इस कहावत का महत्व बताते हुए अपनी शिक्षाओं में कहा है कि 'लोगों और स्थितियों को उसी प्रकार स्वीकार करना चाहिए, जैसी वे हैं।'

'विकीपीडिया' के अनुसार, असामान्य व्यवहार को ऐसे व्यवहार के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो परेशान करने वाला या सामाजिक रूप से अस्वीकार्य, तनाव पैदा करने वाला, गलत या स्वयं को नुकसान पहुंचाने वाला तथा अक्सर संज्ञानात्मक रूप से विकृत विचारों को लाने वाला हो। असामान्य व्यवहार चार प्रकार के होते हैं। इनमें विकृति, निष्क्रियता, तनाव और खतरा शामिल हैं। विकृत व्यवहार अक्सर अलग, अतिवादी तथा असामान्य होता है और इसमें आश्चर्यजनक व्यवहार पैटर्न भी शामिल हैं। इसके बाद परेशान करने वाला व्यवहार सामने आता है। ऐसे लोगों से जुड़े लोग अक्सर दु:खी अनुभव करते हैं और उनकी उपस्थिति में असहज रहते हैं। विकृत व्यवहार रोगी को ऐसी स्थिति में ले जा सकता है जहां वह दिन-प्रतिदिन के काम में बाधा पैदा करने लगे तथा अपने व्यवहार से अनेक गतिविधियों को बाधित करे। बेचैनी के पांच प्रकार इस श्रेणी में आते हैं। पहला, सामान्य बेचैनी विकृति है। यह लंबा, अस्पष्ट व व्याख्या से परे ऐसा भय है जिसका कोई वस्तुनिष्ठ आधार नहीं होता है। इसके साथ ही अत्यधिक सक्रियता मस्तिष्क में तनाव का कारण बनती है। इसके बाद 'क्वोटोडियन पारलेंस' या घबराहट वाली विकृति का स्थान है। लगातार बने रहने और अक्सर आने वाले बेचैनी के हमले अक्सर अन्य मनोवैज्ञानिक लक्षणों के साथ आते हैं जिनमें सांस लेने में कठिनाई, धड़कन बढ़ाना, हाथ पैर कांपने जैसा अनुभव, सुस्ती तथा अपने ऊपर से पूर्ण नियंत्रण खोने की भावना शामिल है।

मानसिक विकृतियों में अगला स्थान 'फोबिया' या भय का है। मनुष्य अनेक अतार्किक फोबिया का शिकार हो सकते हैं। इनमें एक्रोफोबिया यानी ऊंचाई से भय, ग्लासोफोबिया यानी लोगों को संबोधित करने का भय, क्लास्ट्रोफोबिया यानी बंद स्थानों से भय तथा एवियोफोबिया यानी उड़ान से भय आदि आते हैं। ऐसी स्थितियों में मनुष्य अनेक प्रकार के विचारों से ग्रस्त हो सकता है जो सामान्य रूप से अतार्किक होते हैं।

मानसिक विकृतियों में अंत में 'पोस्ट ट्रामैटिक स्ट्रेस डिसआर्डर'-पीटीएसडी आता है, लेकिन यह भी भारी परेशानी का कारण बन सकता है। इससे पीड़ित व्यक्ति अक्सर बार-बार आने वाले भयानक सपनों, पुरानी यादों, ठीक से ध्यान न लगा पाने तथा भावनात्मक कमजोरी का शिकार बनते हैं जो अपरिहार्य रूप से आघात या तनाव का कारण बनी घटनाओं का परिणाम होते हैं। हमारा देश तीन प्रमुख समस्याओं-नशाखोरी, महिलाओं के मुद्दों तथा मनोवैज्ञानिक विकृतियों से पीड़ित है। आमतौर से नागरिक तांत्रिकों, बाबाओं और धोखेबाजों से चमत्कारी इलाज के लिए संपर्क करते हैं। लेकिन ऐसे में योग्य डाक्टर की सहायता बहुत जरूरी होती है। डाक्टर की सलाह से दवायें लेना पहला कदम है।

इसके बाद रोगी को स्वयंसहायता समूहों से संपर्क करना चाहिए जो इलाज को जारी रखने में सहायता करते हैं। 'आर्ट आफ लिविंग' के 'हैपीनेस कोर्स' में सुदर्शन क्रिया सिखाई जाती है जिससे समुचित तरीके से सांस लेकर शरीर और विचारों के बीच संतुलन स्थापित हो सकता है। गौतम बुद्ध ने कहा था, 'अतीत चाहे जितना कष्टदायक रहा हो, तुम हमेशा फिर से शुरुआत कर सकते हो।'

आप की बात

स्वागत योग्य फैसला

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि अनुसूचित जातियों की सूची में राज्यों को किसी छेड़छाड़ का अधिकार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि केवल संसद द्वारा ही इस सूची में संशोधन और बदलाव किया जा सकता है। यह मामला बिहार से संबंधित था जब 2015 में कुछ जातियों को अति पिछड़ा वर्ग से हटाकर अनुसूचित जाति में शामिल करने का निर्णय लिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की कार्यवाही को दुराग्रहपूर्ण और असंवैधानिक करार दिया है। राजनीतिक लाभ उठाने के लिए राज्य सरकारें ऐसे फैसले करती रही हैं। उत्तर प्रदेश में मायावती को छोड़ कर मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव और भाजपा द्वारा भी 17 अति पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने के कई बार प्रयास किए गए थे। लेकिन कभी कोर्ट और कभी केंद्र सरकार द्वारा इनको खारिज किया गया। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद ऐसे प्रयास बंद होने चाहिए। अनुसूचित जाति में किसी समूह के निर्धारण का आधार स्पष्ट रूप से अश्पृश्यता का एक खास स्तर है जिसे अंग्रेजों के समय ही हंटर आयोग ने परिभाषित किया था। पिछड़े वर्ग को कभी दलितों जैसी अश्पृश्यता का सामना नहीं करना पड़ा है। यह भी कटु सत्य है कि आज भी दलितों को अमानवीय अत्याचार झेलने पड़ते हैं।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

महाराष्ट्र में उथलपुथल

महाराष्ट्र में एनसीपी के अजीत पंवार गुट के चार नेताओं का निकल जाना अजीत गुट का गरीबी में आटा गीला करने जैसा है। महाराष्ट्र की राजनीति के रंग लोकसभा चुनाव के पहले से ही अपना रंग दिखाने लगे थे। शिवसेना के उद्धव और बीजेपी के बीच गठबंधन को जनता ने स्वीकार किया था। उसे तहस-नहस करने के बाद से ही बीजेपी और उद्धव5शिवसेना दोनों ही भुगत रहे हैं। इस प्रकार बिल्लियों की लड़ाई में बंदर रोटी खा रहे हैं। अब आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भी सीटों के बंटवारे पर घमासान के आसार है। अब तो गठबंधन में चुनाव लड़ने के बाद भी अपने फायदे के लिए पार्टियां इसे तोड़ने में सारी नैतिकता को ताक में रख देती हैं। इससे मतदाता खुद को ठगा हुआ महसूस करते है। मगर विडंबना यह है कि वोट देने के बाद मतदाताओं का रोल खत्म हो जाता है। ऐसे में मतदाता चुनी हुई सरकारों के सामने अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए गिड़गिड़ाते रहने के सिवाय वह और कुछ नहीं कर सकता। वोट लेने के लिए कुछ भी करने को तैयार नेता चुनाव जीतने के बाद मतदाता को पहचानते तक नहीं हैं। इस प्रकार राजनीतिक पार्टियों व नेताओं द्वारा मतदाताओं की ठगी समाप्त करने के रास्ते खोजने होंगे।

– **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

अग्निवीरों को अवसर

हरियाणा की भाजपा सरकार ने कांस्टेबल, वनरक्षक व जेल वार्डन की भर्ती के साथ अन्य पदों पर पूर्व अग्नि वीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की है। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कहा है कि यदि कोई अग्निवीर अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहता है तो उसे राज्य सरकार 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त कर्ज उपलब्ध कराएगी। इसी तरह ग्रुप सी और डी के पदों पर आयु सीमा पर अग्निवीरों को 3 वर्ष की छूट दी जाएगी जो उनके पहले बैच के लिए 5 वर्ष होगी। इसी तरह अग्निवीरों को प्राथमिकता के आधार पर हथियारों के लाइसेंस भी दिए जाएंगे। इसके अलावा भी अग्निवीरों के लिए कई रियायतों का ऐलान हरियाणा सरकार ने किया है। देश की अन्य राज्य सरकारों को भी हरियाणा का अनुसरण करते हुए अग्निवीरों को नौकरियों व रोजगार के अधिकाधिक अवसर देने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। भारतीय सैनिकों की तरह अग्निवीर भी सेना से बाहर आने के बाद देश और समाज की सेवा करने, उसमें अनुशासन की भावना भरने तथा अराजक व असामाजिक तत्वों के खिलाफ आदर्श भूमिका निभा सकेंगे। आने वाले दिनों में भारत का हर नागरिक निश्चित रूप से अपने अग्निवीरों पर गर्व करेगा।

–**मनमोहन राजावत,** शाजापुर

बजट से उम्मीदें

हर वर्ष आम बजट से आम जनता को महंगाई से राहत, टैक्स में छूट और जीवन की मूलभूत जरूरत की चीजें सस्ती होने की उम्मीद होती है। लेकिन विडंबना है कि गरीब-उत्थान के नाम पर मध्यम वर्ग को बजट में कोई महत्व नहीं दिया जाता है। मध्य वर्ग अपनी आमदनी से टैक्स देकर सरकार का खजाना भरता है, पर पिछले दस साल से अनेक वादों के बावजूद उसे समुचित राहत नहीं दी गई है। आय कर से कृषि को पूरी तरह छूट दी गई है जबकि आम आदमी को 7 लाख तक की छूट है। भारत में अमीर किसान अनेक प्रकार की सरकारी सुविधाओं व सब्सिडी का लाभ उठाते हैं, पर वे टैक्स नहीं देते हैं। अत: खेती से 10 लाख रुपये से अधिक कमाई वालों पर आयकर लगाया जाना चाहिए। अब खेती कालाधन छिपाने और टैक्स बचाने का माध्यम बनती जा रही है। रेलवे में लोकल डिब्बों व लोकल ट्रेनों की भारी कमी से छोटे कस्बों के लोगों को सार्वजनिक परिवहन की भारी कमी से जूझना पड़ता है। सरकार को अब हर ट्रेन में 50 प्रतिशत सामान्य डिब्बे और लोकल ट्रेनों की संख्या में पर्याप्त संख्या में इजाफा करने की जरूरत है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

अस्पताल में गंदगी देख चढ़ा डिप्टी सीएम का पारा

- औचक निरीक्षण के दौरान अव्यवस्थाओं पर अधीक्षक को लगाई फटकार
- उपस्थिति पंजिका देखी तो 11 कर्मचारी मिले नदारद

संवाददाता। बछरावां, रायबरेली

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें चारों तरफ गंदगी देखने को मिली जिससे उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने अधीक्षक को जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि यह अस्पताल है या बूचड़खाना। उन्होंने कहा कि तत्काल इसकी अव्यवस्था दूर करके परिसर को स्वच्छ रखें। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक गुरुवार की सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचे तो वहां पर ओपीडी में चिकित्सक नदारद थेद्य लापरवाही की भेंट चढ़े इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सकों की मनमानी लगातार जारी है। मरीजों की शिकायत पर उन्होंने अधीक्षक को जमकर फटकार लगाई और कहा कि शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बृजेश पाठक ने जब उपस्थित रजिस्टर को उठाकर देखा तो वहां पर 11 कर्मचारी मौके पर नदारद थे । इस पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि जब समय से डॉक्टर और कर्मचारी नहीं पहुंचेंगे तो उनका इलाज कैसे होगा। गैर हाजिर कर्मचारियों का उन्होंने वेतन काटने का भी निर्देश दिया। इस दौरान जब वह डेंटल सर्जन के कक्ष में पहुंचे तो पता चला कि वहां पता चला कि डॉक्टर शिखा गौतम बीते 6 महीने से ज्यादा बिना कारण बताएं अनुपस्थित हैं।

इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए डिप्टी सीएम ने उक्त डॉक्टर महोदया के विरुद्ध जांच के आदेश दिए उन्होंने कहा कि यदि जांच में कारण सही नहीं पाया गया तो चिकित्सक को बर्खास्त किया जाएगा। अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारी व चिकित्सकों के 1 दिन के वेतन काटने के साथ ही उन्होंने विभागीय जांच के भी आदेश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्हें वाटर कूलर के पास गंदगी और चारों तरफ बड़ी-बड़ी घास देखने को मिली इससे उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने कहा कि इन गाड़ियों को यहां पर किसने खड़ा किया है। अगर अवैध गाड़ियां है तो उनके विरुद्ध थाने में रिपोर्ट दर्ज करा कर इनको वहां जमा कर दो।

जन औषधि केंद्र में निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि वहां पर बाहर की दवाइयां रखी हैं। इस पर उन्होंने फटकार लगाते हुए कहा कि सरकार की यह सोच है कि लोगों को सस्ती दवाई उपलब्ध की जाए परंतु यहां पर महंगी महंगी दवाई रखे होने से यह संकेत मिल रहा है कि यहां पर मरीजों को ऊंचे दामों पर दवाई बेची जा रही है। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जन औषधि केंद्र में बाहर की दवाएं मिलती हुई पाई गई और उन तक शिकायत पहुंचेगी तो कड़े कदम उठाएंगे। और केंद्र के लाइसेंस को निरस्त कर किसी नए व्यक्ति को आवंटित कर दिया जाएगा।निरीक्षण के दौरान जो भी कर्मचारी गायब थे उनको जब पता चला कि सख्त कार्रवाई होने वाली है तो उनके होश उड़ गए। वहीं डिप्टी सीएम ने क्षेत्र के रामपाल खेड़ा मजरे बनवा के रहने वाले ब्रह्मा का पंजीकरण कराकर उनका पर्चा बनवाया और उनका इलाज भी करवाया।

सीडीओ ने जन्म प्रमाण पत्र मामले में जारी किए जांच के आदेश

रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने बताया है कि विकास खण्ड सलोन में वर्ष 2023 में तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी द्वारा जन्म मृत्यु आईडी से विभिन्न माहों में अत्यधिक संख्या में अनियमित ढंग से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किये गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच हेतु खण्ड विकास अधिकारी सलोन को निर्देशित किया गया, जिनकी आख्या के अनुसार ग्राम पंचायत सिरसिरा, लहुरेपुर, नूरूद्दीनपुर, गोपालपुर उर्फ अनन्तपुर एवं गढी इस्लामनगर में वर्ष 2023 में अनियमित तरीके से अत्यधिक मात्रा में तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी की आईडी से जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने की पुष्टि हुई। तत्क्रम में सम्बन्धित ग्राम विकास अधिकारी को निलम्बित करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है।

जागरूकता में कमी न हो, बची हुई दवा वापसी का प्रस्तुत करें विवरणः डीएम

संवाददाता। संतकबीरनगर

जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में आगामी 10 अगस्त से 20 सितंबर 2024 तक जनपद के पांच विकास खण्डों में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत फाइलेरिया नियत्रंण हेतु एम0डी0ए कार्यक्रम 2024 के सफल संचालन हेतु की गयी तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनपद को फाइलेरिया मुक्त बनाने हेतु चलाये जाने वाले एमडीए (मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) कार्यक्रम-2024 की सफलता हेतु की गयी तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग सहित सभी सम्बंधित विभागों जैसे शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर पालिका एवं नगर पंचायत, बाल विकास एवं पुष्टाहार, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग कल्याण विभाग, नगर विकास विभाग, युवा कल्याण सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फाइलेरिया मुक्ति हेतु खिलाई जाने वाली दवाओं की आवश्यकता के प्रति जन-सामान्य को जागरूक करने हेतु लगातार इसका प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि लाइलाज बीमारी फाइलेरिया से बचाव हेतु लोगो में दवा खाने के प्रति रूचि पैदा हो। उन्होंने इसके लिए जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से ग्राम प्रधानों को भी अवगत कराते हुए फाइलेरिया मुक्ति अभियान में सहयोग लेने के निर्देश दिये। इस हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी विद्यालयों में बच्चों को दवा खिलाने हेतु कोआर्डिनेट करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रार्थना सभा में फाइलेरिया की दवा की उपयोगिता बताते हुए दवा खाने के प्रति बच्चों को जागरूक किया जाए। बैठक में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रामानुज कनौजिया एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (वेक्टर बार्न) डॉ0 वी0 पी0 पाण्डेय द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत एम0डी0ए0 कार्यक्रम-2024 जनपद के पांच विकास खण्डों बघौली, बेलहर कला, सेमरियावां, हैंसर एवं पौली ब्लाक में आगामी 10 अगस्त 2024 से 20 सितंबर 2024 तक चलाया जाएगा जिसमें पुरुष एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाई जाएगी इसमें स्वास्थ्य कर्मियों जैसे-एएनएम, आशा, आगनवाड़ी कार्यकत्रियों की अहम भूमिका है।

डीएम ने अवैध मदिरा एवं तस्करी पर अंकुश के लिए गठित कीं टीमें

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी की संभावना के दृष्टिगत 17 से 26 जुलाई 2024 तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाना है। जिसमें अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री तथा तस्करी तथा अवैध अल्कोहल के परिवहन पर अंकुश लगाए जाने हेतु समस्त तहसीलवार टीमों का गठन किया है।

जिलाधिकारी ने आबकारी, पुलिस एवं राजस्व प्रशासन के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी प्रवर्तन कार्य सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पूरे जनपद में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाकर अवैध शराब के निर्माण, तस्करी, परिवहन आदि पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। इस कार्य के लिए प्रत्येक तहसील में उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी तथा आबकारी निरीक्षक विशेष रूप से सक्रिय रहेंगे। पूरे जनपद में 6 प्रवर्तन दलों का गठन किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह टीमें पूर्ण निष्ठा एवं गंभीरता से विशेष प्रवर्तन अभियान के दौरान अवैध मदिरा के कार्य में संलिप्त माफियाओं/तस्करों की सूची के अनुसार उनके विरुद्ध स्थानीय पुलिस के सहयोग से नियमानुसार गैंगस्टर/गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कठोरतम कार्यवाही करें तथा उन पर सतत निगरानी की जाए। संदिग्ध वाहनों की सघनता एवं सूक्ष्मता से चेकिंग कराई जाएगी और राजमार्गों पर स्थित ढाबों, जहां अल्कोहल के टैंकर प्राय: रूकते है, की भी संघ एवं आकस्मिक जांच कराई जाए।

टीमों द्वारा अवैध मदिरा के संदिग्ध स्थानों/अड्डों पर छापेमारी की कार्यवाही की जाए। आबकारी दुकानों एवं थोक अनुज्ञापनों का निरीक्षण चेकलिस्ट के अनुसार किया जाए। स्टॉक के बारकोड व क्यूआर कोड की सूक्ष्मता एवं सतर्कता पूर्वक स्कैनिंग/जांच की जाए।

अराजक तत्वों ने खंडित की बाबा साहब की प्रतिमा

लालगंज, रायबरेली। अराजक तत्वों ने संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडर की प्रतिमा को खण्डित कर दिया। जिसकी खबर लगते ही लोगो में आक्रोश फैल गया व प्रशासन में हडकम्प मच गया। आनन-फानन प्रशासन ने नई मूर्ति लगवाने के साथ दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ। मामला क्षेत्र के भीरा गोविंदपुर गांव का है। जहां देश के संविधान निर्माता व भारत रत्न भीमराव अम्बेडर की मूर्ति पंचायत घर के पास लगी हुई थी। जिसे बीती रात अराजक तत्वो ने खण्डित कर दिया। सुबह जैसे ही मामले की सूचना मिली तो मौके पर ग्रामीणो की भारी भीड़ लग गई। घटना की जानकारी जैसे ही प्रशासन को मिली तो मौके पर एसडीएम डलमऊ मनोज कुमार सिंह व सीओ अनिल कुमार सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगो को समझाने का प्रयास किया। दलित संगठन से जुड़े नेताओं ने बताया कि पूर्व में भी दो बार अराजकतत्व बाबा साहेब की प्रतिमा खंडित कर चुके हैं।

अत्तानगर अल्पिका की सफाई केवल कागजों पर, खर्च हुए 95 लाख

गौरीगंज, अमेठी। खरीफ सीजन में किसानों को धान की रोपाई के लिए पर्याप्त पानी चाहिए, लेकिन मैंढ़ी नहर के टेल पर बसे दर्जनो गांवों के किसानों के खेत बेपानी है। नहर के टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा। इससे धान की नर्सरी की सिंचाई में परेशानी हो रही है। शिकायत के बावजूद सिंचाई विभाग के अधिकारी किसानों की समस्या को लेकर बेपरवाह है ऐसे में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

जिले के किसान सिंचाई की समस्या से जूझ रहे हैं। नहरों में टेल तक पानी नहीं पहुंच रहा है। नहरों में कम पानी छोड़े जाने के कारण अभी तक पानी टेल तक नही पहुंच पा रहा है। किसानों की माने तो सिंचाई विभाग दावा करता है कि नहरों का पानी नहरों के टेल तक पहुंचाया जाएगा। लेकिन विभागीय दावे टाय-टाय फिस्स होते दिखाई पड़ रहा है। मैंढ़ी नहर सिल्ट व झाड़ झंखाड़ से पटी हुई है। इसके चलते हर साल खरीफ सीजन में पानी की किल्लत होती है। किसान हर बार नहर की सफाई करने के लिए हंगामा करते हैं, लेकिन अधिकारी इसको लेकर बेपरवाह बने हुए हैं। मामला शारदा सहायक खंड 41 अमेठी से अत्तानगर अल्पिका माइनर से जुड़ा हुआ है जिसकी सफाई हर वर्ष केवल कागजों पर होती है ढ्ढ लोगों की माने तो इस माइनर की सफाई कई वर्षों से नहीं हुई है लेकिन सफाई के नाम पर वर्ष 2022-23 में0.95 लाख रुपए का खर्च दिखाया गया है। जो सफाई का कार्य केवल कागजों पर किया गया है ढ्ढ क्षेत्रीय किसानों ने शिकायती प्रार्थना पत्र देकर माइनर की सफाई कराई जाने व अल्पिका चलाई जाने की मांग की गई है। जिलाधिकारी द्वारा समस्या का जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया गया है। किसान रामविलाश तिवारी,रमापति मिश्र रामेन्द मिश्र, अभिषेक कुमार मिश्र(हनुमान)श्रीनाथ सरोज रामबहादुर यादव अयोध्या यादव सहित 10 दर्जन से अधिक किसानों का कहना है कि माइनर की सफाई नहीं कराई गई है।

पुलिस ने शातिर वाहन चोरों को किया गिरफ्तार, बड़ी मात्रा में सामान बरामद

संवाददाता। अमेठी

चेकिंग के दौरान पुलिस ने चार वाहन चोरों को धर दबोचा जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के उपरांत जेल भेज दिया।

भाले सुल्तान शहीद स्मारक (वारिसगंज)थानाक्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या रायबरेली रोड पर स्थित आमघाट के नजदीक आजाद नगर कट पर उ0नि0 दयाशंकर मिश्र थानाध्यक्ष भाले सुल्तान शहीद स्मारक मय हमराह उनि अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट टीम मय हमराह को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वाहन चोरों का गिरोह जगदीशपुर की तरफ से अयोध्या की ओर जाने वाला है। तत्पश्चात पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग लगाकर अपना काम शुरू कर दिया इसी दौरान थोडी देर बाद कुछ चार पहिया वाहन आते हुए दिखाई दिये जिन्हें रोकने का प्रयास किया गया तो उक्त चार पहिया वाहन सवार गाड़ी मोड़ कर भागने लगे।

जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेर कर हिकमते अमली से आजाद नगर के पास से पकड़ लिया गया तथा ड्राइविंग सीट पर बैठे स्कार्पियो सवार से पूछने पर अपना नाम रिंकू उर्फ ओम प्रकाश पुत्र रामनाथ यादव निवासी ग्राम भेला थाना सरपतहा जनपद जौनपुर और उसके बगल में बैठा व्यक्ति धीरज लोना पुत्र टुनटुन निवासी मगरसन कलां थाना करौंदी कलां जनपद सुल्तानपुर व बोलेरो चालक ने अपना नाम सिराज उर्फ सहनवाज पुत्र जुल्फिकार अहमद सिद्दीकी निवासी ग्राम अमगिलिया थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ व पिकअप चालक ने अपना नाम शिव कुमार सिंह पुत्र अमरनाथ पटेल निवासी कछवां रोड पूरे गांव थाना मिर्जामुराद जनपद वाराणसी बताया। पिकअप वाहन को चेक किया गया तो उसके डाले से एक अन्य बोलेरो पिकअप मैक्सी डाला का कटा हुआ इंजन, लोहे की स्टेयरिंग, दो अदद सीट, एक अदद डीजल की टंकी, चार अदद स्टेपनी, एक गैस वेल्डिंग टंकी, एक अदद गैस कटर मय पाइप, एक अदद जनरेटर व सामान चढ़ाने-उतारने के लोहे का दो चैनल भी बरामद हुए।

भीषण गर्मी व उमस बीच लोगों पर भारी पड़ती अघोषित बिजली कटौती की बीमारी

संवाददाता। उरई, जालौन

भीषण गर्मी के साथ-साथ इन दिनों विद्युत आपूर्ति का संकट भी जनजीवन के लिए मुसीबत बन गया है बीती रात तो यह आलम रहा की हर 15 मिनट के बाद बिजली के आने-जाने का सिलसिला इस कदर चला कि लोग लोग देर रात्रि में भी अपने-अपने घरों से बाहर निकलकर गलियों में आ गए बिजली न रहने पर इस दौरान हुई बूंदाबांदी में भी लोगों की मुसीबत में तब और इजाफा कर दिया जब भीषण गर्मी के साथ-साथ उमस उनके लिए सर दर्द बन गई। ऐसी भी आशंकाएं जताई जा रही हैं की विद्युत अवस्था के खिलाफ कभी भी लोगों का गुस्सा फुटकर सड़क पर आ सकता है।

आम जनजीवन के लिए विद्युत आपूर्ति कितनी जरूरी हो गई है इस बात का एहसास पिछले कुछ दिनों के दौरान आम और खास सभी को अच्छा खासा हुआ जब अघोषित विद्युत कटौती दिन में दोपहर के वक्त लोगों के लिए परेशानी का सबक बन गई थी कमोबेश यह स्थिति पिछले कुछ दिनों से लगातार हर एक दिन देखने को मिल रही है। बीती रात तो बिजली ने हद ही कर दी जब हर 10-15 मिनट के बाद बिजली के आने जाने का सिलसिला शुरू हुआ तो फिर पूरी रात चलता रहा हालत यह हो गई की अपने-अपने घरों में उमश से परेशान लोग जैसे ही बिजली आती है वह यह सोचकर बिस्तर पर पहुंच जाते हैं कि अब शायद उन्हें कुछ घंटे राहत नसीब होगी।

लेकिन कुछ ही मिनट के बाद बिजली चली जाने पर वह परेशान हो जाते हैं ऐसी स्थितियां थोड़ी-थोड़ी देर के बाद रात भर रही और लोग ठीक ढंग से सोना तो दूर सारी रात जागते हुए विद्युत व्यवस्था और उसके जिम्मेदार लोगों को कोसते हुए नजर आए। नगर के मोहल्ला राजेंद्र नगर में तो देर रात बड़ी संख्या में लोग अपने-अपने घरों के बाहर गलियों में निकल पड़े जहां वह अपने-अपनी दलीलों के साथ रोना रोते दिखाई दिए।

तो वहीं कुछ लोग विद्युत कर्मियों को कोस रहे थे तो कई लोग एक दूसरे से विद्युत विभाग की लापरवाही को लेकर जिला प्रशासन से शिकायत करने का मन बनाते भी दिखाई दिए। कुल मिलाकर लोगों की नाराजगी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही थी फिलहाल जो भी हो लेकिन बीते कुछ दिनों की गड़बड़ी विद्युत व्यवस्था ने आम और खास सभी के लिए सरदर्दी बढ़ा दी है अब देखना यह है कि विद्युत विभाग के जिम्मेदार आम जनमानस की तकलीफों को लेकर अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करते भी हैं या फिर चुप्पी साधे रहते हैं।

सांप के डंसने से 18 वर्षीय युवती की मौत

मिल्कीपुर, अयोध्या। शाहगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के पंडरी पूरे जालिम गांव में रात में तख्त पर सो रही 18 वर्षीय युवती नेहा पाल पुत्री जग मिलन पाल को सांप ने काट लिया। जानकारी होने के बाद परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां पर इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक युवती के परिजनों की माने तो रात करीब 2:30 नेहा तख्त पर सो रही थी तभी किसी जंतु ने काट लिया। नेहा चिल्ला कर उठी तो बगल में सो रही छोटी बहन मोनिका के पास सांप जा पहुंचा जिसको देखकर मोनिका तख्त से कूद गई और चिल्लाने लगी। जब तक परिवार के अन्य सदस्य उठे तब तक सांप दीवार में घुस गया। परिवार के सदस्य नेहा को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों द्वारा इलाज शुरू किया गया। लेकिन मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना था कि लाने में काफी समय हो गया जिसके चलते जहर पूरे शरीर में फैल गया था। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

संयुक्त शिक्षक मोर्चा के आह्वान पर बीईओ को सौंपा ज्ञापन

उरई, जालौन। गुरुवार को संयुक्त शिक्षक संघर्ष मोर्चा की जिला इकाई के आवाहन पर जनपद की सभी बीआरसी केंद्रों पर शिक्षकों ने प्रदर्शन करते हुये डिजिटाइजेशन, ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में खंड शिक्षा अधिकारियों को बीएसए को संबोधित ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। इसी क्रम में बीआरसी मड़ोरा, बीआरसी मदारीपुर, बीआरसी जालौन, बीआरसी रामपुरा, बीआरसी कोंच, बीआरसी नदीगांव, बीआरसी महेबा, बीआरसी बबीना आदि में महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा 8 जुलाई से पंजिकाओं का डिजिटाइजेशन, आनलाइन उपस्थित देने का आदेश निर्गत किया गया जो तानाशाही फरमान है। आदेश जारी करते समय महानिदेशक द्वारा शिक्षा क्षेत्र से जुड़ी व्यवाहरिक कठिनाइयों का ध्यान नही रखा। विद्यालयों की मूलभूत सुविधाओं पर पहले ध्यान रखा जाना था।

जिले के विद्यालयों में सफाई कर्मी, चौकीदार, आया, गणना कर्मी, चपरासी नियुक्त न होने से शिक्षक स्वयं शौचालय से लेकर विद्यालय तक का काम करते है और अधिकारी इन्ही सब कमियों को गिना कर प्रताड़ित करते है। इस दूषित नीति के कारण शिक्षक बच्चों को आखिर कब पढ़ाएगा। संयुक्त शिक्षक मोर्चा से जुड़े शिक्षकों का कहना था कि कि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन की सुविधा न होने के कारण शिक्षक विद्यालय पहुंचने में परेशान होता है, नीति बनाने वाले अधिकारियों को 31 ईएल, 25 हाफसीएल देना चाहिए।

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद की नवीन कार्यकारिणी का गठन

अयोध्या। उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के सत्र 2024-25 की प्रथम आम सभा बैठक गुरुवार को शहर के एसएसवी इंटर कॉलेज में संपन्न हो गई। बैठक में नवीन कार्यकारिणी का गठन करने के साथ ही कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान जिला अध्यक्ष डॉ. राम सुरेश मिश्र ने की। बैठक में सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष पद पर डॉ . मणि शंकर तिवारी और जिला मंत्री पद पर एक बार फिर से रामप्रिया शरण सिंह को चुना गया। इसके साथ कार्यकारी अध्यक्ष पद प्रदीप कुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष पद डॉ. उदय भान सिंह, संगठन मंत्री पद अशोक कुमार तिवारी, आय व्यय निरीक्षक पद अखिलेश कुमार उपाध्याय और संरक्षण मंत्री पद जितेंद्र कुमार राव को सौंपा गया। नवीन कार्यकारिणी में छह उपाध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण मिश्रा (सदर), डॉ. केके यादव (रुदौली), डॉ. रमेश कुमार मिश्रा (मिल्कीपुर), सुनील कुमार द्विवेदी (गोसाईगंज), श्रीमती नीलम श्रीवास्तव (महिला पद), डॉ. रामकृष्ण पांडेय (सोहावल), भोपाल सिंह (बीकापुर) सहित संयुक्त मंत्री संजीव चतुर्वेदी, रूही पाल, राम मूर्ति पटेल, डॉ राजेश कुमार सिंह व रियाल अहमद बनाए गए हैं। कार्यकारिणी में श्रीमती ममता निषाद, गोविंद माधव त्रिपाठी, पीएन सिंह, अमित कुमार सिंह, राजेश कुमार, सरोज कुमार दुबे, रामकृपाल व उदयभान तिवारी को सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है।

12 नलकूप, दो ओवरहैड टैंक और 527 हैंडपंप, फिर भी नगरवासी हैं बेहाल

- जलापूर्ति से प्रभावित लोगों ने विधायक आवास पर दी दस्तक
- विधायक ने की डीएम से बात तब जाकर सक्रिय हुआ जल संस्थान

संवाददाता। कालपी, जालौन

नगर में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था ठीक नहीं है। गुरुवार को जलापूर्ति से प्रभावित लोगों ने विधायक आवास पर दस्तक दी है। नगर में जलापूर्ति की जिम्मेदारी जल संस्थान के पास है जो लगभग एक दर्जन नलकूपों और दो ओवरहेड टैंकों के माध्यम से लगभग 70 हजार की आबादी को जलापूर्ति करता है।

लेकिन विगत एक वर्ष से जल संस्थान की व्यवस्था पटरी पर नही है। इतना ही नहीं नगरीय क्षेत्र में 527 स्थानों पर हैंडपंप भी लगे हैं। लेकिन बजट की कमी के चलते रखरखाव नगर पालिका के सहयोग से हो रहा है और व्यवस्था संचालन के लिए यहां पर जेई भी नहीं है आलोक कुमार श्रीवास्तव यहां की व्यवस्था अतिरिक्त के रूप में देखते हैं तो नलकूप संचालन का काम भी ठेके पर है और इन्हीं सब वजहो से नगर में जलापूर्ति व्यवस्था वेपटरी हो गई है आलम यह है कि नगर में ज्यादातर समय कोई न कोई नलकूप खराब बना रहता है जिससे जलापूर्ति प्रभावित रहती है जिससे लोग आजिज आ चुके हैं और इसी से परेशान होकर गुरूवार को लोग क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी के निवास पर पहुंच गए और समय से जलापूर्ति दिलाए जाने की मांग की है। इस दौरान अधिवक्ता जयवीर सिंह यादव, बाबू सिंह यादव, अनिल दीक्षित आदि नगर वासियो ने कहा कि विभाग की अव्यवस्था के चलते लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। इस दौरान मौजूद प्रतिनिधि मनोज चतुर्वेदी ने लोगों को व्यवस्था शीघ्र दुरुस्त कराने के लिए आश्वस्त किया है। नगर में जलापूर्ति के हाल ठीक नहीं होने की जानकारी गुरूवार को विधायक विनोद चतुर्वेदी ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय को दी थी जिसका असर हुआ है।

गुरुवार दोपहर जल संस्थान के अधिशाषी अभियन्ता ने अपने विभागीय जेई के साथ एसडीएम सुशील कुमार सिंह से मुलाकात की है। इस दौरान उन्होंने जलापूर्ति व्यवस्था शीघ्र दुरुस्त कराने का वादा किया है और कहा कि नगर में कई जगहो पर लाईने टूटी है जिन्हे शीघ्र दुरूस्त कराया जाएगा जिससे जलापूर्ति पूरी क्षमता से किया जा सके।

गुरुवार को एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पेयजल संबंधित जो समस्याएं आ रही हैं उसका निस्तारण तत्काल प्रभाव से किया जाए।

चोरों ने 10 लाख के बिजली तारों पर किया हाथ साफ, पोल भी तोड़े

- अवर अभियंता ने कोतवाली में दी तहरीर
- चोरों ने 20 बिजली के पोलों को किया क्षतिग्रस्त

जालौन, उरई। अज्ञात चोरों ने माधौगढ़ के लिए गई बिजली की पुरानी लाइन के लगभग साढ़े नौ किमी तार चोरी कर लिए। इसके अलावा 20 पोल क्षतिग्रस्त करने समेत अन्य सामान भी चोरी कर लिया है। अवर अभियंता ने कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है। 33/11 केवी बिजली उपकेंद्र माधौगढ़, सरावन के अवर अभियंता आलोक खरे ने पुलिस को बताया कि 132 केवी बिजली उपकेंद्र उदोतपुरा से 33 केवी नई व पुरानी लाइन माधौगढ़ के लिए गई है। गुरूवार की सुबह उदोतपुरा बिजली उपकेंद्र में तैनात अवर अभियंता सुमित सनौरिया ने उन्हें मोबाइल पर जानकारी दी कि इस लाइन के पोल क्षतिग्रस्त हो गए हैं और लाइन भी चोरी हुई है। सूचना के बाद उन्होंने उदोतपुरा से छिरिया सलेमपुर के पास बुंदेलखंड एक्सप्रेस पुल तक निरीक्षण किया। जिसमें उन्हें पता चला कि पीसीसी नौ मीटर के 20 पोल क्षतिग्रस्त हैं। 35 पोलों के मध्य करीब साढ़े नौ किमी तार चोरी कर लिए गए हैं।

तार की कीमत प्रति किमी करीब 98 हजार रुपये है। इसी प्रकार एक पोल की कीमत भी लगभग 4800 रुपये है।

इसके अलावा जानकारी के अनुसार एसीएसआर डीओजी कंडक्टर भी चोरी हुआ है। बताया कि इस चोरी से विभाग को लगभग 10 लाख 36 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चोरी गए सामान को बरामद कराने की मांग की है। वहीं, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गौशालाओं की दुर्दशा देखकर एसडीएम ने जिम्मेदारों को लगाई फटकार

कालपी, जालौन। गुरुवार को गौशालाओं को लेकर तहसील सभागार में बैठक का आयोजन हुआ। उप जिलाधिकारी की अगुआई में संबंधितों के साथ हुई बैठक में समीक्षा के साथ उनके बेहतर संचालन पर भी मंथन हुआ। विदित हो कि शासन ने आवारा गौवंशों से किसानों की फसलों के बचाने के साथ उनकी उचित देखभाल के लिए नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थाई और अस्थाई गौशालाए स्थापित की है जिनके संचालन की बागडोर नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के पास है तो ग्रामीण क्षेत्रों में इनकी व्यवस्था ग्राम पंचायत के पास है। शासन इनकी देखभाल के लिए गौशाला संचालकों को 50 रुपये प्रतिदिन प्रति गौवंश मिलते हैं। लेकिन इतना सब होने के बावजूद ज्यादातर गौशालाओं की स्थित ठीक नहीं है उनके खाने पीने के साथ उनके बैठने की भी व्यवस्था ठीक नहीं है। इतना ही नहीं गौशालाओं की स्थिति परखने के लिए प्रशासनिक अफसर समय समय पर उनका निरीक्षण भी करते हैं और गुरुवार को तहसील सभागार में गौशालाओं को लेकर उप जिलाधिकारी ने संबंधित के साथ बैठक की।

पूर्व ब्लाक प्रमुख पुत्र की कार पर किया दो नकाबपोश बाइक सवारों ने हमला

जालौन, उरई। पूर्व ब्लॉक प्रमुख के बेटे की कार पर दो नकाब पोश बाइक सवारों ने पत्थरों से हमला कर कार का शीशा तोड़ दिया। कुछ दूरी तक कार का पीछा भी किया। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख के बेटे छिरिया चौकी पहुंचे जहां उन्होंने घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। माधौगढ़ ब्लॉक प्रमुख रहे स्वर्गीय चिंतामन दोहरे के बेटे दीपक दोहरे निवासी ग्राम हरौली थाना माधौगढ़ अपनी बुआ के लड़के की गोद भराई के कार्यक्रम में जालौन आए थे। बुधवार की रात करीब आठ बजे वह गोद भराई के कार्यक्रम के बाद अपने साथियों और परिजनों के साथ स्कार्पियो कार से वापस अपने गांव जा रहे थे। जब वह बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के नजदीक पहुंचे तभी उनकी कार के आगे पीछे चल रहे बाइक सवार दो नकाबपोश युवकों ने उनकी कार पर पत्थरों से हमला कर दिया। जिसमें उनकी कार के शीशे टूट गए। दीपक ने बताया कि बाइक सवार युवक बाइक के नंबर भी किसी काले कपड़े से ढके हुए थे।

अधिकारियों की टीम ने अनेक विभागों का किया औचक निरीक्षण

उरई, जालौन। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, एडीएम न्यायिक जुबेर बेग, नगर मजिस्ट्रेट अजीत जायसवाल व अतरिक्त उप जिलाधिकारी विशेश्वर सिंह आदि टीम ने आज विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के आदेश पर सुबह करीब 10.20 बजे से विकास भवन, सब रजिस्ट्रार, तहसील व सम्भागीय परिवहन विभाग आदि विभागों का निरीक्षण कराया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति का सत्यापन, अभिलेखों का रख रखाव तथा साफ सफाई को परखा गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने मुख्यालय पर निवास करें और प्रात:10 से 12 बजे तक अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

जिला अस्पताल: डिप्टी सीएम बृजेश पाठक करते रहे निरीक्षण, चेंबरों की होती रही सफाई

● कार्यदायी संस्था से स्पष्टीकरण तलब कर वेतन रोकने के निर्देश

● मरीज व तीमारदारों ने चिकित्सकों पर बाहरी दवा लिखने का मढ़ा आरोप, जांच के निर्देश

फतेहपुर। जिला अस्पताल का हाल किसी से छिपा नहीं है। इसका नजारा आज स्वयं उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने स्वयं देख लिया। एक तरफवह जिला अस्पताल का निरीक्षण कर रहे थे तो दूसरी तरफ सफाई कर्मी प्रात: दस बजे तक चेंबरों की सफाई में लगे हुए थे। अस्पताल में कई स्थानों पर गंदगी देख डिप्टी सीएम का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होने कार्यदायी संस्था से स्पष्टीकरण तलब कर एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही मरीजों व तीमारदारों से बातचीत कर स्वास्थ्य सुविधाओं की हकीकत जानी। मरीजों का आरोप लगा रहा कि बाहरी दिखाएं लिखी जाती हैं, जिस पर डिप्टी सीएम ने सीएमएस को निर्देश देते हुए भंडारित दवाओं की हकीकत भी देखी।

गुरूवार की सुबह डिप्टी सीएम बृजेश पाठक लखनऊ से महोबा के लिए निकले थे। फतेहपुर पहुंचने पर वह सर्किट हाउस आए और अचानक काफिला जिला अस्पताल की ओर मुड़ गया। डिप्टी सीएम के अस्पताल पहुंचते ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के होश फाख्ता हो गए। सभी अधिकारी व कर्मचारी व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद बनाने में लग गए। डिप्टी सीएम सीधे वार्ड में भर्ती मरीजों से मिलने पहुंच गए। उन्होने मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सुविधाओं की हकीकत जानी। कई खामियां मिलने पर डिप्टी सीएम ने कहा कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सरकार कटिबद्ध है। इसलिए मरीजों का जिला अस्पताल में समुचित इलाज किया जाए। डिप्टी सीएम ने वार्ड का बारीकी से जायजा लिया। वार्ड में फैली गंदगी को देखकर साफ सफाई के लिए सीएमएस को निर्देश दिया, जब डिप्टी सीएम इमरजेंसी कक्ष पहुंचे तो एक बेड पर पड़ी चादर में खून देखा। उस बेड पर मरीज का इलाज करते देख वह भड़क गए और फटकार लगाई कि इस तरह की व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर कड़ी कार्यवाही होगी।

डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित फ्लैशिप विकास कार्यक्रमों तथा सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा

● सभी विभाग समय अंतर्गत पोर्टल पर फीड करें आंकड़े

कानपुर देहात। जिलाधिकारी आलोक सिंह के अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित फ्लैशिप विकास कार्यक्रमों की प्रगति तथा सीएमआईएस पोर्टल पर प्रर्दशित निर्माण कार्यों की माह जून की प्रगति की समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा सीडी एवं ई श्रेणी में आए हुए विभागों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित सभी विभागों को निर्देशित किया कि सभी विभाग त्रुटि रहित आंकड़े समय से पोर्टल पर फीड कराये, यदि आंकड़ों से संबंधित कोई समस्या हो तो अपने निदेशालय से संपर्क कर तत्काल ठीक करायें। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग की परियोजना की रैंक आने वाले माह में नीचे नहीं जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी विभाग पोर्टल पर गलत रिपोर्टिंग नहीं करेगा। उन्होंने कहा सभी विभाग नियमित अपने.अपने फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा जरूर करें तथा योजनाओं की प्रगति से संबंधित आंकड़े अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय में समय से उपलब्ध कराए। मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन. द्वारा आंकड़ों की पुष्टि किए जाने पर ही डाटा पोर्टल पर फीड करें। बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

तत्पश्चात पीओ नेडा द्वारा पीएम सूर्यघर योजना के बारे में जानकारी दी गई । उन्होंने बताया कि जनपद में विद्युत उपभोक्ताओं के घरों पर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत घरेलू सोलर रूफटॉप की स्थापना करायी जानी है। समस्त आवासीय विद्युत कनेक्शन धारक उपभोगता जिनका विद्युत बिल जमा है, इस योजना के पात्र हैं। उपभोक्ता विद्युत विभाग से स्वीकृत विद्युतभार के समतुल्य अथवा कम क्षमता का सोलर रूफटॉप संयंत्र अपने निज आवास पर लगवा सकते हैं। इस संयंत्र की स्थापना से उपभोक्ता के बिद्युत बिल में 60 से 70 प्रतिशत की मासिक बचत सम्भव है, इसके साथ ही पीएम सूर्यघर योजना के अन्तर्गत अनुदान भी अनुमन्य है।

सोलर रूफटॉप सयंत्र के अधिष्ठापन के लिये उपभोक्ता को अपना पंजीकरण (पोर्टल पर पंजकरण आदि प्रक्रिया का विवरण पत्रक) कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना में विद्युत उपभोक्ता को पहले निज स्त्रोतध्बैंक ऋण के माध्यम से सोलर रूफटॉप पावर प्लाण्ट लगवाना होता हैए तदोपरान्त सयंत्र के नेटमीटरिंग सम्बन्धी कार्यवाही विद्युत विभाग के द्वारा पूर्ण की जाती है। नेटमीटरिंग कार्य पूर्ण होने पर उपभोक्ता स्वयं अथवा सोलर रूफटॉप वेण्डर द्वारा समस्त प्रपत्रों को अंतिम रूप से पोर्टल पर अनुदान प्राप्त किये जाने हेतु अपलोड कर दिया जाता है। अनुदान मांगपत्र प्रेषण के दो माह के अन्दर राज्य एवं भारत सरकार से अनुमोदित अनुदान की राशि अवमुक्त हो जाती है। इस मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

लोडर गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की दर्दनाक मौत

संवाददाता। बिंदकी (फतेहपुर)

तेज रफ्तार अनियंत्रित लोडर गाड़ी की टक्कर से एक ही बाइक में सवार दो लोगों में से एक की मौके पर मौत हो गई जबकि दूसरे गंभीर घायल व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। दोनों की मौत के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार नगर के निकट मुगल रोड पावर हाउस के समीप गुरुवार को दिन में करीब ढाई बजे तेज रफ्तार लोडर गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार विनोद द्विवेदी उर्फ पुन्नी उम्र 50 वर्ष पुत्र स्व. राम आसरे द्विवेदी निवासी मोहल्ला महजनी गली कस्बा बिंदकी की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि जीवित होने की आशा पर उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी ओर विनोद द्विवेदी के साथ ही बाइक में सवार सतीश चंद्र उम्र 40 वर्ष पुत्र रमेश चंद निवासी ग्राम पारादान कोतवाली बिंदकी गंभीर घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी ले जाया गया।

थोड़ी देर उपचार के बाद सतीश चंद्र की भी मौत हो गई। बताया जाता है कि सतीश चंद्र अपने गांव से बाइक द्वारा आ रहे थे, तभी अपने खेत देखने गए विनोद द्विवेदी नहर पुल के पास खड़े थे। विनोद ने सतीश को बाइक में बैठने के लिए हाथ दिया, जिसके चलते विनोद भी बाइक में बैठ गए। आगे चलने पर पावर हाउस के समीप लोडर गाड़ी ने टक्कर मार दी जिसके चलते विनोद द्विवेदी की मौके पर मौत हो गई जबकि सतीश चंद्र की इलाज के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की में मौत हो गई।

आईटीआई में रोजगार मेला 19 से 30 जुलाई तक

फर्रूखाबाद। राजकीय औघोगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क में 19 जुलाई को एवं 30 जुलाई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अमृतपुर फर्रूखाबाद में 20 जुलाई एवम् राजकीय ओघोगिक प्रशिक्षण संस्थान कायमगंज में 23 जुलाई को प्रात: 10 बजे से रोजगार अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा, जयभारत मारुति, टाटा ईवी कार मेनुफेकचरिंग, बजाज मोटर्स, एम आर एफटायर जैसी अन्य कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। रिक्तियों की संख्या 800 है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना दस्तावेज वायोडाटा हाईस्कूल, इंटरमिडियट, आईटीआई डिप्लोमा, स्नातक के अंकपत्र व प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो इत्यादि साक्षात्कार के समय सभी दस्तावेज के साथ उपरोक्त दी गई तिथियों के अनुसार रोजगार/ अप्रेंटिस शिप मेला में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करे।

दो सगे भाईयों सहित तीन बालिका के साथ गैंगरेप में फंसे

फर्रूखाबाद। दलित नाबालिक के साथ गैंगरेप के मामले में पुलिस नें दो सगे भाईयों सहित तीन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के एक ग्राम निवासी 14 वर्षीय पीड़िता की माँ की तरफ से मुकदमा दर्ज कराया गया। जिसमे कहा गया कि उनकी नाबालिक पुत्री खेत में शौच के लिए दोपहर दो बजे गयी थी। उसी दौरान आरोपी सत्यवीर, बलवीर पुत्र जदुनाथ कुशवाहा, अंकित पुत्र मनोहर कुशवाहा नें उसे जबरदस्ती खीचकर गाँव में बने स्वास्थ्य केंद्र में ले गये। जहाँ आरोपियों नें गैंग रेप किया। उसको मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। जब काफी देर बाद उसकी तलाश की तो वह स्वास्थ्य केंद्र के शौचालय में बंद मिली। मुकदमा की विवेचना सीओ सिटी प्रदीप कुमार को दी गयी है।

विवाहिता ने ससुराल में फांसी लगाकर दी जान

फर्रूखाबाद। विवाह के महज 4 साल बाद ही विवाहिता फांसी के फंसे पर झूल गयी। जिससे उसकी मौत हो गयी। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम हरसिंगपुर गोवा निवासी 25 वर्षीय सलोनी पत्नी गौरव यादव नें साड़ी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली।

गौरव का विवाह बीते 4 साल पूर्व कन्नौज के इंदरगढ़ निकारिमपुर उमरदा से हुआ था। उसके एक पुत्री कांता, पुत्र जयकांत हैं। मृतका के पिता रामपाल नें बताया कि रात 11 बजे करीब दामाद गौरव ने जानकारी दी। मृतका की माँ रानी देवी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।आपसी समझौते के चलते मायके पक्ष नें कार्यवाही नही की।

आकाशीय विजली गिरने से सात बकरियों की मौत चरवाहा बाल बाल बचा

मौदहा (हमीरपुर)। गुरुवार की दोपहर बाद तेज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर जाने से एक ही गांव की सात बकरियों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और तीन बकरियां गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर पहुंचे डॉक्टरों की टीम ने घायल बकरियों का उपचार किया। चरवाहा बाल बाल बच गया। विकास खंड के मदारपुर गांव में गुरुवार की दोपहर बाद बूंदाबांदी एवं तेज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिर जाने से खेत में चर रही सात पांच बकरियां चुनुबाद पुत्र कल्लू, एक बकरी बुद्धू पुत्र सिराज एक बकरी निजामुद्दीन की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तीन बकरियां गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर पांच डॉक्टरों का पैनल घटनास्थल पर पहुंचकर घायल बकरियों का उपचार किया और ग्राम प्रधान अब्दुल्ला ने बताया दोपहर बाद बिजली गिर जाने से सात बकरियों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, तीन बकरियां का उपचार चल रहा है।

क्विक न्यूज

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अकबरपुर, कानपुर देहात में कल रोजगार मेले का होगा आयोजन

कानपुर देहात। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अकबरपुर, कानपुर देहात में 20 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उक्त के संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अकबरपुर ने बताया कि मेले में प्राइम सर्जिकल, रनिया, कानपुर देहात, आज़ाज वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड गुरुग्राम हरियाणाए इंफिनिटी इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेडए अलवर राजस्थानए टीम पल्स एच आर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड फरीदाबाद आदि अधिष्ठान प्रतिभाग कर रहे है। कंपनियों में आइटीआई के पास आउट अभ्यर्थी फिटर इलेक्ट्रीशियनए वेल्डर टर्नर मोटर मैकेनिक व्हीकल डीजल मैकेनिक मेकेनिक रेफ्रिजरेटर एवं एयर कंडीशन एवं अन्य मैकेनिक एवं इलेक्ट्रिकल व्यवसाय एवं अन्य व्यवसाय के पास आउट अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। जिसमे 11635 से 12,672.00 प्रति माह का वेतन निर्धारित किया है। 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

टकराई दो बाइके, एक मरा, तीन बच्चों समेत पांच घायल

संडीला (हरदोई)। दो मोटरसाइकिलों में हुई आमने सामने की टक्कर में एक बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि उसकी पत्नी तथा 3 बच्चे एवं दूसरी बाइक के दो सवार युवक घायल हो गए। यह दुर्घटना प्रतापनगर कोथावां मार्ग पर ग्राम बरगदियाखेड़ा के पास हुई, जहां दो बाइकों में आमने सामने टक्कर हो गयी। बताया गया है कि ग्राम हाथिया थाना नैमिष जनपद सीतापुर निवासी 30 वर्षीय लालू अपने साढू के बेटे की शादी में भाग लेने के बाद 28 वर्षीय पत्नी केशू तथा पुत्रियों 10 वर्षीय शीलू, 8 वर्षीय आरुषी तथा 5 वर्षीय पुत्र हंयराज के साथ अपने घर वापस जा रहा था। पांचो लोग एक ही बाइक पर सवार थे। दूसरी ओर ग्राम अटिया मजगवां निवासी 25 वर्षीय पुष्पेन्द्र और 20 वर्षीय भोला अपने घर जा रहे थे। जब दोनों ग्राम बरगदियाखेड़ा के पास पहुंचे तो बाइकों में आमने.सामने टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी भीषण थी कि लालू की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि केशू, शीलू, आरुषी, हंसराज और भोला गंभीर रूप से घायल हो गए। पांचों को पहले सीएचसी कोथावां ले जाया गयाए जहां से शीलू, आरुषी और हंसराज की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल भेज दिया गया। उधर लालू के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

बाइक सवार मां बेटे को कंटेनर ने मारी टक्कर मां की हुई मौत

सुमेरपुर। थानाक्षेत्र के गोस्वामी ढाबा के पास हाईवे पर बाइक सवार मां बेटे को कंटेनर ने टक्कर मार दी। जिससे मां गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसकी सदर अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मौदहा के हुसैनगंज निवासी मोहम्मद हनीफ की पत्नी माजदा बेगम अपने पुत्र नफीस के साथ बाइक से बेटी से मिलने उसकी ससुराल सुमेरपुर आ रही थी। बुधवार देर शाम करीब आठ बजे गोस्वामी ढाबा के पास कंटेनर ने पीछे से ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। जिससे माजदा बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। नफीस ने बताया कि घायल मां को देखने के लिए कंटेनर चालक नीचे उतरा। उनकी हालत देखकर चालक कंटेनर को भगाने का प्रयास किया। लेकिन बैक गियर पड़ जाने से कंटेनर मां के ऊपर चढ़ गया। जिससे उनकी हालत नाजुक हो गई और कंटेनर मौके से भाग निकला। बेटे ने बताया कि उसने घटना की सूचना परिजनों को दी। उन्हें निजी साधन से सदर अस्पताल लाएं। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के बहरामपुर रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे ट्रेन से गिरकर लगभग 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। जीआरपी ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। असोथर थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी स्व. अरविंद का पुत्र करन मुंबई में नौकरी करता था। वह ट्रेन से घर आ रहा था। तभी अर्द्धरात्रि बहरामपुर रेलवे ओवर ब्रिज के समीप चलती ट्रेन से गिर गया। सुबह जानकारी होने पर जीआरपी ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

युवक की कानपुर ले जाते समय मौत

फतेहपुर। ससुराल गए युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया था जिसकी देर शाम कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। बताते चलें कि खागा के खेमकरनपुर गांव निवासी केशन पासवान के पुत्र श्याम पासवान अपनी ससुराल असोथर थाने के सूबेदार का पुरवा मजरे सातों धरमपुर गया था। वहीं पत्नी से विवाद के बाद उसने जहर खा लिया था। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर कानपुर रेफर कर दिया गया था जिसकी रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रसूलाबाद। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि बेटी व बेटा घायल हुआ। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रसूलाबाद थाना क्षेत्र के बिरिया गढेवा के निकट विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक की टक्कर से बाइक सवार संजय 40 पुत्र स्व. राधे लाल निवासी केशव नगर रसूलाबाद की मौत हो गई। संजय कुमार घाटमपुर में स्थित अपनी ससुराल से बाइक द्वारा वापस अपने बेटे मोहन व बेटी प्रियांशी के साथ रसूलाबाद आ रहा था। बिरिया गढेवा के निकट तीव्र मोड़ के निकट विपरीत दिशा से आ रहे तेज डम्पर ने टक्कर मार दी। जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि मृतक की बेटी और बेटा दोनों घायल हुए। घटना से पारिवारिक जनों का रो रोकर बुरा हाल था। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

ईओ ने भ्रमण कर परखी सफाई व्यवस्था

गर्दाबाद का स्थलीय निरीक्षण करते ईओ व कर्मी।

● निजी भूमि पर लगे कूड़े को दो दिन में हटाने के निर्देश दिए

गुरसहायगंज (कन्नौज)। डीएम के आदेश के अनुपालन में नगर पंचायत समधन अधिसाषी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने पंचायत कर्मियों के साथ मोहल्ला गर्दा बाद में निरीक्षण दौरान पाया कि एक निजी भूमि तालाब की सूरत में है और बारिश का पानी भरा हुआ है। आसपास जानवरों के गोबर के ढेर लगे हुए हैं।

जिस पर अधिशासी अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से उक्त भूमि की दो दिन में सफाई करने के लिए सफाई नायकों सुनील कुमार व नरेश कुमार एवं फिरोज को कड़े निर्देश देते हुए निजी भूमि पर लगे नागरिकों के कूड़े एवं गोबर के ढेर को हटाने की चेतावनी दी। न हटानें की स्थिति में नगर पंचायत द्वारा कब्जे में लेकर नीलामी कर देने सहित जुर्माना वसूल किए जाने की बात कही। पंचायत कर्मियों को संबंधित भू-स्वामियों को नोटिस देनें का निर्देश देनें के उपरान्त कहा कि भविष्य में कूड़े का ढेर लगा पाया गया तो उनके विरुद्ध सॉलिड बेस्ट नियमावली 2016 एवं एनजीटी के आदेशों का अनुक्रम में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक जिलेदार सिंह विवेक गुप्ता अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

शहर में पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन, जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

● पौधारोपण में यूवी प्रोटेक्टेड, बायोडिग्रेडेबल ट्रीगार्ड का हुआ प्रयोग

लखीमपुर खीरी। नगर पालिका परिषदए पर्यावरण मित्र समूहए वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को शहर में वृहद पौधारोपण अभियान कार्यक्रम हुआ। सौजन्या चौराहे से गुरु गोविंद सिंह चौक होते हुए हीरालाल धर्मशाला तक ट्रीगार्ड्स सहित वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने प्रभागीय वनाधिकारी दक्षिण संजय बिस्वाल के साथ 101वां पौधारोपित करते हुए शुभारंभ किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि ष्एक पेड़ मां के नाम लगाने की योजना के साथ साथ यहां तो स्वयं मातृ शक्ति पौध लगा रहीं और पर्यावरण मित्र समूह ने नि:संदेह एक अद्भुत कार्य किया है। पर्यावरण मित्र समूह के कार्यों की सराहना करते हुए पर्यावरण मित्र समूह को प्लांटेशन मेक सस्टेनेबिलिटी टैग लाइन दी।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी को पेड़ो के योगदान को पहचानेए इस दिशा में जितना हो सके उतना योगदान करने को प्रेरित भी किया। डीएम ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाने का संदेश दिया। कहा कि अगर प्रत्येक व्यक्ति एक.एक पेड़ अपनी माता के नाम पर लगाएं और उनकी सुरक्षा और देखभाल करे तो भी हम पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं।

पर्यावरण मित्र समूह संयोजक विशाल सेठ ने अवगत कराया कि ट्रीगार्ड पॉलिमर के हैंए शत प्रतिशत यूवी प्रोटेक्टेडए पूर्णतया बायोडिग्रेडेबल हैं। पर्यावरण मित्र समूह कोर कमेटी के सदस्य राम मोहन गुप्त के संचालन में आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम, भविष्य की योजना पर कार्यक्रम संयोजक विशाल सेठ ने विस्तृत जानकारी प्रदान की। ईओ संजय कुमार ने नगर पालिका के प्रयासों, प्रभागीय वनाधिकारी दक्षिण संजय बिस्वाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सिटी मांटसरी इंटर कालेज के छात्रों एवं पर्यावरण मित्र समूह कोरकमेटी का अति सराहनीय योगदान रहा।

20 को बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन

संवाददाता। बाँदा

जिला कलेक्टर नागेंद्र प्रताप की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी 20 जुलाई, 2024 को बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजन हेतु जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप वृक्षारोपण कराये जाने हेतु सभी तैयारी समय से पूरी कर ली जायें। उन्होंने शत् प्रतिशत गड्ढों की खुदानए पौध की उपलब्धता व उठान कराये जाने तथा वृक्षारोपण के पश्चात हरीतिमा एप को डाउनलोड कर उसमें वृक्षारोपण की फोटो सहित जीओ टैग शत प्रतिशत कराये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत व नगर विकास के अनुसार वृक्षारोपण किये जाने सूचना संकलित कर डीएसटीओ को भेजी जायेगी। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण दिनांक 20 जुलाई, 2024 को प्रात: 06 बजे से सायं 06 बजे तक जनपद के विभिन्न निर्धारित स्थलों में प्रभारी मंत्री, जनप्रतिनिधियों तथा नोडल अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा किया जायेगा, जिसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्थलवार ड्यूटी लगायये जाने के निर्देश दिये।

वृक्षारोपण किये जाने हेतु एक कन्ट्रोल रूम की भी व्यवस्था की गयी है। उन्होंने वृक्षारोपण कार्यक्रम को व्यापक जनसहभागिता प्राप्त करते हुए एक जनआन्दोलन के रूप में उत्सव की भांति कराये जाने के निर्देश दिये। वृक्षारोपण के अन्तर्गत विरासत वृक्ष वाटिका, मित्र वन, वैटलैण्ड संरक्षण वन, बाल पौध रोपण भी किया जाये। उन्होंने वृक्षारोपण कार्यक्रम में समस्त सरकारीध्और सरकारी संस्थाओंए एनसीसी, एनएसएसए महिला एवं युवक मंगल दलए व्यापार मण्डल व अन्य लोगों के जन सहयोग से अधिक से अधिक वृक्षों का रोपण लक्ष्य के अनुसार कराये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य ने बताया कि वन विभाग के बाद ग्राम विकास विभाग द्वारा सबसे अधिक वृक्षों का रोपण किया जायेगा। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने विकास खण्डों में निर्धारित स्थानों एवं अमृत सरोवरों में वृक्षारोपण बृहद स्तर पर करायें और उनकों सुरक्षित रखने के लिए भी व्यवस्थायें की जायें। प्रभागीय वनाधिकारी अरबिन्द कुमार ने बताया कि पेड़ लगाओ.पेड़.बचाओ जन अभियान 2024 के अन्तर्गत प्रत्येक व्यक्ति एक पेड मॉ के नाम समर्पित कर अवश्य रोपित करें। प्रदेश में 36.50 करोड़ का वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जनपद में लगभग 67 लाख वृक्षारोपण किया जायेगा। वन विभाग के साथ 26 अन्य विभागों द्वारा इलेक्शन मोड पर वृक्षारोपण 20 जुलाई को किया जायेगा।

आंखे फोड़ने के बाद चाचा की हत्या की थी भतीजों ने, रिपोर्ट दर्ज

राठ (हमीरपुर)। संपत्ति के विवाद के लालच में आकर भाई और भतीजे ने मिलकर ईंट व लाठी से मिलकर हत्या कर दी थी। गुरुवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की दोनों आंखें फुटी हुई थी और सीने व पैर में गंभीर चोटें आईं हैं। पुलिस ने दोनों भतीजों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। मुस्करा थाने के गहरौली गांव निवासी दशाराम खेत में अपने मवेशी चरा रहा था। तभी उसके भतीजे महेश रमेश व पिता सरजू उसे गांव के बाहर पीटना शुरू कर दिया था। सिर पर ईंट से प्रहार कर उसका चेहरा कुचल दिया था। साथ ही उसकी लाठी से पिटाई करते रहे। पिटाई से दशाराम की मौके पर ही मौत हो गई थी। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम के दौरान किसान की दोनों आंखें कुचली हुई थी और सीने व पैर में चोटें आईं हैं। मुस्करा पुलिस ने दोनों भतीजों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया है।

मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

कुरारा (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी ग्रामीण ने गाली गलौज करने व मना करने पर मारपीट करने की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।क्षेत्र के कुसमरा गांव निवासी राहुल पुत्र छोटेलाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि बीती रात पड़ोस में शादी का कार्यक्रम था। रात्रि आठ बजे घर शादी में शामिल होने के लिए घर से निकल कर जा रहा था। तभी गांव निवासी बबलू पुत्र लल्लू व बउआ पुत्र देवलाल ने गाली गलौज करने लगे मना करने पर दोनो ने मारपीट किया। जिससे सिर पर चोट आई है। शोर सुनकर लोग आए तो दोनो जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

किसानों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो: डीएम

● किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रहा प्रशासन: डीएम

लखीमपुर खीरी। किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में ष्किसान दिवसष् का आयोजित हुआ। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं। डीएम ने अफसरों को किसानों की समस्याओं का समय से व गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का निर्देश दिए।

डीएम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।यह भी बताया कि प्रसाशन के समक्ष अन्नदाता किसानों की समस्या का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता का है। किसानों की समस्याओं को तत्काल एवम दीर्घकालिक समाधान की कैटेगरी में प्रस्तुत करें। किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन.प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा। केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है। डीएम ने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा एवम बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि द्वारा फसलों को प्राकृतिक आपदा से नुकसान की क्षतिपूर्ति के लि फसल बीमा की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। बैठक में जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, डीएचओ मृत्युंजय सिंह, अध्यक्ष/ वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीकेएअन्य अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहें।

कानून में प्रतिबंधात्मक वैधानिक प्रावधान अदालतों को आरोपी को जमानत देने से नहीं रोकते: न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार एक व्यक्ति को जमानत देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि कानून में प्रतिबंधात्मक वैधानिक प्रावधान अदालतों को किसी आरोपी को जमानत देने से नहीं रोकते हैं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवला और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार सर्वव्यापी और पवित्र है। पीठ ने कहा, किसी संवैधानिक अदालत को दंडात्मक कानून में प्रतिबंधात्मक वैधानिक प्रावधानों के कारण किसी आरोपी को तब जमानत देने से नहीं रोका जा सकता जब उसे पता चलता है कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आरोपी-विचाराधीन कैदी के अधिकार का उल्लंघन किया गया है। इसने कहा, ऐसी स्थिति में ऐसे वैधानिक प्रतिबंध आड़े नहीं आएंगे। यहां तक कि किसी दंडात्मक कानून की व्याख्या के मामले में, चाहे वह कितना भी कठोर क्यों न हो, एक संवैधानिक न्यायालय को संवैधानिकता और कानून के शासन के पक्ष में झुकना होगा, जिसमें स्वतंत्रता एक मूलभूत हिस्सा है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि किसी विशेष मामले के दिए गए तथ्यों के मद्देनजर एक संवैधानिक अदालत जमानत देने से इनकार कर सकती है, लेकिन यह कहना गलत होगा कि किसी विशेष कानून के तहत जमानत नहीं दी जा सकती। न्यायालय ने नेपाल निवासी शेख जावेद इकबाल की अपील को स्वीकार करते हुए यह टिप्पणी की। इसने इकबाल को जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस के अनुसार, इकबाल ने स्वीकार किया था कि वह नेपाल में नकली भारतीय मुद्रा नोटों के अवैध व्यापार में शामिल था। उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता के विभिन्न प्रावधानों तथा बाद में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया गया था।

इकबाल की ओर से पेश वकील एम एस खान ने कहा कि अपीलकर्ता नौ साल से अधिक समय से हिरासत में है। खान ने कहा कि निकट भविष्य में आपराधिक मुकदमे के समाप्त होने की कोई संभावना नहीं है और इसलिए इकबाल को जमानत पर रिहा कर दिया जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार की अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने दलील का विरोध किया और कहा कि अपीलकर्ता के खिलाफ आरोप बहुत गंभीर हैं और चूंकि वह एक विदेशी नागरिक है, इसलिए उसके भागने का खतरा है। उन्होंने कहा कि इसलिए आरोपी को जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता और निचली अदालत को मुकदमे में तेजी लाने का निर्देश दिया जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा, केवल इस आधार पर जमानत से इनकार नहीं किया जा सकता कि आरोप बहुत गंभीर हैं, हालांकि मुकदमे के समाप्त होने की कोई संभावना नहीं है। पीठ ने कहा कि जमानत देते हुए निचली अदालत अपीलकर्ता का पासपोर्ट औराया नागरिकता दस्तावेज जब्त कर लेगी।

उच्च न्यायालय ने रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी को लेकर दाखिल याचिका पर केंद्र से तलब किया

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को केंद्र से एक महिला की याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया जिसने दावा किया है कि अति गरीब पृष्ठभूमि के साथ राशन कार्ड होने के बावजूद उसे उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस सिलेंडर पर सब्सिडी नहीं मिल रहा है क्योंकि पहले से उसके पास गैस कनेक्शन था। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने नोटिस जारी किया और सरकार से उस याचिका पर जवाब दाखिल करने को कहा जिसमें कहा गया है कि सब्सिडी उन्हें भी दी जानी चाहिए। याचिकाकर्ता ने दलील दी है कि अपेक्षित मानदंडों को पूरा करने के बावजूद वह प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) में नामांकित नहीं हो सकी और लाभार्थी नहीं बन सकी क्योंकि यह योजना केवल उन लोगों पर लागू होगी जिनके पास गैस कनेक्शन नहीं है।

अदाणी की खावड़ा में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना को देखने पहुंचे अमेरिकी राजदूत गार्सेटी

भाषा। नई दिल्ली

भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी अदाणी समूह की खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना देखने पहुंचे। यह दुनिया में सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना है। यह इस बात का संकेत है कि समूह हिंडनबर्ग के आरोपों से आगे निकल गया है और उसे पूरा समर्थन मिल रहा है। गार्सेटी ने 16 जुलाई को खावड़ा का दौरा करने के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, गुजरात में खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना को देखने के बाद मुझे प्रेरणा मिली। मैंने भारत के शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने वाली अदाणी ग्रीन की अनूठी परियोजनाओं के बारे में जाना और देखा। पर्यावरण अनुकूल विकास के लिहाज से स्वच्छ ऊर्जा महत्वपूर्ण है। साथ ही हमारी द्विपक्षीय साझेदारी क्षेत्र और दुनिया के लिए स्वच्छ और हरित भविष्य के समाधान को आकार देने को लेकर महत्वपूर्ण है।

अदाणी ग्रीन एनर्जी लि. गुजरात के कच्छ के खावड़ा में बंजर भूमि पर 30,000 मेगावाट क्षमता की दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना विकसित कर रही है। 538 वर्ग किलोमीटर में निर्मित, यह परियोजना पेरिस के आकार से पांच गुना और लगभग मुंबई शहर जितनी बड़ी है। कंपनी ने काम शुरू करने के 12 महीनों के भीतर 2,000 मेगावाट क्षमता चालू की है। 30,000 मेगावाट क्षमता की पूरी परियोजना के 2030 तक पूरा होने की उम्मीद है।

समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने एक्स पर गार्सेटी के साथ एक तस्वीर डाली और इस यात्रा के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने लिखा है, खावड़ा में अदाणी की 30 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर।,000 मेगावाट) क्षमता के नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना स्थल और मुंदड़ा बंदरगाह पर आने के लिए भारत में अमेरिकी राजदूत का अभारी हूं...।

अमेरिकी राजदूत का अदाणी समूह की परियोजना स्थल पर जाना और उसे सार्वजनिक करने के कदम को भारत के सबसे बड़े बुनियादी ढांचा समूह में अमेरिकी सरकार के भरोसे के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। अमेरिकी निवेश और शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के अदाणी समूह पर धोखाधड़ी और कंपनियों के शेयरों में हेराफेरी के आरोप के लगभग डेढ़ साल बाद गार्सेटी का यह दौरा महत्वपूर्ण है। अदाणी हिंडनबर्ग के सभी आरोपों को खारिज करते हुए उसे पूरी तरह बेबुनियाद बताया है। समूह की कंपनियां अब हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से हुए नुकसान से बाहर आ गई हैं।

गढ़चिरौली मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए उन पर कुल 86 लाख रुपए का था इनाम

भाषा। गढ़चिरौली

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 12 नक्सलियों को मार गिराया गया। मरने वाले नक्सलियों पर कुल 86 लाख रुपए का नकद इनाम था। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने दावा किया कि अभियान की सफलता के कारण माओवादियों के कोरची-टीपागढ़ दलम एवं चटगांव-कासनसूर दलम का सफाया हो गया है। बुधवार को छत्तीसगढ़ सीमा के पास हुई मुठभेड़ में पांच महिला उग्रवादियों समेत कुल 12 नक्सली मारे गए थे। मुठभेड़ में तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए।

एक अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी दोपहर में शुरू हुई और करीब छह घंटे तक चली। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया है, कल सुबह विश्वसनीय सूचना मिली कि कोरची-टीपागढ़ एवं चटगांव-कासनसूर के संयुक्त स्थानीय संगठन दस्ते (एलओएस) के 12 से 15 सदस्य वंडोली गांव में छत्तीसगढ़ की सीमा के पास वन क्षेत्र में डेरा डाले हुए हैं। इनका उद्देश्य नक्सलियों द्वारा मनाए जाने वाले आगामी शहीद सप्ताह (28 जुलाई से तीन अगस्त) के मद्देनजर विध्वंसकारी गतिविधियों को अंजाम देना है। इसमें कहा गया है, पुलिस उपाधीक्षक (ऑपरेशन) विशाल नागरगोजे के नेतृत्व में माओवादी विरोधी सी-60 दस्ते की सात इकाइयों को तत्काल क्षेत्र में तलाशी अभियान के लिए भेजा गया। जब टीमें अभियान में लगी हुई थीं, तब माओवादियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसका सी-60 टीमों ने मुहंतोड़ जवाब दिया।

पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पुलिस का दबाव बढ़ता देख माओवादी घने जंगल की ओर भाग गए। उन्होंने बताया कि गोलीबारी के बाद इलाके की तलाशी ली गई, जिसमें सात पुरुष और पांच महिला माओवादियों के शव बरामद हुए। अधिकारी ने बताया कि शवों के अलावा, पुलिस ने मौके से सात स्वचालित हथियार, तीन एके 47 राइफल, दो इंसास राइफल, एक कार्बाइन गन और एक सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), माओवादी साहित्य, विस्फोटक, डेटोनेटर और अन्य सामान बरामद किया।

नीलोत्पल ने बताया, मुठभेड़ में नक्सलियों के कोरची-टीपागढ़ एवं चटगांव-कासनसूर इलाके के डिवीजनल कमेटी के तीन कुख्यात कैडर, पांच एरिया कमेटी सदस्य और चार दलम सदस्य मारे गए, जिन पर कुल 86 लाख रुपए का इनाम था। उन्होंने बताया, उत्तरी गढ़चिरौली के ज्यादातर हिस्से से सशस्त्र माओवादी समूहों का सफाया हो गया है। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की पहचान योगेश तुलावी उर्फ नरेंद्र (36), विशाल अतराम उर्फ लक्ष्मण (43) और प्रमोद कचलामी (31) के रूप में हुई है। तीनों चटगांव-कासनसूर दलम के थे और प्रत्एक पर 16-16 लाख रुपए का इनाम था।

उन्होंने बताया कि अन्य मृतक, महारू गावड़े (31), अनिल दों (28), सरिता परसा (37), रज्जो गावड़े (35) और विज्जू, सभी चटगांव-कासनसूर और कोरची-टीपागढ़ एलओएस के एरिया कमेटी सदस्य थे और प्रत्एक पर 6-6 लाख रुपए का इनाम था। चंदा पोद्याम, सीता हॉके, रोजा और सागर - सभी चटगांव-कासनसूर और कोरची-टीपागढ़ एलओएस के सदस्य थे, जिन पर दो-दो लाख रुपए का इनाम था। नीलोत्पल ने कहा, 2021 से गढ़चिरौली में 80 कट्टर माओवादियों को मार गिराया गया है, 102 माओवादियों को गिरफ्तार किया गया है और 29 अन्य ने गढ़चिरौली पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है।

छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, महिला नक्सली ढेर

दंतेवाड़ा। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के किरंदुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरंगेल और इरालगुडेम गांव के मध्य जंगल में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल-अरनपुर, सुकमा जिले के जगरगुंडा और बीजापुर जिले के गंगालूर और बासागुड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत डोडी, तुमनार, पीडिया और तामोडी गांव के आसपास के जंगल और पहाड़ियों में जगदीश, दिनेश और वेल्ला जैसे नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। अधिकारियों ने बताया कि सूचना के आधार पर दो दिन पहले 16 जुलाई को दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले के डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, एसटीएफ, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा बटालियन तथा सीआरपीएफ की ही 111 वीं वाहिनी, 230 वीं वाहिनी, 231 वीं वाहिनी और 195 वीं वाहिनी के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के तहत रवाना किया गया था। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान आज किरंदुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरंगेल और इरालगुडेम गांव के मध्य डीआरजी और बस्तर फाइटर्स के दल पर नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने जब जवाबी कार्वाई की तब कुछ देर बाद नक्सली वहां से भाग गए। उन्होंने बताया कि गोलीबारी रुकने के बाद जब घटनास्थल की तलाशी ली गई तब वहां एक महिला नक्सली का शव, हथियार और अन्य सामान बरामद किए गए। मृतक नक्सली की पहचान अभी नहीं हो पाई है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में कई अन्य नक्सलियों के घायल होने की संभावना है। इससे पहले बुधवार देर रात राज्य के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया, जिससे एसटीएफ के दो जवान शहीद हो गए और चार अन्य घायल हो गए।

सनातन संस्कृति को आगे बढ़ा रहे पीएम और सीएम योगी: भाजपा सांसद

भाषा। कानपुर (उप्र)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद देवेन्द्र सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बिना किसी भेदभाव के काम करके सनातन संस्कृति को आगे बढ़ा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की अकबरपुर सीट से भाजपा सांसद देवेन्द्र सिंह ने किट फॉर किड्स इंडिया अभियान के तहत बच्चों को स्कूल बैग तथा अन्य सामान वितरित करने के अवसर पर यह बात कही। अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय मूल के 11वीं के छात्र विराज सिंह द्वारा भी किट फॉर किड्स इंडिया अभियान के तहत कानपुर स्थित एक विद्यालय में सामान वितरित किया गया।

सांसद ने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना हमारी सनातन संस्कृति का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही सरकारें इस संस्कृति को आगे बढ़ा रही हैं। भाजपा के शासन में किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है। यही सरकार की कार्य संस्कृति है।

पूर्व मुख्य सूचना आयुक्त भावेश कुमार सिंह ने जरूरतमंद छात्रछात्राओं को स्कूल बैग व अन्य सामान वितरित करने पर छात्र विराज सिंह की सराहना की और कहा कि उसने एक छात्र के रूप में अपना प्रयास किया और आगे भी ऐसे कार्यक्रम जारी रहने चाहिए।

अमेरिका के मैरीलैंड स्थित एचवुड हाईस्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र विराज सिंह ने बताया कि किट फॉर किड्स इंडिया का उद्देश्य जरूरतमंद भारतीय बच्चों को पढ़ने के लिए आवश्यक चीजों की आपूर्ति करना है। इस परियोजना के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है कि हर बच्चे के पास उसकी पढ़ाई के लिए जरूरी चीजें उपलब्ध हों।

फतेहपुर सीकरी में मुहर्रम के जुलूस में फलस्तीन समर्थक नारे लागाए गए, सात गिरफ्तार

आगरा। उत्तर प्रदेश में आगरा के मिश्रित आबादी वाले कस्बे फतेहपुर सीकरी में मुहर्रम के जुलूस के दौरान फलस्तीन के समर्थन में नारेबाजी करने पर पुलिस ने बुधवार देर रात सात युवकों को गिरफ्तार किया। नारेबाजी का वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित किए जाने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस आयुक्त (डीसीपी) सोनम कुमार ने बताया कि मुहर्म के जुलूस के दौरान फतेहपुर सीकरी में माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। बुधवार देर शाम कस्बे के मुख्य बाजार से मुहर्रम का जुलूस निकाला जा रहा था। जुलूस के दौरान कुछ युवक एक स्थान पर रुककर फलस्तीन जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। सोशल मीडिया पर वायरल 1.15 मिनट के इस वीडियो में युवक एक घर के सामने खड़े होकर ऊंची आवाज में नारे लगाते दिख रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज करके सात युवकों को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य युवकों को चिह्नित कर उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कृषि ऋण माफी योजना शुरू की

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने बृहस्पतिवार को कृषि ऋण माफी योजना की शुरुआत की। पहले चरण में योजना के तहत उन किसानों के खातों में 6,098 करोड़ रुपए जमा किए गए जिन पर एक लाख रुपए तक का कर्ज है। रेड्डी ने राज्य सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में कुछ किसानों को चेक दिया। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कुछ किसानों से बात भी की। मुख्यमंत्री के मुताबिक, 11 लाख किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए 6,098 करोड़ रुपए बैंक को जारी किए गए है। कृषि ऋण माफी योजना कुल तीन चरणों में पूरी होगी। दूसरे चरण में जुलाई के अंत तक 1.5 लाख रुपए तक के फसल ऋण माफ कर दिए जाएंगे जबकि तीसरे चरण में अगस्त में दो लाख रुपए तक के ऋण माफ किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि 31 हजार करोड़ रुपए की ऋण माफी योजना तीन चरणों में लागू की जाएगी और अगस्त तक यह पूरी होगी। पिछली भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार ने दो कार्यकाल तक सत्ता में रहने के बावजूद कृषि ऋण माफी के अपने वादे को ठीक से लागू नहीं किया। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार पूर्ववर्ती सरकार के दौरान लिए गए सात लाख करोड़ रुपए के कर्ज पर हर महीने करीब 7,000 करोड़ रुपए का ब्याज चुका रही है। रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस सरकार लोकसभा के मौजूदा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा 2022 में तेलंगाना में एक जनसभा में और बाद में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा 2023 में राज्य में एक रैली में किए गए वादे के अनुसार ऋण माफी शुरू कर रही है। वह जल्द ही दिल्ली जाएंगे और राहुल गांधी को इस महीने के अंत में राज्य में आयोजित होने वाली एक जनसभा में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित करेंगे ताकि उनका आभार व्यक्त किया जा सके।

गुंडा एक्ट के तहत हिरासत में लिए गए यूट्यूबर सवुक्कू शंकर को रिहा करें : न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को यूट्यूबर सवुक्कू शंकर को रिहा करने का आदेश दिया, जिन्हें मई में तमिलनाडु पुलिस ने गुंडा अधिनियम के तहत हिरासत में लिया था। कोयंबटूर केंद्रीय कारागार में बंद शंकर को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि वह मामले का गुण-दोष के आधार पर निर्णय नहीं करेगी, क्योंकि मद्रास उच्च न्यायालय इस मामले पर विचार कर रहा है। पीठ ने पक्षों की ओर से उपस्थित वकीलों की यह दलील दर्ज की कि वे मामले की सुनवाई में तेजी लाने के लिए सोमवार या मंगलवार को उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश या उचित पीठ के समक्ष मामला उठाएंगे। उन्होंने कहा, हमारा निश्चित रूप से मानना है कि मामले में जो देरी हुई है, उसमें याचिकाकर्ता का कोई हाथ नहीं है। पीठ ने कहा, विशिष्ट तथ्यों को देखते हुए, याचिकाकर्ता को तब तक रिहा किया जाए जब तक कि हिरासत के खिलाफ मामला उच्च न्यायालय द्वारा तय नहीं कर लिया जाता। पीठ ने स्पष्ट किया कि उसका आदेश केवल निवारक हिरासत के मामलों से संबंधित है। पीठ ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता किसी अन्य मामले में जेल में है तो यह आदेश उस पर प्रभाव नहीं डालेगा। शीर्ष अदालत मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली अपील पर सुनवाई कर रही थी जिसमें बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को स्थगित कर दिया गया था। यह याचिका शंकर की मां ने गुंडा अधिनियम के तहत उसकी हिरासत को चुनौती देते हुए दायर की थी। चेन्नई पुलिस की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, चेन्नई पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा साइबर अपराध में शंकर के खिलाफ सात मामले लंबित है, जिनमें से तीन की जांच चल रही है, दो में आरोप पत्र दायर किए जा चुके है और शेष मामलों में सुनवाई लंबित है। शंकर (48) को कोयंबटूर पुलिस ने चार मई को दक्षिणी थेनी में एक यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में महिला पुलिस कर्मियों/ पुलिस अधिकारियों के बारे में कथित अपमानजनक बयान देने के आरोप में गिरफ्तार किया था।

एनजीटी ने गंगा, यमुना नदियों में पूजा-पाठ की सामग्री फेंकने से रोकने के लिए उपाय सुझाए

नई दिल्ली। गंगा और यमुना नदियों में पूजा पाठ की सामग्री फेंकने से रोकने के लिए राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने समारोह, अनुष्ठान और मूर्ति विसर्जन के लिए खास स्थान विकसित करने सहित अतिरिक्त कदम उठाने का सुझाव दिया है। एनजीटी ने गढ़मुक्तेश्वर, कानपुर, बिठूर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा और मथुरा के जिलाधिकारियों को उन स्थानों को चिह्नित करने और उन पर निगरानी रखने का भी निर्देश दिया, जहां ऐसी वस्तुएं फेंकने या विसर्जित करने की संभावना है।

एनजीटी एक मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसने यमुना और गंगा नदियों में पॉलीथीन की थैलियों में पैक किए गए फूल और मालाओं को फेंकने के संबंध में एक समाचार पत्र की रिपोर्ट पर स्वत: संज्ञान लिया था। एक आदेश में एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने कहा कि अधिकरण के पूर्व निर्देशों और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) तथा यमुना प्रदूषण से निपटने के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के विभिन्न निर्णयों के बावजूद पूजा सामग्री और मालाएं फेंकने के कारण प्रदूषण की समस्या बनी हुई है।

पीठ में न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति अरूण कुमार त्यागी और विशेषज्ञ सदस्य ए सेंथिल वेल भी शामिल थे। पीठ ने डीपीसीसी की 26 जून की रिपोर्ट पर गौर किया जिसके अनुसार इस वर्ष 31 मई तक समिति ने यमुना डूब क्षेत्र में निर्माण अपशिष्ट डालने और अवैध पार्किंग के लिए 3,916 चालान जारी किए थे और लगभग 1.06 रुपए जुर्माने के रूप में वसूले गए थे। पीठ ने कहा कि यमुना और गंगा नदियों में प्रदूषण को रोकने के लिए एनजीटी के पहले के आदेशों के उचित क्रियान्वयन के लिए कुछ अतिरिक्त कदम उठाए जा सकते हैं। इनमें पूजा-पाठ की सामग्री नहीं फेंकने का उल्लेख करने वाले डिस्प्ले बोर्ड लगाना और निर्देश का उल्लंघन करने पर जुर्माना लगाने के बारे में जानकारी देना शामिल है।

एनजीटी ने कहा, स्कूल स्तर पर नदियों में इन सामग्रियों को फेंके जाने के प्रभाव के बारे में व्यापक जागरूकता बढ़ानी चाहिए तथा नदी के डूब क्षेत्र के संरक्षण के लिए नदी के किनारे से 100 मीटर दूर तथा तट पर धार्मिक अनुष्ठानों को प्रतिबंधित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। एनजीटी ने कहा कि संबंधित अधिकारी समारोह, अनुष्ठान और मूर्तियों व पूजा पाठ की सामग्री के विसर्जन के लिए विशेष घाट विकसित करने को लेकर उपयुक्त स्थान की पहचान कर सकते हैं। एनजीटी ने कहा कि प्रत्एक घाट पर मूर्ति विसर्जन, फूल, नारियल और अन्य सामग्री के संग्रह और प्रसंस्करण के संबंध में एक अलग योजना बनाई जा सकती है। साथ ही पुलों, नालों और अन्य स्थानों से नदियों में पूजा पाठ की सामग्री के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष निपटान को नियंत्रित और रोका जा सकता है।

धन शोधन मामला में अदालत 22 जुलाई को सेंथिल बालाजी पर आरोप तय करेगी

चेन्नई। तमिलनाडु के चेन्नई में एक सत्र न्यायालय धन शोधन के एक मामले में 22 जुलाई को पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी के खिलाफ आरोप तय करेगा। बालाजी को पिछले वर्ष प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। प्रधान सत्र न्यायाधीश एस. अली ने अभियोजन पक्ष को आरोप तय किए जाने वाले दिन द्रमुक नेता को अदालत में पेश करने का निर्देश दिया। अभियोजन पक्ष ने बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई शुरू होने पर बालाजी को केंद्रीय पुझल जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अदालत में पेश किया। न्यायाधीश ने बालाजी की रिमांड और न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी। न्यायाधीश ने इस बीच मामले में बरी करने के अनुरोध वाली बालाजी की याचिका खारिज कर दी। बालाजी को 14 जून, 2023 को ईडी ने नकदी के बदले नौकरी घोटाले से जुड़े धन शोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। वह पूर्ववर्ती ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) सरकार में परिवहन मंत्री थे।

पेज 1 का शेष

एनटीए...

जांच के मुद्दे पर पीठ ने कहा, सीबीआई जांच कर रही है। सीबीआई ने हमें जो बताया है अगर उसका खुलासा कर दिया जाता है तो इससे जांच पर असर पड़ेगा। उच्चतम न्यायालय 40 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है। इनमें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका भी शामिल है, जिसमें उसने, परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर विभिन्न उच्च न्यायालयों में उसके खिलाफ लंबित मामलों को उच्चतम न्यायालय में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। उच्चतम न्यायालय ने 11 जुलाई को नीट-यूजी 2024 से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई 18 जुलाई तक टाल दी थी। इन याचिकाओं में नीट-यूजी 2024 के आयोजन में कथित अनियमितताओं एवं कदाचार की जांच करने, परीक्षा रद्द करने और नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। पांच मई को 23.33 लाख से अधिक छात्रों ने 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर नीट-यूजी परीक्षा दी थी। इन शहरों में 14 विदेशी शहर भी शामिल थे। केंद्र और एनटीए ने उच्चतम न्यायालय में दाखिल अपने हलफनामों में कहा था कि बड़े पैमाने पर गोपनीयता के उल्लंघन के किसी भी सबूत के अभाव में परीक्षा को रद्द करना प्रतिकूल होगा और यह लाखों ईमानदार उम्मीदवारों को गंभीर रूप से खतरे में डालेगा।

गोंडा...

घटनास्थल पर पहुंची गोंडा की जिला मजिस्ट्रेट नेहा शर्मा ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। घटनास्थल पर राहत कार्य जारी है। राहत आयुक्त कुमार ने बताया कि 40 सदस्यीय मेडिकल टीम और 15 एंबुलेंस मौके पर हैं और अधिक मेडिकल टीमें और एंबुलेंस वहां भेजी गई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बोगी के पटरी से उतरने और बाईं ओर गिरने की तेज आवाज के बाद यात्रियों खासकर बच्चों की तेज चीखें सुनाई दीं। स्लीपर कोच में यात्रा कर रहे संदीप कुमार ने कहा, मुझे एक लड़के की तेज चीखें याद हैं जो मेरे सामने वाली बर्थ पर बैठा था। एक पल के लिए कोच धूल से भर गया और चारों तरफ अंधेरा छा गया। मुझे याद नहीं कि अगले कुछ सेकंड में क्या हुआ। मुझे सिर्फ चीखें याद हैं। यह भी याद है कि किसी यात्री ने मेरा हाथ खींचा और मुझे खिड़की के शीशे तोड़कर बाहर निकलने में मदद की। यात्रियों को पास की रोड तक पहुंचने के लिए ट्रैक के दोनों ओर खेतों में घुटनों तक पानी से होकर गुजरना पड़ा। दुर्घटना से सदमे में आए या घायल हुए अन्य लोग ट्रैक पर ही बैठकर राहत व बचाव दल का इंतजार कर रहे थे। जब पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं, तो अधिकारियों ने लोगों से क्षतिग्रस्त डिब्बों से दूर रहने की अपील की। बचाव कर्मियों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और क्षतिग्रस्त डिब्बों में घुसकर यह सुनिश्चित किया कि कोई यात्री अंदर न छूट जाए। जिला प्रशासन ने यात्रियों को उनके संबंधित स्थानों तक पहुंचाने के लिए बसों की भी व्यवस्था की। रेलवे और स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी बचाव कार्यों की निगरानी के लिए लखनऊ से करीब 150 किलोमीटर दूर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि फिलहाल उनकी प्राथमिकता घायलों की जान बचाना और उन्हें बेहतरीन इलाज देना है।

जम्मू...

2.00 बजे हुआ। सैनिक ज़ादान लोअर गवर्नमेंट हाई स्कूल, काश्तीगढ़, डोडा के अंदर डेरा डाले हुए थे, जब आतंकवादियों ने उन्हें निशाना बनाया। सेना के जवानों द्वारा की गई त्वरित जवाबी कार्रवाई ने आतंकवादियों को इलाके से भागने पर मजबूर कर दिया। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि गंभीर रूप से घायल एक सैनिक को चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति के बावजूद उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) द्वारा उधमपुर स्थित कमांड अस्पताल पहुंचाया गया। वायु सेना स्टेशन, उधमपुर से एएलएच द्वारा त्वरित कार्रवाई ने डोडा (जम्मू और कश्मीर) में एक गंभीर रूप से घायल सैनिक की जान बचाई। पीआरओ डिफेंस जम्मू ने एक्स पर पोस्ट किया, चुनौतीपूर्ण मौसम के बावजूद, निकासी सफल रही, जिससे कमांड अस्पताल, उधमपुर में समय पर चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित हुई। टीम को उनके समर्पण और बहादुरी के लिए बधाई। अलग से, एक अग्रिम चौकी की रखवाली कर रहे सुरक्षा बलों ने बुधवार देर रात राजौरी जिले के सुंदरबनी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास संदिग्ध गतिविधि देखने के बाद गोलीबारी की। अधिकारियों ने कहा कि बृहस्पतिवार की सुबह इलाके की तलाशी ली गई, लेकिन जमीन पर संदिग्ध गतिविधि से जुड़ी कोई चीज नहीं मिली।

विवादित...

आरोपी मनोरमा, उनके पति दिलीप और पांच अन्य लोगों का पता लगाने के लिए कई टीम गठित की गई थीं। पूजा खेडकर आईएएस परीक्षा के समय दिए गए दिव्यांगता और ओबीसी प्रमाण पत्र को लेकर सवालों के घेरे में हैं। पुणे कलेक्टर कार्यालय में तैनाती के दौरान किए गए आचरण को लेकर भी उनके खिलाफ जांच की जा रही है। विवाद के बीच सरकार ने मंगलवार को खेडकर के जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया और उन्हें 23 जुलाई तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में रिपोर्ट करने को कहा गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पुणे की भ्रष्टाचार रोधी इकाई को शिकायत मिली है जिसमें पूर्व

मानव महत्वाकांक्षा का कोई अंत नहीं : भागवत

लोगों को मानवता के लिए काम करना चाहिए

भाषा। गुमला (झारखंड)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि आत्म-विकास करते समय एक मनुष्य अतिमानव (सुपरमैन) बनना चाहता है, इसके बाद वह देवता और फिर भगवान बनना चाहता है और विश्वरूप की भी आकांक्षा रखता है लेकिन वहां से आगे भी कुछ है क्या, यह कोई नहीं जानता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों में मनुष्य होने के बावजूद मानवीय गुणों का अभाव होता है और उन्हें सबसे पहले अपने अंदर इन गुणों को विकसित करना चाहिए। यहां गैर-लाभकारी संगठन विकास भारती द्वारा आयोजित ग्राम स्तरीय कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि लोगों को मानव जाति के कल्याण के लिए अथक प्रयास करना चाहिए, क्योंकि विकास और मानव महत्वाकांक्षा का कोई अंत नहीं है। उन्होंने कहा, मानवीय गुणों को विकसित करने के बाद एक मनुष्य अलौकिक बनना चाहता है, सुपरमैन बनना चाहता है, लेकिन वह वहां रुकता नहीं है। इसके बाद उसे लगता है कि देवता बनना चाहिए लेकिन देवता कहते है कि हमसे तो बड़ा भगवान है और फिर वह भगवान बनना चाहता है। भगवान कहता है कि वह तो विश्वरूप है तो वह विश्वरूप बनना चाहता है। वहां भी कुछ है क्या रुकने की जगह, ए कोई नहीं जानता है। लेकिन विकास का कोई अंत नहीं है। बाहर का विकास भी और अंदर का विकास भी, यह निरंतर चलने वाली एक प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को मानवता के लिए अथक परिश्रम करना चाहिए। साथ ही कहा कि एक कार्यकर्ता को अपने काम से कभी संतुष्ट नहीं होना चाहिए। भागवत ने कहा, काम जारी रहना चाहिए, पर्यावरण, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में निरंतर कार्य करने का प्रयास करना चाहिए...इसका कोई अंत नहीं है और विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कार्य करना ही एकमात्र समाधान है...हमें इस विश्व को एक सुंदर स्थान बनाने का प्रयास करना चाहिए जैसी की भारत की प्रकृति है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म मानव जाति के कल्याण में विश्वास करता है। उन्होंने कहा, सनातन संस्कृति और धर्म राजमहलों से नहीं, बल्कि आश्रमों और जंगलों से आए हैं। बदलते समय के साथ हमारे कपड़े तो बदल सकते हैं लेकिन हमारा स्वभाव कभी नहीं बदलेगा। उन्होंने कहा, बदलते समय में अपने काम और सेवाओं को जारी रखने के लिए हमें नए तौर-तरीके अपनाने होंगे। जो लोग अपने स्वभाव को बरकरार रखते हैं, उन्हें विकसित कहा जाता है। भागवत ने कहा, सभी को समाज के कल्याण के लिए अथक प्रयास करना चाहिए और जो लोग सही मायने में काम कर रहे हैं, उन्हें मंच से बोलना चाहिए जबकि हमें बैठकर सुनना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासी पिछड़े हुए हैं और उनके लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी काम किए जाने की जरूरत है।

बिहार में अगर राजद सत्ता में आया तो आरक्षण का लाभ मुसलमानों को दे देगा : तावड़े

भाषा। पटना

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि अगर बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सत्ता में आया तो पिछड़े वर्गों को आरक्षण के लाभ से वंचित कर देगा और इसका लाभ मुसलमानों को दे देगा। भाजपा के बिहार मामलों के प्रभारी तावड़े ने राज्य कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। भाजपा नेता ने आरोप लगाया, कांग्रेस ने कर्नाटक में ओबीसी से आरक्षण का लाभ छीनकर मुसलमानों को दे दिया है। अगर तेजस्वी यादव अगला विधानसभा चुनाव जीत जाते हैं, तो बिहार में भी यही होगा। हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं को लोगों को यह समझाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों को यह भी बताया जाना चाहिए कि लोकसभा चुनाव के दौरान यह झूठा प्रचार किया गया था कि भाजपा संविधान बदलना चाहती है और दावा किया कि यह नरेन्द्र मोदी को सत्ता में वापस आने से रोकने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय साजिश का हिस्सा था। अरबपति जॉर्ज सोरोस ने इस उद्देश्य के लिए लगभग 6,000 करोड़ रुपए खर्च किए थे। तावड़े ने कहा, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के दौरान की गई छापेमारी में 9,000 करोड़ रुपए से अधिक की बेहिसाब नकदी बरामद की गई। इन सबके बावजूद भाजपा ने जितनी सीट जीती हैं, उनकी संख्या पूरे इंडिया गठबंधन की संयुक्त संख्या से अधिक है। भाजपा नेता ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू का विरोध करने के लिए कांग्रेस और राजद की भी आलोचना की। तावड़े ने यह भी विश्वास जताया कि भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल करेगा ।

गुजरात में निर्माण श्रमिकों को पांच रुपए प्रतिदिन किराए पर आवास देने की योजना शुरू

अहमदाबाद। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बृहस्पतिवार को करीब 15 हजार निर्माण श्रमिकों को पांच रुपए प्रतिदिन की मामूली दर पर अस्थाई आवास उपलब्ध कराने की योजना शुरू की। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने श्रमिक बसेरा योजना के लिए अहमदाबाद, गांधीनगर, वड़ोदरा और राजकोट शहरों में श्रमिकों के रहने के लिए 17 आवासीय संरचनाओं का भूमिपूजन किया। पटेल अहमदाबाद के जगतपुर इलाके में एक श्रमिक बसेरा की आधारशिला रखने के लिए मौजूद थे।उन्होंने डिजिटल तरीके से अन्य जगहों पर योजना की शुरुआत की।मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इन आवासों के बनकर तैयार होने के बाद करीब 15 हजार निर्माण श्रमिकों को लाभ होगा। निर्माण श्रमिकों को एक दिन के लिए पांच रुपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से आवास मुहैया कराया जाएगा।

एचएसबीसी ने डिजिटल अभियान का शुभारंभ किया

मुंबई। एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने अपने एस आई पी को दो प्रमोशन नामक एक अनोखे डिजिटल अभियान का शुभारंभ किया है, जो एसआईपी टॉप-अप और दीर्घकालीन धनोपार्जन में इसकी भूमिका के बारे में निवेशकों को जागरूक करने और इस बारे में उन्हें जानकारी देने के लिए है, यह अभियान 30 सेकंड की तीन लघु फिल्मों की एक श्रृंखला है, जिसका उद्देश्य निवेशकों को अपने सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) पर टॉप-अप सुविधा का विकल्प चुनकर अपने पैसे को भलीभाँति बढ़ावा देने की भावना को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है, इस अभियान के शुभारंभ पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, एचएसबीसी म्यूचुअल फंड के सीईओ, कैलाश कुलकर्णी ने कहा, कि एसआईपी रीटेल निवेशकों के लिए अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने का एक बेहतरीन साधन बन रहा है। अपने एस आई पी को दो प्रमोशन अभियान के माध्यम से, हम एसआईपी टॉप-अप से मिलने वाली चक्रवृद्धि ब्याज की शक्ति पर जोर देना चाहते हैं, जिससे लंबी समयावधि में अच्छा धनोपार्जन करने में सहायता मिलती है।

लखविंदर वडाली करेंगे शो

नोएडा। 26 जुलाई 2024 दिन शुक्रवार शाम 7.00 बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान ऑडिटोरियम के जुपिटर हाल में आयोजित होने जा रहा है। लखविंदर वडाली प्रतिष्ठित वडाली परिवार से आने वाले एक प्रमुख सूफ़ी गायक हैं। जो अपनी समृद्ध संगीत विरासत के लिए जाने जाते हैं। प्रसिद्ध गायक पूरनचंद वडाली के पुत्र लखविंदर पारंपरिक सूफ़ी संगीत और आधुनिक शैली को मिलाकर अद्वितीय और भावपूर्ण ध्वनि का निर्माण करते हैं। अपनी मधुर आवाज और हृदयस्पर्शी प्रदर्शनों के साथ उन्हें समर्पित प्रशंसक मिले हैं। उनकी गहनए आध्यात्मिक प्रस्तुतियाँ श्रोताओं को आकर्षित कर रही हैं। शास्त्रीयए लोक और सूफ़ी शैलियों में अपने विस्तृत प्रदर्शनों द्वारा लखविंदर वडाली पूरे विश्व में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। वो संगीत में अपने परिवार की समृद्ध विरासत का संरक्षण कर रहे हैं और नवीनता लाते हुए आधुनिक श्रोताओं के लिए कालातीत धुनें पेश कर रहे हैं।

ओमान तट पर भारतीय चालक दल के सदस्यों में से एक की मौत

नई दिल्ली। ओमान तट के नजदीक हाल में डूब गए कोमोरोस के ध्वज वाले मालवाहक जहाज पर सवार भारतीय चालक दल के सदस्यों में से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भारतीय नौसेना ने कल रात बताया था कि मालवाहक जहाज के चालक दल के सदस्यों का पता लगाने के लिए चलाए गए बचाव अभियान के दौरान भारतीय युद्धपोत आईएनएस तेग द्वारा आठ भारतीयों और श्रीलंका के एक नागरिक को सुरक्षित बचा लिया गया है।

पीएम के खिलाफ हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल किया गया

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अक्सर हिंसा भड़काने वाले बयानों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और कहा कि भाषणों में राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को निशाना बनाने के लिए हत्या और हिंसा जैसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में शब्दों का चयन बेहद महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, विपक्ष जिस प्रकार के शब्दों का चयन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए कर रहा है, वह बेहद चिंताजनक है। हिंसा और हत्या जैसे शब्दों के प्रयोग से समाज में अनावश्यक तनाव पैदा होता है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने एक पूर्व आईपीएस अधिकारी के एक लेख का हवाला देते हुए कहा कि अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल की जाने वाली बयानबाजी कई बार हिंसा को उकसाती है। इस क्रम में उन्होंने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या और हाल ही में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या के प्रयास का जिक्र किया।वैष्णव ने कहा कि आज एक पूर्व आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) अधिकारी ने जैसा लिखा है, उसका एक मनोवैज्ञानिक असर होता है जो हिंसात्मक व्यवहार को बढावा देता है।उन्होंने कहा, विपक्ष को इस प्रकार के शब्दों का चयन न करते हुए अपनी गरिमा को बनाए रखना चाहिए। उन्हें अपने शब्दों और व्यवहार में संजीदापन लाते हुए संयम बरतना चाहिए। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए त्रिवेदी ने कहा कि उसके नेता राहुल गांधी ने संसद में हिंसा और हत्या जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था और चुनाव प्रचार के दौरान मोदी के काफिले पर कुछ फेंके जाने की घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था कि अब मोदी से कोई नहीं डरता है।उन्होंने कहा कि पंजाब में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा खतरे में पड़ गई थी जबकि उस समय वहां कांग्रेस की सरकार थी। त्रिवेदी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी जब कश्मीर और मणिपुर जैसे संवेदनशील स्थानों पर गए थे तो उनकी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।उन्होंने कहा, हम साफ शब्दों में कहना चाहेंगे कि मौत और हिंसा जैसे शब्दों का प्रयोग बयानों में नहीं होना चाहिए। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने मोदी जी के लिए इस प्रकार की मौत और उस प्रकार की मौत जैसे शब्दों का प्रयोग किया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस के नेताओं ने कब्र खुदेगी, मर जा, सर फोड़ देंगे जैसे शब्दों का प्रयोग किया और ए बात आज की नहीं है, ए विगत कई वर्षों से की जा रही है।

युद्ध से सबक लेना जरूरी, वही गलतियां नहीं दोहरानी चाहिए: सीडीएस

नई दिल्ली। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बृहस्पतिवार को करगिल संघर्ष में भारतीय बहादुरों की वीरता की सराहना की और कहा कि युद्ध की यादों को संजो कर रखने के अलावा, इसके बाद की स्थिति को देखना और भविष्य के लिए सही सबक लेना भी महत्वपूर्ण है। करगिल युद्ध की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर यहां आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, हमें वही गलतियां नहीं दोहरानी चाहिए। युद्ध और युद्ध-पद्धति बहुत ही तेजी से विकसित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी में परिवर्तन और भू-राजनीतिक उतार-चढ़ाव के कारण इनका चरित्र और प्रकृति तेजी से बदल रही है।जनरल चौहान ने कहा, हमारे सैनिकों द्वारा दिए गए बलिदान की यादें हमारी राष्ट्रीय लोककथा का हिस्सा बननी चाहिए, जैसा कि करगिल युद्ध के साथ हुआ है। सीडीएस ने कहा कि वीरता, साहस और धैर्य की गाथा से भावी पीढ़ी के युवाओं के साथ-साथ भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने वाले सैनिकों को भी प्रेरणा मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि युद्ध की स्मृतियों को संजोने के अलावा, इसके परिणामों पर गौर करना और भविष्य के लिए उपयोगी सबक लेना भी महत्वपूर्ण है।

निजी क्षेत्र में आरक्षण विधेयक को लेकर मंत्रिमंडल की अगली बैठक में चर्चा : सिद्धरमैया

भाषा। बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार ने निजी क्षेत्र में कन्नड भाषियों को आरक्षण देने संबंधी विधेयक को लेकर उत्पन्न कुछ भ्रम की स्थिति के मद्देनजर फिलहाल इसे टालने का फैसला किया है। सिद्धरमैया ने कहा कि आशंकाओं को दूर करने के लिए मंत्रिमंडल की अगली बैठक में विधेयक पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा, सोमवार को मंत्रिमंडल की बैठक में (विषय पर)पूरी चर्चा नहीं हो सकी। तभी मीडिया में इस संबंध में खबरें आने लगी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर.अशोक ने विधेयक पर सरकार से रुख स्पष्ट करने की मांग की। इसपर सिद्धरमैया ने कहा, इसे लेकर कुछ भ्रम है। हम मंत्रिमंडल की अगली बैठक में उन भ्रम को दूर करेंगे। हमें विस्तृत चर्चा करने दें। अशोक ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर तीन बार अपना संदेश बदला। नेता प्रतिपक्ष ने याद दिलाया कि सिद्धरमैया ने अपनी पहली पोस्ट में बताया कि मंत्रिमंडल ने निजी क्षेत्र में कन्नड़ भाषियों के लिए शत प्रतिशत आरक्षण का फैसला लिया है और बाद में उसे हटा दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने फिर एक और संदेश जारी किया जिसमें कहा कि निजी क्षेत्र में प्रबंधन श्रेणी की नौकरियों में 50 प्रतिशत और गैर प्रबंधन श्रेणी की नौकरियों में 75 प्रतिशत कन्नड भाषियों के लिए आरक्षित होंगी। अशोक ने कहा, अंततः आपने (सिद्धरमैया) ने घोषणा की कि विधेयक को ठंडे बस्ते में डालने का फैसला किया गया। ऐसा लगता है कि कर्नाटक में तुगलकी सरकार है। इसका जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, (यहां) कोई तुगलक सरकार नहीं है बल्कि सिद्धरमैया सरकार है। हम इस मुद्दे पर मंत्रिमंडल की अगली बैठक में चर्चा करेंगे। राज्य मंत्रिमंडल ने सोमवार को कर्नाटक राज्य उद्योग, कारखाने और अन्य प्रतिष्ठानों में स्थानीय उम्मीदवारों को रोजगार देने संबंधी विधेयक, 2024 को मंजूरी दी थी। इसमें निजी कंपनियों के लिए अपने प्रतिष्ठानों में कन्नड़ भाषी लोगों को आरक्षण देना अनिवार्य करने का प्रावधान है।

राजस्थान के शिक्षा मंत्री दिलावर ने विधानसभा में खेद प्रकट किया

जयपुर। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आदिवासियों को लेकर की गई अपनी टिप्पणी को लेकर बृहस्पतिवार को विधानसभा में खेद प्रकट किया। दिलावर ने सदन की बैठक शुरू होने पर कहा, ए (आदिवासी) हिंदू समाज का श्रेष्ठ अंग हैं। मेरे शब्दों से विपक्ष को या किसी आदिवासी बंधु को, जो मेरी जाति के हैं, कोई कष्ट हुआ हो तो मैं खेद प्रकट करता हूं। उल्लेखनीय है कि दिलावर की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के विधायक उनका सदन में विरोध कर रहे थे। विपक्ष दिलावर के माफी मांगने और उन्हें पद से हटाने की मांग कर रहा था।सदन की कार्यवाही बृहस्पतिवार को जैसे ही शुरू हुई विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि शिक्षा मंत्री अपनी बात रखना चाहते हैं। दिलावर ने विपक्ष के कुछ विधायकों की टोकाटाकी के बीच अपनी बात रखी और खेद प्रकट किया। दिलावर और बांसवाड़ा के नवनिर्वाचित सांसद राजकुमार रोत के बीच 22 जून को जुबानी जंग छिड़ गई ।

अलग भीलप्रदेश बनाने की मांग को लेकर आदिवासी समुदाय के लोग बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम में एकत्र हुए

जयपुर। अलग भील राज्य की मांग को लेकर पड़ोसी राज्यों से बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग बृहस्पतिवार को राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के मानगढ़ धाम में एकत्र हुए। आदिवासियों के लिए पूजनीय स्थल मानगढ़ धाम में आदिवासी नेताओं द्वारा आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित सांसद राजकुमार रोत ने कहा कि भील राज्य की मांग लंबे समय से लंबित है और भारतीय आदिवासी पार्टी (बीएपी) इस मुद्दे को जोर-शोर से पूरी ताकत के साथ उठा रही है। रोत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा,"भील प्रदेश की मांग नई नहीं है। बीएपी इस मांग को जोरदार ढंग से उठा रही है।

सांप के काटे का सस्ता उपाय हो सकती है खून को पतला करने वाली दवा : अध्ययन

भाषा। नई दिल्ली

खून को पतला करने वाली एक सामान्य दवा सर्पदंश के इलाज के लिए एक संभावित सस्ता उपाय हो सकती है। ऑस्ट्रेलिया स्थित सिडनी विश्वविद्यालय से संबद्ध लेखक ग्रेग नीली ने कहा कि हेपेरिन नामक दवा कोबरा के काटने से होने वाले नुकसान को काफी हद तक कम कर सकती है और यह जहर फैलने की गति को धीमा भी कर सकती है जिससे जीवित रहने की दर में सुधार हो सकता है। अनुसंधानकर्ताओं के अनुसार, वर्तमान सर्प विष रोधी उपचार सर्पदंश वाली जगह पर ऊतकों और कोशिकाओं के निष्क्रिय होने का प्रभावी समाधान नहीं करता जिसका परिणाम कभी-कभी अंग विच्छेद के रूप में निकलता है। मानव जीन को संशोधित करने के लिए सीआरआईएसपीआर प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए टीम ने उन विभिन्न तरीकों की पहचान की जिनसे कोबरा के जहर को रोका जा सकता है। अनुसंधानकर्ताओं ने हेपरिन सहित रक्त को पतला करने वाली दवाओं का उपयोग किया और मानव कोशिकाओं तथा चूहों पर परीक्षण के बाद पाया कि वे कोबरा के काटने से होने वाले ऊतक एवं कोशिका क्षय को रोकने में सक्षम हैं। अध्ययन रिपोर्ट साइंस ट्रांसलेशनल मेडिसिन पत्रिका में प्रकाशित हुई है। सिडनी विश्वविद्यालय के प्रमुख लेखक तियान डू ने कहा, सफल मानव परीक्षणों के बाद (हेपरिन दवा) को कोबरा के काटने के इलाज के लिए एक सस्ती, सुरक्षित और प्रभावी दवा बनाने के लिए अपेक्षाकृत तेजी से पेश किया जा सकता है।

जगन्नाथ मंदिर के बहुमूल्य सामान को रत्न भंडार से अस्थाई भंडार कक्ष में स्थानांतरित किया गया

भाषा। पुरी।

पुरी स्थित 12वीं सदी के जगन्नाथ मंदिर के प्रतिष्ठित खजाने रत्न भंडार (कोषागार) में रखी गई मूल्यवान सामग्री और आभूषणों को एक अस्थाई भंडार कक्ष में स्थानांतरित करने का कार्य बृहस्पतिवार को सात घंटों के भीतर पूरा हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि रत्न भंडार को इस सप्ताह दूसरी बार खोला गया ताकि बहुमूल्य चीजों को मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थाई स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जा सके।श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के प्रमुख अरविंद पाढ़ी ने संवाददाताओं को बताया, रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष से सभी कीमती सामान को सफलतापूर्वक मंदिर परिसर के भीतर एक अस्थाई स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया है। लकड़ी और स्टील की अलमारियों और संदूकों सहित सात कंटेनरों को स्थानांतरित करने की पूरी प्रक्रिया में सात घंटे लगे। पाढ़ी ने कहा कि प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है और मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार आंतरिक कक्ष और अस्थाई स्ट्रांग रूम दोनों को बंद कर सील कर दिया गया है।पर्यवेक्षण समिति के अध्यक्ष एवं उड़ीसा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने कहा कि आंतरिक कक्ष के अंदर आभूषण और कीमती सामान सात कंटेनरों में रखे गए, जिनमें तीन लकड़ी की अलमारियां, दो लकड़ी की पेटियां, एक स्टील की अलमारी और एक लोहे की पेटी शामिल है।उन्होंने कहा कि सभी कीमती सामान को नए कंटेनरों में सावधानी से रखा गया और बाद में मंदिर परिसर के अंदर अस्थाई स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया गया।रथ ने कहा कि स्ट्रांग रूम को सील कर चाबियां पुरी जिलाधिकारी को दे दी गई।चाबियां खजाने में रखी जाएंगी।न्यायमूर्ति रथ ने खजाने के बारे में पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए कहा, आंतरिक कक्ष के अंदर हमने जो कुछ देखा उसका विवरण गोपनीय है।

पश्चिम बंगाल के मालदा में बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन हिंसक हुआ, कई घायल

मानिकचक। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में बिजली कटौती के विरोध में स्थानीय लोगों द्वारा बृहस्पतिवार को किया गया प्रदर्शन हिंसक हो गया और पुलिस से हुई झड़प में कई लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि इलाके में लगातार बिजली कटौती के विरोध में स्थानीय लोगों ने सुबह मानिकचक के इनायतपुर में राजमार्ग जाम कर दिया। उन्होंने कहा कि जब पुलिस लोगों को सड़क से हटाने के लिए वहां गई तो लोगों ने पुलिसकर्मियों पर पथराव शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि भीड़ ने पुलिस वाहनों में भी तोड़फोड़ की और हमले में तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए।

फास्टैग नहीं होने पर दोगुना टोल शुल्क लेगा एनएचएआई

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजमार्गों पर लोगों को वाहन के विंडस्क्रीन पर जानबूझकर फास्टैग न लगाने से रोकने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) कई कदम उठा रहा है। बृहस्पतिवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, एनएचएआई ने ऐसे वाहनों से दोगुना टोल वसूलने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। ऐसे वाहन जिनमें अंदर से सामने की विंडशील्ड पर फास्टैग नहीं लगा होगा, और वे टोल लेन में प्रवेश करते हैं, तो उन्हें दोगुना टोल देना होगा। एनएचएआई ने कहा कि विंडस्क्रीन पर जानबूझकर फास्टैग न लगाने से टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है, जिससे अन्य वाहनों को असुविधा होती है।एनएचएआई ने कहा, सभी उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह एजेंसियों और रियायतियों को विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई है, ताकि सामने की विंडशील्ड पर फास्टैग न लगाए जाने की स्थिति में दोगुना उपयोगकर्ता शुल्क वसूला जा सके।बयान के अनुसार, यह सूचना सभी टोल प्लाजा पर भी प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी, जिसमें लोगों को विंडशील्ड पर फास्टैग लगाए बिना टोल लेन में प्रवेश करने पर लगने वाले जुर्माने के बारे में जानकारी दी जाएगी।बयान में कहा गया है कि टोल प्लाजा पर वाहन पंजीकरण संख्या (वीआरएन) के साथ सीसीटीवी फुटेज को गैर-फास्टैग मामलों में दर्ज किया जाएगा। इससे शुल्क वसूले जाने और टोल लेन में वाहन की मौजूदगी के बारे में उचित रिकॉर्ड बनाए रखने में मदद मिलेगी।

ढाई हजार करोड़ के क्रिप्टो घोटाले का प्रमुख आरोपी गिरफ्तार : हिमाचल पुलिस

शिमला। हिमाचल प्रदेश पुलिस ने 2022 में राज्य में सामने आए 2,500 करोड़ रुपए के क्रिप्टोकरंसी घोटाले के सरगनाओं में से एक को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी मिलन गर्ग (35) को बुधवार रात कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उस समय गिरफ्तार किया गया जब वह थाईलैंड के बैंकॉक भागने की कोशिश कर रहा था। उत्तरी रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक अभिषेक धुल्लर ने पीटीआई-भाषा को बताया कि गर्ग कथित रूप से नकली क्रिप्टोकरंसी की डिजाइनिंग और विपणन में शामिल था। मामले की जांच कर रही एसआईटी का नेतृत्व कर रहे धुल्लर के मुताबिक, घोटाले के सामने आने के बाद गर्ग दुबई भाग गया था। वह जून में भारत लौटा था और फिर से देश छोड़कर भाग रहा था कि तभी उसे कोलकाता हवाई अड्डे पर हिरासत में ले लिया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और शिमला लाया गया है। धुल्लर ने बताया कि आरोपी अब तक फरार मुख्य सरगना सुभाष शर्मा का प्रमुख सहयोगी है और वह क्रिप्टोकरंसी की डिजाइनिंग, सॉफ्टवेयर विकास और विपणन में शामिल था। हजारों लोगों को शिकार बनाने वाला क्रिप्टोकरंसी घोटाला 2018 में शुरू हुआ था, लेकिन 2022 में यह प्रकाश में तब आया जब ठगी करने वालों ने निवेशकों को अपना मुंह बंद नहीं रखने पर पैसा गंवाने की धमकी दी। इस संबंध में अब तक 300 शिकायतें दर्ज कराई गई है।

युवा शास्त्रीय संगीतकार होंगे पुरस्कृत

मुंबई। जायकस के सीईओ आतिश देधिया द्वारा स्थापित गैर-लाभ संगठन देधिया म्युजिक फाउन्डेशन जो हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के संरक्षण के लिए समर्पित है, ने युवा सर सरताज 2024 की घोषणा की है। अपनी तरह की अनूठी यह टैलंट हंट हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में प्रतिभाशाली युवाओं की पहचान करेगी। इसका उद्देश्य उभरते हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीतकारों को उचित मार्गदर्शन तथा विकास के लिए मंच प्रदान करना और उन्हें पहचान देना है। भारतीय शास्त्रीय संगीत में जाने-माने नाम जैसे श्रीमति कौशिकी चक्रवर्ती, राहुल देशपाण्डे और संजीव अभयंकर जजों के पैनल में शामिल होंगे। युवा सर सरताज हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीतकारों को एक्सपोजर प्रदान करने के साथ-साथ अपना कौशल दर्शाने का मौका भी देगी। इस अवसर पर देधिया म्युजिक फाउन्डेशन के संस्थापक आतिश देधिया ने कहा, ''आज के दौर में ज्यादातर प्रतिभा पश्चिमी संगीत पर ही ध्यान केन्द्रित करती है, देधिया म्युजिक फाउन्डेशन में हम युवाओं में देश के समृद्ध संगीत की धरोहर को बढ़ावा देना चाहते

प्लेसमेंट अकाउंटेबिलिटी प्रोग्राम शुरू

मुंबई। सनस्टोन ने एक इनोवेटिव 'प्लेसमेंट अकाउंटेबिलिटी प्रोग्राम (पीएपी)' शुरू करने की घोषणा की है। यह एजुकेशन और जॉब के बीच तालमेल बनाएगा, जिसकी काफी कमी दिखती है। पूरे भारत के 35 से अधिक कॉलेजों और युनिवर्सिटियों से साझेदारी कर सनस्टोन अपने विद्यार्थियों को सबसे खास प्रोफेशनल बनाएगी, जिनकी कम्पनियों में काफी मांग होगी। सनस्टोन के को-फाउंडर और सीबीओ अंकुर जैन पूरे आत्मविश्वास से बताते हैं, ''हम पूरे भारत के छात्रों को सीखने का बेजोड़ अनुभव देना और शिक्षा में जवाबदेही चाहते हैं। हमारे प्लेसमेंट अकाउंटेबिलिटी प्रोग्राम में प्लेसमेंट की नीतियां इस उद्योग में छात्रों के लिए सबसे अधिक अनुकूल हैं। इसमें छात्रों की सफलता के प्रति सनस्टोन का समर्पण दिखता है। सनस्टोन का 5,000 से अधिक छात्रों के प्लेसमेंट का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। हम भारत के वर्कफोर्स में ब? बदलाव लाएंगे।''आज के तेजी से बदलते दौर में थियरी से आगे बढ़ा कर शिक्षा को व्यावहारिक (प्रैक्टिकलद्ध अनुभव देने योग्य बनाना होगा। इससे साफ तौर पर बेहतर जॉब मिलने के अवसर बढ़ते हैं। ऐसे में यह जरूरी है कि शिक्षा देने में अधिक जवाबदेही हो और यह वाकई बेहतर रिजल्ट दे।

एआई-कुशल से फसल बीमा खरीदना होगा आसान

मुंबई। क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने किसानों के लिए इस खरीफ सीजन, सुकृति के साथ प्रकृति फसल बीमा की खरीदी को अब और भी आसान बना दिया है। किसानों की सुविधा के लिए कंपनी ने क्षेमा प्लेटफॉर्म को अपडेट किया है। इसके तहत भारत के करो?ों किसानों को अब और तेज़ और बेहतर सेवाएँ मिलेंगी। सुकृति फसल बीमा बेहद किफायती कीमतों पर फसल सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें दो जोखिमों तक के लिए केवल 499 रुपए प्रति एकड़ की शुरुआती दर पर फसल बीमा उपलब्ध है। ऐप में किए गए बदलावों के बारे में बात करते हुए, राजेशनानी दासारी, इंडिपेंडेंट डायरेक्टर और टेक्नोलॉजी एडवाइजर, क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड, ने कहा, क्षेमा में हमारा प्रयास हमेशा से ही किसानों को सस्ती दरों पर सबसे उत्तम फसल बीमा समाधान पेश करना रहा है, जो उन्हें खराब मौसम की वजह से होने वाली आय की क्षति से बचा सकें। हमारा प्लेटफॉर्म इस लक्ष्य को प्राप्त करने, अंडरराइटिंग और दावा प्रक्रियाओं को स्व

इजराइल-हमास संघर्ष बेहद चिंताजनक : भारत

संरा में भारत ने रखी अपनी बात

भाषा। युक्त राष्ट्र

इजराइल-हमास संघर्ष के कारण जारी मानवीय संकट को बेहद चिंताजनक बताते हुए भारत ने एक बार फिर तनाव कम करने का आह्वान किया तथा बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया। पश्चिम एशिया पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस में भारत का वक्तव्य देते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थाई प्रतिनिधि एवं प्रभारी राजदूत आर. रविंद्र ने कहा कि भारत उन देशों में शामिल है, जिन्होंने पिछले वर्ष सात अक्टूबर को इजराइल पर हुए आतंकी हमलों की कड़ी एवं स्पष्ट रूप से निंदा की थी। वह गाजा स्थित हमास उग्रवादियों द्वारा इजराइल में किए गए घातक हमले का जिक्र कर रहे थे। रविंद्र ने बुधवार को कहा, इजराइल-हमास संघर्ष को नौ महीने हो चुके हैं, और जारी मानवीय संकट बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा, हमने जारी इजराइल-हमास संघर्ष में नागरिकों की जान जाने की भी निंदा की है। भारत ने तनाव कम करने का आह्वान किया है तथा बातचीत और कूटनीति के माध्यम से संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया है।

अमेरिकी संसद में भाषण से कुछ दिन पहले नेतन्याहू ने दक्षिणी गाजा का औचक दौरा किया

यरूशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी संसद में अपने भाषण से कुछ दिन पहले बृहस्पतिवार को दक्षिणी गाजा का औचक दौरा किया और अपने सैनिकों से मुलाकात की। नेतन्याहू के कार्यालय ने यह जानकारी दी। नेतन्याहू की रफह यात्रा की घोषणा इजराइल के धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-गविर के यरूशलम के सबसे संवेदनशील पवित्र स्थल के दौरे के कुछ घंटों बाद की गई। यह एक ऐसा कदम है जो नाजुक गाजा संघर्षविराम वार्ता को बाधित कर सकता है।

इजराइल के धुर-दक्षिणपंथी मंत्री यरूशलम के संवेदनशील धार्मिक स्थल गए, वार्ता रुकवाने की चेतावनी दी

यरूशलम। इजराइल के धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बिन-ग्वीर ने बृहस्पतिवार की सुबह यरूशलम के सबसे संवेदनशील धार्मिक स्थल का दौरा किया और गाजा युद्ध विराम वार्ता को बाधित करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि वह बिना किसी बेतुके समझौते के, बंधकों की वापसी के लिए प्रार्थना करने यरूशलम में पहाड़ी क्षेत्र में स्थित अल-अक्सा मस्जिद गए थे। बेन-ग्वीर के इस कदम से नौ महीने से जारी इजराइल-हमास युद्ध में संघर्ष विराम समझौते के लिए की जा रही संवेदनशील वार्ता बाधित होने का खतरा है। कुछ दिन बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू अमेरिका जाने वाले है, जहां वह अमेरिकी संसद को संबोधित करेंगे। इससे पहले कुछ देशों ने फलस्तीन को एक राष्ट्र के तौर पर मान्यता देने का फैसला किया था, जिसके खिलाफ विरोध के तौर पर बेन-ग्वीर मई में अल-अक्सा गए थे।

डोनाल्ड ट्रंप फिर से रिपब्लिकन नामांकन स्वीकार करेंगे

मिलवाउकी। डोनाल्ड ट्रंप बृहस्पतिवार को रिपब्लिकन राष्ट्रीय सम्मेलन में मंच पर अपनी पार्टी का नामांकन पुनः स्वीकार करेंगे। पेनसिल्वेनिया में एक रैली में हुए जानलेवा हमले के प्रयास बाद बीच में ही अपना संबोधन छोड़ने को मजबूर हुए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हमले के बाद अपना पहला भाषण भी देंगे।ट्रम्प के संबोधन के साथ मिलवाउकी में चार दिवसीय सम्मेलन का समापन होगा। वह पहले तीन दिनों में अपने कान पर सफेद पट्टी बांधकर आए थे, जिससे शनिवार की गोलीबारी में उन्हें लगा घाव ढका हुआ था। सम्मेलन आयोजकों ने इस बात पर जोर दिया कि वे गोलीबारी के 48 घंटे से भी कम समय बाद अपनी योजना के अनुसार कार्यक्रम जारी रखेंगे।

पेन्सिलवेनिया में मंच पर जब गोली चलने के बाद सुरक्षाकर्मी चोटिल ट्रंप को लेकर जा रहे थे तो पूर्व राष्ट्रपति ने खड़े होकर अपनी मुट्ठी बांधते हुए कहा था लड़ो। सम्मेलन में वक्ताओं और प्रतिनिधियों ने ट्रंप के शब्दों के सम्मान में बार-बार लड़ो, लड़ो, लड़ोउ के नारे लगाए। यहां तक कि उनके कुछ समर्थक सम्मेलन स्थल पर ट्रंप के प्रति समर्थन जताने के लिए अस्थाई पट्टियां लगाकर पहुंचे थे।

चीन में एक मॉल में आग लगने से 16 लोगों की मौत

बीजिंग। चीन के दक्षिण पश्चिम में सिचुआन प्रांत में एक शॉपिंग मॉल में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। चीन के सरकारी मीडिया के अनुसार, बुधवार की शाम करीब छह बजे सिचुआन प्रांत के जिगोंग शहर के हाई-टेक जोन में स्थित 14 मंजिला इमारत में आग लग गई। तस्वीरों और वीडियो में इमारत से धुएं का गुबार उठता दिख रहा है, कई लोग बालकनी पर भी दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने बताया कि बचाव अभियान बृहस्पतिवार को पूरा हो गया। इमारत के अंदर फंसे करीब 75 लोगों को बाहर निकाल लिया गया। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, कुल 16 लोग मारे गए हैं और शेष लोगों को इमारत से बाहर निकाल लिया गया। प्राथमिक जांच के अनुसार आग निर्माण कार्य के कारण लगी थी।

पॉप गायिका स्विफ्ट का पीछा करने वाले संदिग्ध को हिरासत में लिया गया

बर्लिन। जर्मन पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने पश्चिमी गेलसेनकिर्चेन शहर में मशहूर पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट के कार्यक्रम से पहले उनका पीछा करने के संदेह में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि कार्यक्रम के आयोजकों से मिली सूचना के बाद संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए के अनुसार, पुलिस ने बताया कि संदिग्ध ने पहले भी गायिका को धमकियां दी थी। उन्होंने संदिग्ध या घटना की पृष्ठभूमि के बारे में और कोई जानकारी नहीं दी। पुलिस ने बताया कि बुधवार को शांतिपूर्ण रूप से हुए कंसर्ट में करीब 60,000 लोग शामिल हुए।

श्रीलंका से आतंकवाद अधिनियम को खत्म करने का आग्रह किया

कोलंबो। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स वॉच ने श्रीलंका से आतंकवाद निरोधक अधिनियम (पीटीए) को समाप्त करने का आग्रह करते हुए दावा किया है कि द्वीपीय राष्ट्र ने विश्वसनीय साक्ष्यों के बिना कथित विरोधियों और अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाने के लिए इस कानून का दुरुपयोग किया है। न्यूयॉर्क स्थित मानवाधिकार समूह ने अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ से भी आग्रह किया है कि वे श्रीलंका पर इस कानून को समाप्त करने के लिए दबाव डाले, जिसे उसने इसे खत्म करने का बार-बार वादा किया लेकिन इस पर अमल नहीं कर सका है। ह्यूमन राइट्स वॉच (एचआरडब्ल्यू) ने बुधवार को एक बयान में कहा, जहां कुछ पीड़ितों को कई सालों तक मनमाने ढंग से हिरासत में रखा गया और यातनाएं दी गईं, वहीं अन्य को उनके खिलाफ मामला समाप्त होने के बाद भी सताया गया। संगठन की ओर से बयान जारी करने के बारे में किसी भी तात्कालिक कारण का उल्लेख नहीं है।

उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की ओर गुब्बारे छोड़े

सियोल। दक्षिण कोरिया ने बृहस्पतिवार को कहा है कि उत्तर कोरिया ने उसकी ओर गुब्बारे छोड़े है, जिनमें कचरा हो सकता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि गुब्बारे सियोल के उत्तरी इलाके के ऊपर उड़ रहे है जो सीमा से करीब एक घंटे की दूरी पर है। माना जाता है कि उत्तर कोरिया ने नागरिकों के लिए पर्चे गिराने के दक्षिण कोरिया के अभियान की प्रतिक्रिया में उसकी ओर गुब्बारे छोड़े है।उत्तर कोरिया ने मई के अंत में दक्षिण कोरिया की ओर अनेक गुब्बारे छोड़े थे जिनमें कचरा और सिगरेट के टोटे आदि थे। उत्तर कोरिया ने कहा था कि यह दक्षिण कोरिया की ओर से गुब्बारों के माध्यम से राजनीतिक पर्चे भेजे जाने की प्रतिक्रिया थी। इनमें कोई भी खतरनाक सामग्री नहीं मिली।

नेपाल का भविष्य उज्ज्वल है: नवनियुक्त प्रधानमंत्री ओली

काठमांडू। नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश का भविष्य उज्ज्वल है, लेकिन लगातार राजनीतिक उथल-पुथल के बीच इसके वर्तमान परिदृश्य को बदलने की जरूरत है। द राइजिंग नेपाल अखबार के अनुसार, चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में सोमवार को शपथ लेने वाले ओली ने कहा कि देश का वर्तमान परिदृश्य अच्छा नहीं है। नेपाल को लगातार राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है क्योंकि गणतंत्र लागू होने के बाद पिछले 16 वर्षों में देश ने 14 सरकारें देखी है।

नेपाल में भूस्खलन बस हादसे में अभी तक 19 शव बरामद

काठमांडू। नेपाल के चितवन जिले में पिछले सप्ताह दो बसों के भूस्खलन के मलबे के साथ नदी में बहने के बाद बचावकर्मियों ने अब तक 19 शव बरामद किए है, जिनमें चार भारतीय भी शामिल है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। भूस्खलन की यह घटना शुक्रवार को चितवन जिले के नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सिमलताल इलाके में हुई थी।

बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान झड़पों में 11 और लोगों की मौत

भाषा। ढाका

बांग्लादेश में बृहस्पतिवार को सरकारी नौकरियों के लिए आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर छात्रों के विरोध प्रदर्शन के दौरान राजधानी ढाका तथा अन्य जगहों पर हिंसा भड़कने से कम से कम 11 और लोगों की मौत हो गई। इस तरह विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या 18 हो गई है।ढाका और अन्य शहरों में विश्वविद्यालय के छात्र 1971 में पाकिस्तान से देश की आजादी के लिए लड़ने वाले युद्ध नायकों के रिश्तेदारों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कुछ नौकरियों को आरक्षित करने की प्रणाली के खिलाफ कई दिनों से रैलियां कर रहे हैं। प्रोथोम अलो अखबार ने अपनी खबर में कहा, कुल मिलाकर 11 लोगों की मौत की खबर है। इनमें नौ लोगों की मौत ढाका, एक व्यक्ति की मौत राजधानी के बाहरी इलाके सावर तथा एक व्यक्ति की मौत दक्षिण-पश्चिमी मदारीपुर जिले में हुई है। मौतों की संख्या का यही आंकड़ा बताते हुए निजी सोमॉय टेलीविजन चैनल ने कहा कि पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए रबड़ की गोलियों, आंसू गैस और ध्वनि ग्रेनेड का इस्तेमाल जारी रखा। इससे पहले, मंगलवार को छह लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें ज्यादातर छात्र थे। वहीं, बीती रात एक और मौत की सूचना मिली जिससे एक सप्ताह से अधिक समय पहले शुरू हुए विरोध प्रदर्शन के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 18 हो गई है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक हताहतों की संख्या पर कोई बयान जारी नहीं किया है।

भारत ने बांग्लादेश में अपने नागरिकों से हिंसा के मद्देनजर यात्रा से बचने को कहा

ढाका। भारत ने बांग्लादेश में हो रहे विरोध-प्रदर्शन के मद्देनजर यहां रहने वाले अपने नागरिकों के लिए बृहस्पतिवार को परामर्श जारी करते हुए कहा कि वे यात्रा करने से बचे और कम से कम बाहर निकलें। सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शनों में हिंसा फैलने से देशभर में कम से कम छह लोगों की जान जा चुकी है। हिंसा के कारण सरकार ने मंगलवार देर रात बांग्लादेश में सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों के साथ-साथ स्कूलों और कॉलेजों को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया तथा छात्रों से छात्रावास खाली करने को कहा गया। भारतीय उच्चायोग ने यहां एक बयान में कहा, बांग्लादेश में मौजूदा हालात को देखते हुए बांग्लादेश में रहने वाले भारतीय समुदाय के सदस्यों और भारतीय छात्रों को यात्रा से बचने और अपने निवास स्थान से बाहर कम से कम आवाजाही की सलाह दी जाती है। मिशन ने किसी भी सहायता के लिए 24 घंटे चालू रहने वाले कई आपातकालीन नंबर भी जारी किए है। उच्चायोग की वेबसाइट के अनुसार बांग्लादेश में लगभग सात हजार भारतीय है। ए झड़पें सोमवार को शुरू हुईं, जब सत्तारूढ़ अवामी लीग के छात्र मोर्चे के कार्यकर्ता प्रदर्शनकारियों के सामने आ गए। प्रदर्शनकारी इस बात पर जोर दे रहे थे कि मौजूदा आरक्षण व्यवस्था सरकारी सेवाओं में मेधावी छात्रों के नामांकन को काफी हद तक रोक रही है।प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ पार्टी की छात्र शाखा, बांग्लादेश छात्र लीग पर पुलिस के समर्थन से उनके शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन पर हमला करने का आरोप लगाया।छात्र प्रदर्शनकारियों ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रव्यापी बंद करने का निर्णय लिया है।

पाकिस्तान में फेसबुक और इंस्टाग्राम पर लगाई गईं बंदिशें

लाहौर। पाकिस्तान की सरकार ने सोशल मीडिया मंच एक्स को करीब छह महीने तक सफलतापूर्वक प्रतिबंधित रखने के बाद फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे मंचों को भी निशाना बनाया और आम लोगों तक इनकी पहुंच रोक दी है। सरकार के इस कदम को सोशल मीडिया पर पूर्ण रोक की योजना के तौर पर देखा जा रहा है। पाकिस्तान में बुधवार से फेसबुक और इंस्टाग्राम पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे उपयोगकर्ताओं को विभिन्न इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (आईएसपी) के सोशल मीडिया मंच तक पहुंच बनाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ उपयोगकर्ताओं को मेटा के स्वामित्व वाले अन्य ऐप, जैसे व्हाट्सऐप के साथ भी समस्याएं आ रही है।पाकिस्तान की सरकार ने आम जनता तक फेसबुक और इंस्टाग्राम की पहुंच रोकने के संबंध में अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। यह प्रतिबंध उच्च न्यायपालिका, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के बीच चल रही खींचतान के बीच लगाया गया है। माना जाता है कि पाकिस्तान में सरकार सेना चला रही है। मुख्यमंत्री मरयम नवाज के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने संघीय सरकार से छह से 11 मुहर्म (13 से 18 जुलाई) तक पंजाब प्रांत में सभी सोशल मीडिया मंच जैसे यूट्यूब, एक्स, व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिक्टॉक आदि पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया था ताकि पवित्र महीने के दौरान सांप्रदायिक हिंसा को उकसाने वाली घृणा सामग्री, गलत सूचना आदि को नियंत्रित किया जा सके। पंजाब प्रांत में पाकिस्तान की सबसे अधिक 12 करोड़ आबादी रहती है। दूरसंचार कंपनी नयाटेल ने बृहस्पतिवार को एक्स पर कहा, पिछले दो दिन से देश भर में सभी सेवा प्रदाताओं द्वारा मुहैया कराई जा रही फेसबुक और इंस्टाग्राम सेवाएं बाधित है। यह रुकावट पहले से ही अवरुद्ध ट्विटरएक्स के अतिरिक्त है।

बाइडन फिर कोविड-19 से संक्रमित हुए : व्हाइट हाउस

मिलवाउकी।अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन एक बार फिर कोविड-19 से संक्रमित हो गए हैं। हालांकि, उनमें संक्रमण के हल्के लक्षण हैं। व्हाइट हाउस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।इसके साथ, राष्ट्रपति चुनाव प्रचार के महत्वपूर्ण मोड़ पर उन्हें अपना अभियान रोकना पड़ा है। बाइडन (81) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मैं बीमार हूं। बाइडन बुधवार को कोविड-19 से संक्रमित हो गए जिसके कारण लास वेगास में उनका एक महत्वपूर्ण प्रचार अभियान बाधित हो गया। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने एक बयान में कहा, उन्हें कोविड-19 रोधी टीका लगा हुआ है और उन्होंने बूस्टर डोज भी ले रखी है। उनमें हल्के लक्षण नजर आ रहे हैं। बाइडन अपने आवास डेलावेयर लौट आए हैं, जहां वह एकांतवास में रहेंगे। हालांकि, इस दौरान वह अपने सभी दायित्वों का निर्वहन करेंगे। प्रेस सचिव ने कहा कि व्हाइट हाउस राष्ट्रपति की स्थिति के बारे में नियमित जानकारी उपलब्ध कराता रहेगा, क्योंकि वह एकांतवास में रहते हुए भी अपने कार्यालय के दायित्वों का निर्वहन जारी रखेंगे। व्हाइट हाउस ने कहा, बाइडन में हल्के लक्षण हैं। उनकी श्वसन दर 16, शरीर का तापमान 97.8 डिग्री फारेनहाइट और पल्स ऑक्सीमेट्री 97 प्रतिशत है, जिसे सामान्य माना जाता है।

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टॉर्मर का यूरोपीय संघ के साथ देश के बेहतर संबंध पर जोर

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने ब्रेक्जिट के बाद 27 देशों के समूह यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ संबंध बेहतर करने के लिए दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के ऑक्सफोर्डशायर में ईयू के नेताओं के साथ बैठक की। ब्रिटेन 2016 में ईयू से बाहर निकलने के पक्ष में जनमत संग्रह के बाद से इस समूह का सदस्य नहीं है। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल की जन्मस्थली ब्लेनहेम पैलेस में यूरोपीय राजनीतिक समुदाय (ईपीसी) की बैठक में स्टॉर्मर ने ब्रेक्जिट के बाद यूरोप के साथ देश के संबंधों के लिए एक नई दिशा निर्धारित करने पर जोर दिया ताकि अवैध प्रवासन और रूस-

यूक्रेन संघर्ष जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। कंजरवेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार की नीतियों से मौजूदा सरकार को अलग करते हुए, लेबर पार्टी के नेता स्टॉर्मर ने दोहराया कि रवांडा में अवैध प्रवासियों को निर्वासित करने की अव्यावहारिक योजना को रद्द कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिटेन कभी भी मानवाधिकारों पर यूरोपीय सम्मेलन (ईसीएचआर) से पीछे नहीं हटेगा। स्टॉर्मर ने कहा, ईपीसी की बैठक इस सरकार के यूरोप के प्रति नए दृष्टिकोण की शुरुआत करेगी, जिससे न केवल हमें अभी लाभ होगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ होगा। इसके तहत यूरोप में लोगों की तस्करी करने वाले नेटवर्क को खत्म करना, यूक्रेन में (रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर) पुतिन की बर्बर कार्वाइयों और पूरे यूरोप में अस्थिरता पैदा करने वाली गतिविधियों के खिलाफ खड़ा होना शामिल है।

दुबई में बच्चों को मिलेगा भरपूर मनोरंजन

दुबई। दुबई समर सरप्राइज (डीएसएस) ने एक और साल के लिए अद्भुत किड्स गो फ्री ऑफर लेकर वापस लाया है, जिससे परिवारों को सबसे किफायती अनुभवों के साथ गर्मी के मौसम का अधिकतम लाभ उठाने में मदद मिलती है। पूरे शहर में, परिवार अब दुबई के विश्वस्तरीय रिसॉर्ट्स, आकर्षण और मनोरंजन स्थलों में वॉलेट-फ्रेंडली स्टेकेशन्स और दिन की यात्राओं का आनंद ले सकते हैं। साल का सबसे बढ़िया समय बेहतरीन अनुभव पाने का है, परिवार गर्मियों में नई और रोमांचक चीजें करने के लिए उत्सुक हो सकते हैं। डीएसएस के हिस्से के रूप में दुबई फेस्टिवल्स एंड रिटेल इस्टैब्लिशमेंट (डीएफआई) द्वारा आयोजित, किड्स गो फ्री परिवारों को बेहतरीन कीमतों पर शहर का सबसे बेहतरीन अनुभव करने में मदद करता है। परिवार और भी अधिक बचत डीएसएस एंटरटेनर संस्करण के साथ पा सकते हैं, जो दुबई के सबसे अच्छे भोजन, आकर्षण, सुंदरता, और फिटनेस के लिए 7,000 से अधिक बाय-वन-गेट-वन-फ्री ऑफर खोलता है। परिवार शहर की प्रमुख मनोरंजन सुविधाओं और बच्चों के आकर्षण पर अनुमानित हजारों दिरहम की बचत का आनंद ले सकते हैं, बचत ऑफर के अधिकतम लाभ उठाने पर बढ़ती है। डीएसएस एंटरटेनर की कीमत एईडी 195 है, जिसमें विशेष ऑफर हर हफ्ते 1 सितंबर तक रोज़ाना रिडीम किए जा सकते हैं। साथ ही, उपयोगकर्ता इस पैकेज को तीन दोस्तों के साथ साझा कर सकते हैं। ऐसी बड़ी बचत का मतलब है कि सभी के पास अतिरिक्त मजा करने और खोजने के लिए और भी कारण हैं। दुबई समर सरप्राइज 2024 का समर्थन प्रमुख प्रायोजकों द्वारा किया गया है, जिसमें अल फुतैम (दुबई फेस्टिवल सिटी मॉल और दुबई फेस्टिवल प्लाजा), माजिद अल फुतैम (सिटी सेंटर डीरा, सिटी सेंटर मिर्दिफ, और मॉल ऑफ एमिरेट्स), दुबई होल्डिंग एसेट मैनेजमेंट (अल सैफ, ब्लूवॉटर्स, सिटी वॉक, द बीच, और द आउटलेट विलेज), मर्काटो शॉपिंग मॉल, मेरिक्स इन्वेस्टमेंट, नक़ील (इब्न बतूता, नक़ील मॉल, और द व्यू एट द पाम); साथ ही ए डब्ल्यू रोस्तमानी, एमिरेट्स एयरलाइंस, ईएनओसी, ईएंड, और तालाबत शामिल हैं।

मॉरीशस में भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन

पोर्ट लुई। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। जयशंकर 16 से 17 जून तक दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस में थे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ के साथ भारत के पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन दोनों देशों के बीच विशेष रूप से स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण क्षेत्र में घनिष्ठ सहयोग का प्रमाण है। सभी को सस्ती जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए जन औषधि केन्द्र स्थापित किए गए हैं। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री कुमार जगन्नाथ के साथ मॉरीशस में पहले विदेशी जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता हो रही है। यह औषधि केंद्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वादे के तहत शुरू किया गया है। उन्होंने कहा, भारत-मॉरीशस स्वास्थ्य साझेदारी परियोजना के तहत सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए किफायती, भारत में निर्मित दवाओं की आपूर्ति की जाएगी।

उर्सुला वॉन डेर होंगे यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष

भाषा। स्ट्रासबर्ग (फ्रांस)

यूरोपीय संसद के सांसदों ने बृहस्पतिवार को उर्सुला वॉन डेर लेएन को दूसरी बार पांच साल के लिए यूरोपीय संघ के कार्यकारी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुना। यूरोपीय संसद के अध्यक्ष रोबर्टा मेत्सोला ने परिणाम की घोषणा की। उर्सुला के फिर से चुने जाने से 27 देशों के इस समूह के नेतृत्व की निरंतरता सुनिश्चित हो गई है।पिछले महीने 720 सदस्ईय यूरोपीय संसद के चुनाव में धुर दक्षिणपंथियों की संख्या बढ़ने से यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष पद का चुनाव दिलचस्प हो गया था। वॉन डेर लेएन को कुल 707 मतों में से 401 मत मिले। उनकी उम्मीदवारी के खिलाफ 284 मत पड़े, 15 ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया और सात मत निरस्त कर दिए गए।लेएन ने उन्हें पद पर बनाए रखने के संबंध में यूरोपीय संसद में होने वाले मतदान से पहले संकट और ध्रुवीकरण के समय यूरोप के लिए एक मजबूत नेता बने रहने का संकल्प लिया था। पिछले पांच साल में लेएन ने कई संकटों से निपटने में यूरोपीय संघ का नेतृत्व किया है, जिनमें ब्रिटेन का यूरोपीय संघ से बाहर निकलना, कोविड-19 महामारी और रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला शामिल हैं। लेएन ने कहा, मैं अपने समाज में ध्रुवीकरण को कभी भी स्वीकार्य नहीं होने दूंगी।

ब्रिटेन सरकार ने कोविड के दौरान जनता को किया निराश : जांच रिपोर्ट

लंदन। बृहस्पतिवार को सामने आई एक स्वतंत्र सार्वजनिक जांच रिपोर्ट में कहा गया कि ब्रिटिश सरकार ने 2020 की शुरुआत में कोविड महामारी के प्रकोप के दौरान जनता को योजनाओं और प्रक्रियाओं से निराश किया। रिपोर्ट में भविष्य की असैन्य आपात स्थितियों के लिए आमूलचूल सुधार का आह्वान किया गया। यूके कोविड-10 इंक्वायरी द्वारा प्रकाशित की जाने वाली नौ रिपोर्टों में से पहली रिपोर्ट में, अध्यक्ष बैरोनेस हीथर हैलेट ने कहा कि सरकार ने गलत महामारी के लिए तैयारी की और भविष्य की असैन्य आपात स्थितियों के लिए तैयार रहने के लिए ब्रिटेन की संरचनाओं और प्रक्रियाओं में आमूलचूल सुधार का आह्वान किया। ब्रिटेन में आधिकारिक तौर पर 2023 के अंत तक कोविड-19 से 2,35,000 से अधिक मौत हुई और जांच रिपोर्ट में पाया गया है कि यदि देश इस घातक प्रकोप के लिए बेहतर तरीके से तैयार होता तो मौत के इन आंकड़ों से कुछ हद तक बचा जा सकता था। हैलेट ने कहा, किसी बीमारी के कारण इतनी मौत और इतनी पीड़ा कभी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा, मुझे इस निष्कर्ष पर पहुंचने में कोई संकोच नहीं है कि समूचे ब्रिटेन में नागरिक आकस्मिक संरचनाओं की प्रक्रिया, योजना और नीति ने सभी चार देशों के नागरिकों को निराश किया है। सरकार की ओर से गंभीर गलतियां हुई है और हमारी आपातकालीन प्रणालियों में गंभीर खामियां है। ऐसा दोबारा नहीं होने दिया जा सकता। प्रमुख सिफारिशों में प्रणालियों का मौलिक सरलीकरण, कम से कम हर तीन साल में ब्रिटेन-व्यापी महामारी प्रतिक्रिया अभ्यास आयोजित करना और संपूर्ण प्रणाली की तैयारी और प्रतिक्रिया के लिए जिम्मेदार एकल, स्वतंत्र वैधानिक निकाय का निर्माण करना शामिल है।

हूज़ योर गायनेक की शूटिंग शुरू

हालीवुड। अमेज़न मिनीटीवी ने अपने प्रशंसकों के प्रिय मेडिकल कॉमेडी-ड्रामा हूज़ योर गायनेक की वापसी की घोषणा करते हुए उत्साहित है। अपने पहले सीज़न की ज़बरदस्त सफलता के बाद, यह पसंदीदा सीरीज़ एक और अध्याय के साथ लौटने के लिए तैयार है, जिसमें और भी अधिक हास्य, ड्रामा, और दिल को छू लेने वाले क्षण शामिल होंगे, इसके बहुप्रतीक्षित दूसरे सीज़न की शूटिंग शुरू हो गई है। द वायरल फीवर द्वारा रचित और निर्मित, दूसरे सीज़न में सबा आज़ाद, करिश्मा सिंह, आरोन अर्जुन कौल, कुणाल ठाकुर और विभा छिब्बर जैसे कलाकार वापस आ रहे हैं। सबा आज़ाद ने विदुषी की भूमिका को दोबारा निभाने के बारे में अपनी उत्सुकता व्यक्त की, उन्होंने साझा किया,सीजन 1 के लिए हमें जो प्यार मिला वह अद्भुत था। मैं बहुत खुश हूँ कि हम विदुषी की कहानी को और आगे बता सकते हैं। मैं सीजन 2 में उसकी यात्रा के उतार-चढ़ाव को निभाने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। विदुषी के संघर्षों और सफलताओं के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वे कितनी वास्तविक और संबंधित हैं, मुझे लगता है कि हर कोई उसकी कहानी में खुद का थोड़ा सा हिस्सा देख सकेगा। हमारे प्रशंसकों से मिली अनुकंपा और समर्थन बहुत ही शानदार रहा है और हम इस नए सीजन के साथ उन्हें और भी हंसी, आंसू और यादगार पल लाने के लिए उत्साहित हैं।

यूक्रेन की सेना रूस के हमले के बाद एक और पूर्वी गांव से पीछे हटी

कीव। यूक्रेन की सेना पूर्वी दोनोत्सक क्षेत्र के उरोझाइन गांव से पीछे हट गई है और उसने एक अन्य अग्रिम मोर्चे पर भी आत्मसमर्पण कर दिया है। वहीं दूसरी ओर रूस की सेना लगातार हमले कर यूक्रेन की सुरक्षा दीवार को ध्वस्त कर रही है। स्थानीय स्तर पर लड़ रही थल सेना के प्रवक्ता नजर वोलोशिन ने एसोसिएटेड प्रेस को एक लिखित संदेश में बताया कि गांव मलबे में तब्दील हो गया है, जिससे वहां मोर्चे पर डटे रहना असंभव हो गया है। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि सेना कब पीछे हटी। रूस ने फरवरी 2022 में युद्ध के शुरुआती दिनों में उरोझाइन पर कब्जा कर लिया था। यूक्रेनी के सैनिकों ने लगभग एक साल पहले इसपर फिर से कब्जा कर लिया था। रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया था कि उसकी सेना ने कई दिन पहले इस गांव को फिर से अपने कब्जे में ले लिया था।

चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का अर्थव्यवस्था के लिए चिनफिंग का समर्थन

बीजिंग। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने बृहस्पतिवार को शीर्ष स्तरीय बैठक में देश की तकनीकी शक्ति के निर्माण और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से बनाई जाने वाली नीतियों का समर्थन किया। बैठक समाप्त होने पर जारी किए गए बयान में निर्णयों का केवल एक व्यापक सारांश दिया गया। अधिक विवरण कुछ दिनों बाद सामने आने की संभावना है। बैठक का एजेंडा ऐसे समय में आत्मनिर्भर आर्थिक विकास के लिए रणनीतियों पर केंद्रित था जब चीन को अत्याधुनिक कंप्यूटर चिप्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी उन्नत पश्चिमी प्रौद्योगिकी तक पहुंच पर कड़े प्रतिबंधों का सामना करना पड़ रहा है। विदेशी निवेशक और बाजार यह देखने के लिए नजर रख रहे थे कि पार्टी चीन के रियल एस्टेट क्षेत्र में मंदी और उपभोक्ताओं के डगमगाते विश्वास का मुकाबला करने के लिए क्या कर सकती है, जिसने कोविड-19 महामारी के बाद चीन की अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने में बाधा उत्पन्न की है। अप्रैल से जून तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर वार्षिक आधार पर धीमी होकर 4.7 प्रतिशत रह गई, क्योंकि परिवारों को आवास खरीदने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किए गए अनेक उपायों के बावजूद रियल एस्टेट और संपत्ति की बिक्री में निवेश में गिरावट जारी रही। सरकारी मीडिया में हाल की रिपोर्टों और पहले के सरकारी नीति वक्त

टी-20 में भारत की अगुआई करेंगे सूर्यकुमार

● रोहित और कोहली ने वनडे खेलने का फैसला किया

भाषा। नई दिल्ली

टीम :टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, रिंकू सिंह, रियान पराग, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, खलील अहमद और मोहम्मद सिराज।
एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, अर्शदीप सिंह, रियान पराग, अक्षर पटेल, खलील अहमद, हर्षित राणा।

आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को श्रीलंका के खिलाफ 27 जुलाई से शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला के लिए बृहस्पतिवार को भारतीय टी20 टीम का कप्तान बनाया गया जबकि एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अगले महीने इसी टीम के खिलाफ 50 ओवर की श्रृंखला के लिए स्वयं को उपलब्ध रखा है। शुभमन गिल को दोनों प्रारूपों की टीम का उप कप्तान बनाया गया है। टीम अगले सप्ताह की शुरुआत में दौरे के लिए रवाना होगी जिसके साथ नए मुख्य कोच गौतम गंभीर के तीन साल के कार्यकाल की शुरुआत होगी।विजय हजारे ट्रॉफी में सात अर्धशतक लगाने वाले रियान पराग और दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा एकदिवसीय टीम में दो नए चेहरे हैं। पिछले महीने टी20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत के बाद रोहित और कोहली के साथ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली है।लंबे समय से टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई कर रहे शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को उम्मीद के मुताबिक आराम दिया गया है। पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय 27 जुलाई को खेला जाएगा जबकि श्रृंखला के दो अन्य मैच 28 और 30 जुलाई को होंगे। सभी मुकाबले पाल्लेकल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मुकाबले दो, चार और सात अगस्त को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जाएंगे। तैंतीस साल के सूर्यकुमार को टी20 श्रृंखला के लिए कप्तानी की दौड़ में हार्दिक पंड्या पर तरजीह दी गई है जो टी20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत के दौरान टीम के उप कप्तान थे। स्टार ऑलराउंडर पंड्या की उम्र मुंबई के सूर्यकुमार से तीन साल कम है लेकिन वह चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और गौतम गंभीर दोनों की पहली पसंद नहीं हैं। पता चला है कि दोनों ने मंगलवार को इस मुद्दे पर पंड्या से बात की और उन्हें बताया कि दीर्घकालिक विकल्प के रूप में सूर्यकुमार के नाम पर विचार किया जा रहा है। पंड्या को टी20 टीम में जगह मिली है लेकिन निजी कारणों से उन्होंने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में नहीं खेलने का फैसला किया है। सूर्यकुमार ने इससे पूर्व पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में टीम की अगुआई की थी। भारत ने यह श्रृंखला 4-। से जीती थी। उनकी कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला।-। से बराबर रही थी।घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने के कारण राष्ट्रीय अनुबंध गंवाने के बावजूद श्रेयस अय्यर की लोकेश राहुल के साथ एकदिवसीय टीम में वापसी हुई है। राहुल ने पिछले साल स्वदेश में 50 ओवर में विश्व कप में विकेटकीपर-बल्लेबाज की भूमिका निभाई थी। अय्यर इस साल के आईपीएल चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान हैं जबकि गंभीर इस टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) थे। गंभीर को राहुल द्रविड़ की जगह भारतीय टीम का मुख्य कोच बनाया गया है। द्रविड़ का कार्यकाल टी20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत के साथ खत्म हो गया। रोहित के जोर देने के बावजूद द्रविड़ ने अनुबंध में विस्तार से इनकार कर दिया।

तैराक श्रीहरि नटराज की नजरें पेरिस ओलंपिक सेमीफाइनल पर

भाषा। नई दिल्ली

पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में आठ स्वर्ण समेत दस पदक जीतने वाले भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज 2017 से लगातार खेल रहे हैं और कड़े अभ्यास से थककर आखिर उन्हें कुछ समय का ब्रेक लेना पड़ा। नटराज ने पीटीआई से बातचीत में कहा , मुझे आराम की जरूरत थी क्योंकि 2023 सत्र काफी व्यस्त था जिसमें इतने सारे टूर्नामेंट थे। मुझे लगा कि अगर ब्रेक नहीं लिया तो शरीर टूट जाएगा। उन्होंने कहा , इससे चोट का भी डर रहता या अभ्यास की इच्छा ही मर जाती। शरीर पर काफी दबाव था लिहाजा मैंने कुछ समय का ब्रेक ले लिया। ब्रेक के बाद तरोताजा होकर 23 बरस के नटराज दूसरा ओलंपिक खेलने को तैयार हैं जिसमें वह सौ मीटर बैकस्ट्रोक में भाग लेंगे। यूनिवर्सिलिटी कोटा से ओलंपिक जा रहे नटराज ने तोक्यो ओलंपिक के लिए सरधे क्वालीफाई किया था। यूनिवर्सिलिटी कोटा के तहत जिस देश के तैराक सीधे क्वालीफाई नहीं कर सके हों , उनके सर्वोच्च रैंकिंग वाले दो तैराकों को ओलंपिक खेलने का मौका मिलता है। नटराज ने कहा , यह निराशाजनक था कि मैं सीधे क्वालीफाई नहीं कर सका लेकिन इसे लेकर चिंतित नहीं हूं। मुझे कोटा मिल गया है और अब या तो मैं अपने अभ्यास पर फोकस कर सकता हूं या इसका दुख मना सकता हूं कि मुझे सीधे क्वालीफिकेशन नहीं मिला। मैं अभ्यास पर फोकस कर रहा हूं। ब्रेक से लौटने के बाद उन्होंने स्पेन और फ्रांस में मेयर नोस्ट्रम मीट में दो रजत पदक जीते।

परिवार ही नहीं, पूरे गांव का अधूरा सपना सच करने खेलेंगे गाजीपुर के राजकुमार

नई दिल्ली। करीब तीन हजार की आबादी वाले करमपुर गांव से हॉकी स्टिक थामकर सैकड़ो लड़को ने ओलंपिक खेलने का सपना देखा लेकिन इसे पूरा करने का मौका सिर्फ राजकुमार पाल को मिला है और गाजीपुर के राजकुमार के नाम से मशहूर मिडफील्डर की ख्वाहिश पेरिस मे अच्छा प्रदर्शन करके हर एक अधूरे सपने को पूरा करने की है।वाराणसी से करीब 40 किलोमीटर दूर गाजीपुर के गांव करमपुर के मेघबरन स्टेडियम पर हॉकी का ककहरा सीखने वाले बच्चो के प्रेरणास्रोत बन गए है राजकुमार। एक ऐसा गांव जहां से 400 से अधिक लड़को को हॉकी के जरिए रोजगार तो मिला लेकिन भारत की नुमाइंदगी का मौका नही।

बॉयकॉट के गले के ट्यूमर को हटाने की सर्जरी हुई

लंदन। इंग्लैंड के महान क्रिकेटर सर ज्योफ्री बॉयकॉट के गले से ट्यूमर को हटाने के लिए सर्जरी की गई। यह जानकारी उनकी बेटी एम्मा ने दी।इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ने इससे पहले भी गले के ट्यूमर के लिए 2002 मे कीमोथेरेपी का सहारा लिया था। इस 83 साल के पूर्व दिग्गज को मई मे पता चला कि वह फिर से इस कैंसर की चपेट मे आ गए है। एम्मा ने बॉयकॉट के एक्स अकाउंट पर लिखा, सभी को यह बताना चाहती हूं कि मेरे पिता ज्योफ्री को गले के कैंसर को हटाने के लिए तीन घंटे के ऑपरेशन से गुजरना पड़ा। उनकी सर्जरी पूरी हो गई है।

जूनियर स्क्वाश में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे बावा और अनाहत

नई दिल्ली। शौर्य बावा और अनाहत सिंह ह्यूस्टन मे विश्व जूनियर स्क्वाश चैम्पियनशिप मे क्रमशः लड़को और लड़कियो की टीम स्पर्धाओ मे भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। बावा ने एक्ल मे कांस्य पदक जीता था, वह युवराज वाधवानी, अयान वाजिराल्ली और अरिहंत केएस के साथ गुरुवार से शुरू होने वाली लड़को की स्पर्धा मे हिस्सा लेंगे।एक्ल मे क्वार्टरफाइनल तक पहुंची राष्ट्रीय चैम्पियन अनाहत फिर महिलाओ की टीम स्पर्धा मे उन्नति त्रिपाठी, निरूपमा दुबे और शमीना रियाज के साथ मिलकर चुनौती पेश करेंगी। भारतीय लड़को का सामना पहले दौर मे कुवैत से होगा जबकि लड़कियां पहले दौर मे चीनी ताइपे से भिड़ेंगी।

चोटरानी, अंजलि को महाराष्ट्र ओपन स्क्वाश में शीर्ष वरीयता

मुंबई। वीर चोटरानी और अंजलि सेमवाल को 20 जुलाई से यहां शुरू होने वाले बॉम्बे जिमखाना 47वें महाराष्ट्र राज्य ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट मे क्रमशः पुरुष और महिला ड्रॉ मे शीर्ष वरीयता मिली है। राहुल बैठा को दूसरी वरीयता दी गई है जबकि महेश मनगांवकर और ओम सेमवाल पुरुष वर्ग मे संयुक्त रूप से तीसरी-चौथी वरीयता प्राप्त है।महिला वर्ग मे सुनीता पटेल को दूसरी वरीयता प्राप्त है और आराध्या पोरवाल तथा रानी गुप्ता को संयुक्त रूप से तीसरी-चौथी वरीयता मिली है।

विश्व सुपरबाइक में भाग लेने वाले पहले भारतीय बने क्विंटल

चेन्नई। राइडर केविन क्विंटल विश्व एसबीके एसएसपी300 प्रतियोगिता मे ऐतिहासिक पदार्पण करने को तैयार है जिससे वह विश्व सुपरबाइक चैम्पियनशिप मे भाग लेने वाले पहले भारतीय राइडर बन जाएंगे। आयरिश टीम 109 रेट्रो ट्रैफिक कावासाकी और इसकी प्रबंधन कंपनी गामन रेसिंग ग्लोबल सर्विस ने क्विंटल को यह मौका मुहैया कराया जिससे उनकी एसएसपी प्रतियोगिता मे चौथे दौर के लिए प्रविष्टि स्वीकार ली गई।

ओडिशा एफसी का सामना जोर्डन और सिंगापुर के क्लबों से

नई दिल्ली। भारतीय क्लब ओडिशा एफसी को 2024-25 एएफसी महिला चैम्पियंस लीग फुटबॉल मे जोर्डन के एतिहाद क्लब और सिंगापुर के लायन सिटी सेलर्स एफसी के साथ प्रारंभिक चरण मे ग्रुप बी मे रखा गया है। इंडियन वुमैंस लीग 2023-24 चैम्पियन ओडिशा एफसी प्रारंभिक चरण के लिए जोर्डन जाएगी जहां 25 से 31 अगस्त तक मुकाबले खेले जाएंगे। प्रारंभिक दौर मे 13 टीमें भाग लेगी जिन्हे चार टीमो के एक और तीन तीन टीमो के तीन समूहो मे बांटा गया है। चारो ग्रुप विजेता 12 टीमो के ग्रुप चरण मे खेलेंगे ।

पेरिस में स्वर्ण पदक जीतने के लिए सर्वश्रेष्ठ करूंगी : सिंधू

भाषा। नई दिल्ली।

शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने कहा कि वह पेरिस में तीसरा व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी जिसके लिए वह अतीत के अनुभव से फायदा उठाना चाहेंगी। सिंधू की निगाहें आगामी ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने पर लगी हैं जिससे वह इतिहास रच सकती हैं क्योंकि उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में रजत और 2020 तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। जियो सिनेमा के द ड्रीमर्स पर बातचीत के दौरान सिंधू ने पेरिस में इतिहास रचने पर ध्यान लगाने के बारे में बात की। हालांकि इस भारतीय स्टार के लिए यह काफी मुश्किल होगा। सिंधू ने कहा, पेरिस में तीसरा पदक जीतने के बारे में सोचने की बात निश्चित रूप से मुझे प्रेरित करती है और मैं स्वर्ण पदक जीतने के लिए अथक प्रयास करूंगी। मेरे लिए ओलंपिक ऐसे खेल हैं जिसमें मैं अपना 200 प्रतिशत देती हूं। उन्होंने कहा, यह यात्रा 2016 में और 2020 में शानदार रही है जिसमें काफी अथक प्रयास रहे और ऐसे पल रहे जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता। सिंधू ने कहा, पेरिस 2024 के लिए तैयारी नई शुरूआत है और कुछ भी हो, मुझे अपना शत प्रतिशत देना होगा। विश्व रैंकिंग की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल सिंधू ने कहा, ओलंपिक में पिछले प्रदर्शन का काफी अनुभव मेरे पास है जिससे मैं पेरिस 2024 में मदद लूंगी लेकिन मैं पदकों के बारे में सोच सोचकर अतिआत्मविश्वासी नहीं होना चाहती। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं देश की उम्मीदों को पूरा कर सकती हूं और तीसरा पदक जीता।

प्रणय की कोशिश खेल की गति बढ़ाने पर

नई दिल्ली। हाल ही मे चिकनगुनिया की चपेट मे आने वाले अनुभवी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियो मे कोई कसर नही छोड़ना चाहते है और अपने कोच तथा पूर्व खिलाड़ी आरएमवी गुरुसाईदत्त की देखरेख मे खेल की गति को बढ़ाने पर ध्यान दे रहे है। प्रणय पिछले कुछ समय के लगातार बीमारियो की चपेट मे रहे है। थॉमस कप विजेता की के इस अहम सदस्य को पेट की गंभीर बीमारी के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहना पड़ा था। इसके बाद पीठ की चोट ने उन्हे परेशान किया और फिर चिकनगुनिया के कारण उन्हे एक सप्ताह तक विश्राम करना पड़ा। गुरुसाईदत्त ने पीटीआई-भाषा से कहा, ऑस्ट्रेलिया ओपन के बाद हमने जो तैयारियां शुरू की थी, वे सही रास्ते पर है, हम सही रास्ते पर है। उन्होने कहा, इस यात्रा मे प्रणय के बारे मे सबसे अच्छी बात यह है कि भले ही वह संघर्ष कर रहा था लेकिन अभ्यास मे कोई कोताही नही बरत रहा था और अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहा था। उसे मुश्किल परिस्थितियो का सामना करना पड़ा इसलिए को बनाए रखना आसान नही था। गुरुसाईदत्त हालांकि इस बात को लेकर आश्वस्त है कि चिकनगुनिया से पीड़ित होने के बावजूद प्रणय के अभ्यास दिनचर्या मे मे ज्यादा बदलाव नही आई है। उन्होने कहा, वह उस तरह का खिलाड़ी है जो बड़े मौको पर दमदार प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। उसने पिछले तीन-चार वर्षो मे कई बार ऐसा किया है। एक कोच के रूप मे मुझे और गोपी सर (राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद) को उन पर भरोसा है।

देवी प्रिया के छह गोल से मणिपुर ने असम को रौंदा

कोलकाता। देवी मुतुम प्रिया की छह गोल की मदद से मणिपुर हॉकी ने गुरुवार को यहां द्वितीय हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष और महिला पूर्वी क्षेत्र चैंपियनशिप के महिला वर्ग के मैच में असम हॉकी के खिलाफ 12-0 से एकतरफा जीत दर्ज की। देवी ने मैच के दूसरे, चौथे, सातवें, 26वें, 36वें और 59वें मिनट में गोल दागे। मैच में रीना कोइजम (20वें), तनु शोरेन्सांगबाम (32, 57वें), चानू लीशांगथेम नताली (42, 58वें) और देवी लैशराम रितु (51वें) ने भी विजई टीम के लिए गोल किए। हॉकी झारखंड ने हॉकी बिहार को 10-0 से हराया। झारखंड की टीम के लिए मुंडु सुकरमणि ने तीन जबकि रोशनी अइंद, कुमारी शांति और कप्तान रजनी करकेट्टा ने दो-दो गोल किए। सलोमी नाग ने एक गोल किया।

रीतिका हुड्डा को कोच के लिए वीजा हासिल करने में हो रही परेशान

● आईओए के सिफारिश पत्र का इंतजार

नई दिल्ली। ऐसे समय में जब पहलवान रीतिका हुड्डा को सिर्फ अपनी ओलंपिक तैयारियों पर ध्यान लगाना चाहिए तब हरियाणा की इस पहलवान को अपने कोच मंदीप के लिए वीजा की व्यवस्था करने के लिए आईओए अधिकारियों से गुहार लगानी पड़ रही है क्योंकि वह स्वीकृत सहयोगी स्टाफ की सूची में शामिल नहीं हैं। रीतिका 76 किग्रा हैवीवेट वर्ग में क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान हैं। देश की पहली महिला अंडर-23 विश्व चैम्पियन रीतिका ने मई में भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से अपने कोच और फिजियो को अपने साथ यात्रा करने की अनुमति देने का अनुरोध किया था। उन्होंने जून में भारतीय कुश्ती महासंघ को भी इसी तरह का एक ईमेल भेजा था।वहीं पांच क्वालीफाई करने वाले पहलवानों के कोच को साथ ले जाने के अनुरोध को मंजूरी दे दी गई है जबकि रीतिका के कोच को अनुमति नहीं मिली।रीतिका ने पीटीआई से कहा, मुझे यह देखकर हैरानी हुई कि सभी को निजी कोच के साथ यात्रा करने की अनुमति दी गई है। अंतिम (पंघाल) के दोनों कोच को जाने की मंजूरी दे दी गई जबकि मुझे एक भी कोच नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा, जब मैंने आवेदन किया था, उसके कुछ दिनों बाद मुझे बताया गया कि किसी को भी निजी कोच के साथ यात्रा करने की अनुमति नहीं दी जा रही है। लेकिन अब मैं देख रही हूं कि मुझे छोड़कर सभी को अनुमति दी गई है।

पेरिस पुलिस ने ओलंपिक उद्घाटन समारोह से पहले सीन नदी को सील किया

पेरिस। सीन नदी के किनारे ओलंपिक आतंकवादी विरोधी इंतजामों की शुरुआत के साथ गुरुवार को मध्य पेरिस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू कर दी गई जिसके चलते पहले से पास के लिए आवेदन नहीं करने वाले पेरिसवासियों और पर्यटकों के लिए कई किलोमीटर लंबा क्षेत्र सील कर दिया गया। कई लोगों की जुबान पर क्यूआर कोड शब्द थे। यह वह पास है जो 26 जुलाई को होने वाले ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह की सुरक्षा के लिए स्थापित सुरक्षा घेरे में लगाए गए धातु अवरोधों के पार जाने की स्वीकृति देता है। जिन लोगों के पास फोन पर या कागज के टुकड़ों पर यह कीमती कोड था वे धातु अवरोधों के बीच विभिन्न अंतराल पर बनी पुलिस चौकियों से आसानी से गुजर गए।

महिला एशिया कप : आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारत का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से

दाम्बुला। गत चैम्पियन भारतीय महिला क्रिकेट टीम एशिया कप के पहले मैच में शुक्रवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से खेलेगी और अक्टूबर में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिए इस टूर्नामेंट को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हरमनप्रीत की कप्तानी वाली भारतीय टीम का एशिया कप में दबदबा रहा है जिसने चार में से तीन टी20 खिताब और चारों बार 50 ओवरों के प्रारूप में जीत दर्ज की है। महिला एशिया कप टी20 टूर्नामेंट में भारत ने 20 में से 17 मैच जीते हैं। उसने 2022 में फाइनल में बांग्लादेश को हराया था। पाकिस्तान के खिलाफ भारत ने इस टूर्नामेंट में 14 मैचों में 11 जीत दर्ज की है और हरमनप्रीत कौर का लक्ष्य इस सिलसिले को आगे बढाने का होगा। इस महीने कर शुरूआत में भारत ने दक्षिण अफ्रीका से।.। से ड्रॉ खेला जबकि तीन टी20 मैचों में से दूसरा बारिश में धुल गया। पाकिस्तान का मनोबल गिरा हुआ होगा जिसे मई में इंग्लैंड ने 3 . 0 से हराया था। भारत के लिए सबसे अच्छी बात स्मृति मंधाना का शानदार फॉर्म है और हाल ही में गेंदबाजों ने एक ईकाई के रूप में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

एशिया कप में प्रतिद्वंद्वी टीमों पर दबदबा बनाना चाहेगा भारतः हरमनप्रीत

दाम्बुला (श्रीलंका)। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने गुरुवार को कहा कि उपमहाद्वीप में टीमों पर दबदबा जारी रखने की मुहिम में वे महिला एशिया कप के मंच का इस्तेमाल आगामी टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए करेंगी। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट शुक्रवार से इस साल टी20 प्रारूप में आयोजित होगा जिसमें भारत का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा। बांग्लादेश इस साल के अंत में विश्व कप की मेजबानी करेगा। भारत ने 2004 से शुरू हुए इस टूर्नामेंट के सभी सात चरण (टी20 और वनडे मिलाकर) में ट्रॉफी जीतकर दबदबा बनाया है। यह टूर्नामेंट हम सभी के लिए काफी अहम है क्योंकि हम इस टूर्नामेंट को समान रूप से सम्मान देते हैं ।

भारत फीफा रैंकिंग में 124वें स्थान पर

अर्जेंटीना ने शीर्ष स्थान मजबूत किया

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय फुटबॉल टीम गुरुवार को जारी फीफा पुरुष रैंकिंग में 124वें स्थान पर बरकरार है जबकि मौजूदा विश्व चैम्पियन और कोपा अमेरिका विजेता अर्जेंटीना ने अपना शीर्ष स्थान मजबूत किया। जून में जारी फीफा रैंकिंग में भारतीय पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम सूची में तीन पायदान खिसक गई थी। ऐसा उसके कतर और अफगानिस्तान से 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर के लिए क्वालीफाई करने में विफल होने के कारण हुआ था। पिछले साल दिसंबर से भारत का रैंकिंग में खिसकना जारी है। भारतीय टीम पिछले साल शीर्ष 100 में पहुंची थी जिसमें उसकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 99 रही थी। लेकिन इसके बाद से उसका खिसकना जारी है। एशिया में भारत 22वें स्थान पर बरकरार है जिसमें वह लेबनान, फलस्तीन और वियतनाम से पीछे है। अर्जेंटीना ने सफलतापूर्वक कोपा अमेरिका खिताब बरकरार रखने के बाद रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पकड़ मजबूत कर ली है। फ्रांस (दूसरी रैंकिंग) यूरो 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दूसरे स्थान पर है।

मेरे पास कौशल था, लेकिन गौतम भाई ने केकेआर में मेरी मानसिकता बदल दीः हर्षित

नई दिल्ली। हर्षित राणा को जब पहली बार भारतीय वनडे टीम मे शामिल करने की खबर पता चली जिसमे विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज मौजूद है तो उनके मुंह से यही शब्द निकले, दिल्ली मे दिल टूट सकता है, पर हमने कभी हौसला नही हारा। दिल्ली के साउथ एक्सटेशन के 22 वर्षीय तेज गेंदबाज हर्षित ने जूनियर स्तर से ही कड़ी मेहनत की लेकिन अकसर नजरअंदाज कर दिए जाते। पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के इस आईपीएल सत्र मे विजई अभियान मे 19 विकेट लेने से वह राष्ट्रीय टीम मे जगह बनाने मे सफल रहे। हर्षित ने कहा, मै कड़ी मेहनत करने मे विश्वास करता हूं लेकिन जब भी आयु ग्रुप की टीम मे मेरी अनदेखी होती तो मेरा दिल टूट जाता और मै अपने कमरे मे बैठकर रोता था। मेरे पिता प्रदीप ने कभी उम्मीद नही छोड़ी।

एनडीबीजी ने रोमांचक मैच में लाइफकेयर 22 रन से दी शिकस्त

लखनऊ। मैन ऑफ द मैच अखिलेश यादव 63 के उम्दा अर्धशतक के बाद उपयोगी गेंदबाजी से एनडीबीजी क्लब ने पांचवीं श्रीपाल सिंह स्मारक टी20 नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में लाइफकेयर क्लब को रोमांचक मुकाबले में 22 रन से हराया। पार्थ रिपब्लिक ग्राउंड पर एनडीबीजी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 4 विकेट पर 152 रन का स्कोर बनाया। अखिलेश यादव ने 44 गेंदों पर 5 चौके व 2 छक्के से 63 रन बनाते हुए अर्धशतक पूरा किया।अभिषेक ने 28ए संजय व मनदीप सिंह ने 16.16 एवं अंकित तलवार ने नाबाद 14 रन का योगदान किया। लाइफकेयर क्लब से अतुल सिंह, धर्मेंद्र कुमार, अजय व पिंटू गौतम को 1-1 विकेट मिले। जवाब में लाइफकेयर 19ए3 ओवर में 130 रन ही बना सका और जीत से 22 रन दूर रह गया।अनिल सिंह 38 आदित्य सिंह 16 अतुल सिंह 16और अभिषेक मिश्रा 14 ने पूरी कोशिश की लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। एनडीबीजी से आजाद प्रताप सिंहए मनीष मिश्रा व संजय ने 2.2 विकेट चटकाए। मनदीप सिंह, अंकित शर्मा व नदीम खान को 1.1 विकेट मिले।

क्विक न्यूज

मांडविया प्रतिभा पहचान कार्यक्रम के दूसरे चरण का शुक्रवार को उद्घाटन करेंगे

नई दिल्ली। पेरिस ओलंपिक को लेकर खेलो की चर्चा के बीच केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया शुक्रवार को यहां सरकार के महत्वाकांक्षी खेलो इंडिया उदीयमान प्रतिभा पहचान (कीर्ति) कार्यक्रम के दूसरे चरण का उद्घाटन करेंगे। कीर्ति का पहला चरण मांडविया से पहले खेलमंत्री रहे अनुराग ठाकुर द्वारा 12 मार्च को चंडीगढ़ मे लॉन्च किया था। कीर्ति का लक्ष्य अधिसूचित प्रतिभा मूल्यांकन केंद्रो के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियो की पहचान करने के लिए पूरे वर्ष मे देश भर मे 20 लाख मूल्यांकन करना है। यह अपने पैमाने का देश की सबसे बड़ी प्रतिभा पहचान और मूल्यांकन कार्यक्रम है। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक कीर्ति की सबसे बड़ी खासियत सूचना प्रौद्योगिकी पर आधारित पारदर्शी चयन है।विज्ञप्ति के मुताबिक महत्वाकांक्षी खिलाड़ी के खेल कौशल का अनुमान लगाने के लिए कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) पर आधारित डेटा एनालिटिक्स का उपयोग किया जा रहा है। इसके पहले चरण मे 70 केंद्रो पर 3,62,683 पंजीकरणो मे से, 28 राज्यो और केंद्र शासित प्रदेशो मे लगभग 51,000 मूल्यांकन किए गए है।

बैजबॉल की वापसीः इंग्लैंड ने सिर्फ 4.2 ओवर में सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया

नॉटिंघम। इंग्लैंड ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखते हुए गुरुवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज के खिलाफ सिर्फ 4.2 ओवर मे सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड बनाया। सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (नाबाद 33 रन, 14 गेंद) और ओली पोप (नाबाद 16 रन, नौ गेंद) ने मिलकर 10 चौके लगाए जिससे इंग्लैंड ने 1994 मे द ओवल मे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4.3 ओवर मे अर्धशतक के अपने ही रिकॉर्ड मे सुधार किया। सबसे तेज टीम अर्धशतक की सूची मे पहले तीन स्थान पर इंग्लैंड काबिज है। इंग्लैंड ने 2002 मे श्रीलंका के खिलाफ मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मे भी पांच ओवर मे तीसरा सबसे तेज अर्धशतक जड़ा था। श्रीलंका इस सूची मे चौथे स्थान पर है जिसने 2004 मे कराची मे पाकिस्तान के खिलाफ 5.2 ओवर मे अर्धशतक पूरा किया था। भारत दो बार 5.3 ओवर मे अर्धशतक पूरा करके इस सूची मे पांचवे स्थान पर है। टीम इंडिया ने 2008 मे चेन्नई मे इंग्लैंड और 2023 मे पोर्ट ऑफ स्पेन मे वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की।

रॉयल गरिल्ला देगा रफ्तार को रोमांच

बेंगलुरू। रॉयल एनफील्ड ने प्रीमियम आधुनिक रोडस्टर - रॉयल एनफील्ड गरिल्ला 450 लॉन्च किया, जो रोडस्टर्स और सड़कों को हमेशा के लिए बदल देगा। यह मोटरसाइकिल विश्व को एहसास कराएगी कि रोडस्टर वास्तव में क्या होते हैं रॉ, रिस्पॉन्सिव और विसरल राइडिंग अनुभव के लिए बनाई गई गरिल्ला 450 एक शक्तिशाली, बहुउपयोगी और उन्नत मोटरसाइकिल है गरिल्ला 450 के बारे में आयशर मोटर्स लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, सिद्धार्थ लाल ने कहा, गरिल्ला 450 हमारे नजरिए का आधुनिक रोडस्टर्स है, और इसका विकास जिस तरह हुआ, उससे हमें बहुत खुशी मिली। इस मोटरसाइकिल की मशीन कैरेक्टरफुल, अत्यधिक उन्नत है, यह परफॉर्मेंस, बहुमुखी गुण, और आत्मविश्वास बढ़ाने वाली हैंडलिंग प्रदान करती है। इसे उसी प्लेटफ़ॉर्म पर बनाया गया है, जिस पर हिमालयन बनी है। लेकिन इसे रोडस्टर की परफॉर्मेंस के लिए ट्यून किया गया है। इसलिए इसकी राइडिंग सबसे अलग और रोमांचक है। गरिल्ला वही है, जो हमेशा से रोडस्टर होते हैं। यह सुपर रिस्पॉन्सिव है और इसे दैनिक गति पर चलाने का अनुभव बहुत अच्छा है, और उतना ही आनंददायक इसे पूरी गति पर चलाना है। भारत में बुकिंग2,39,000 रुपये के शुरुआती मूल्य से शुरू हो गई है। इसकी टेस्ट राइड और रिटेल बिक्री 1 अगस्त, 2024 से शुरू होगी। सीईओ, बी गोविंदराजन ने कहा, गरिल्ला 450 एक खूबसूरत और गेम चेंजिंग रोडस्टर है। जब हमने शेरपा 450 प्लेटफॉर्म शुरू किया था, तब हमने एक एडवेंचर टूरर और एक बेहतरीन रोडस्टर की कल्पना की थी, जो एक खास रॉयल एनफील्ड होगी।

कम्युनिटी डे में ट्रेनरों को मिलेगा मौका

लखनऊ। हम जुलाई 2024 में होने वाले पोकेमॉन गो कम्युनिटी डे की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं, जो रविवार, 21 जुलाई 2024 को आयोजित किया जाएगा। इस कम्युनिटी डे के दौरान, अपने आस-पास के ट्रेनरों के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर करें, जिसमें लकवारा को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा। हमारे कम्युनिटी डे मीट-अप रविवार, 21 जुलाई 2024 को स्थानीय समय अनुसार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होंगे। वर्चुअल ट्रेनर मीटअप भारत के 25 शहरों में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नई दिल्ली का लोधी गार्डन, टैगोर गार्डन में पैसिफिक मॉल और जापानी पार्क उर्फ स्वर्ण जयंती पार्क, मुंबई का जॉगर्स पार्क, नवी मुंबई का मदर टेरेसा गार्डन, पुणे का सारसबाग और विमान नगर में फीनिक्स मार्केटसिटी मॉल, गुरुग्राम का एबिएंस मॉल, जयपुर का जवाहर सर्कल, भुवनेश्वर का खारवेला पार्क, बेंगलुरु का गोपालन सिग्नेचर मॉल, कब्बन पार्क, मुरुगेश पाल्या और स्पाइस गार्डन, कानपुर का कारगिल पार्क, चंडीगढ़ का जाकिर हुसैन रोज़ गार्डन, अगरतला का चिल्ड्रन पार्क, बर्धमान का मालिर मठ, वडोदरा का कामतीबाग, इंदौर का लालबाग गार्डन, कोलक